CMYK

अधिकतम :37°C
न्यूनतम: 22°C
तापमान

सेंसेक्स 82,330.59
निफ्टी 25,019.80

सोना 95,780
चांदी 97,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, रविवार 18 मई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 197 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 19 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




## ट्रम्प के प्रवासियों को निकालने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर की शानदार छलांग लगाई

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# जमीनी हकीकत नजरअंदाज नहीं कर सकते जज: गवई

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सीजेआई ने बार काउंसिल के इवेंट में कहा: न्यायपालिका का लोगों से दूरी बनाए रखना असरदार नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के नव-नियुक्त सीजेआई बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि जज जमीनी हकीकत को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। वे बीसीआई के सम्मान समारोह में बोल रहे थे।

इस दौरान सीजेआई गवई ने सामाजिक वास्तविकताओं को समझने और उनका जवाब देने में जजों की भूमिका पर जोर दिया। सीजेआई गवई ने कहा कि आज की न्यायपालिका मानवीय अनुभवों की जटिलताओं को नजरअंदाज करते हुए कानूनी मामलों को सख्त काले और सफेद शब्दों में देखने का जोखिम नहीं उठा सकती। सीजेआई ने इस बात पर जोर दिया कि न्यायपालिका में लोगों से दूरी रखना असरदार नहीं है। उन्होंने इस धारणा को खारिज कर दिया कि सुप्रीम कोर्ट के जजों को लोगों से जुड़ने से बचना चाहिए। सीजेआई गवई ने जज का पद मिलने की अपनी शुरुआती हिचकिचाहट के बारे में भी बताया। उनके पिता ने उनसे कहा था कि वकील के रूप में काम करना आर्थिक समृद्धि लाएगा, लेकिन संवैधानिक न्यायालय में जज के रूप में सेवा करने से उन्हें डा. बीआर अंबेडकर के सामाजिक और आर्थिक न्याय के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा। अपने पिता की सलाह मानते हुए सीजेआई गवई ने हाईकोर्ट जज के रूप में अपने 22 साल के कार्यकाल और सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में छह साल के कार्यकाल पर संतोष जताया।



## सुप्रीम कोर्ट में 26 मई से आंशिक कार्य दिवस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने 'आंशिक कार्य दिवस' (पहले ग्रीष्मकालीन अवकाश) के दौरान मामलों की सुनवाई के लिए 21 पीठों को नामित किया है। शीर्ष अदालत ने एक अधिसूचना जारी कर इसकी घोषणा की है। उसके अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को उन पीठों को अधिसूचित किया, जो 26 मई से 13 जुलाई, 2025 तक आंशिक कार्य दिवसों (गर्मी की छुट्टियों) के दौरान सुनवाई करेंगी। शीर्ष अदालत में 14 जुलाई, 2025 से फिर से नियमित कामकाज शुरू होगा। अधिसूचना में कहा गया है कि 26 मई से एक जून के दौरान पांच पीठ सुनवाई करेंगी।

# देश के लिए वरदान होगा इसरो का नया मिशन

चेन्नई, वार्ता

**पीएसएलवी- सी**61/ईओएस-09 मिशन के रविवार (आज) को होने वाले प्रक्षेपण के लिए 22 घंटे की उल्टी गिनती शनिवार सुबह शुरू हो गई।

यह मिशन पृथ्वी अवलोकन क्षमताओं को बढ़ाएगा और विशेष रूप से भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों की उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाली रडार इमेजरी प्रदान करेगा। भारतीय अंतरिक्ष संस्थान (इसरो) ने कहा कि उल्टी गिनती शनिवार सुबह 7:59 बजे शुरू हुई और सुचारू रूप से आगे बढ़ रही है। गौरतलब है कि यह इसरो का 101वां मिशन है। 321 टन भार उठाने वाला चार चरणों वाला 44.5 मीटर लंबा पीएसएलवी-सी61 अपनी 63वीं उड़ान में रविवार सुबह 5:59 बजे श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से प्रथम लॉन्च पैड से पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-09 (जिसका वजन 1,692.24 किलोग्राम है) लेकर उड़ान भरेगा। उल्टी गिनती के दौरान इसरो के चार-चरणीय और विश्वसनीय वाहन में प्रणोदक भरने का काम किया गया। यह मिशन इसलिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह भारत-पाकिस्तान तनाव और ऑपरेशन सिंदूर के बीच भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी को बढ़ावा देगा। इसरो ने कहा कि भारत अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम के 101वें मिशन के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने के लिए तैयार है। मिशन पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को लगभग 549 किलोमीटर की ऊंचाई पर सूर्य तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा (एसएसपीओ) में स्थापित करेगा। यह छह स्ट्रैप-ऑन मोटर्स के साथ पीएसएलवी-एक्सएल कॉन्फ़िगरेशन का 27वां संस्करण है और यह मिशन पेलोड और कक्षाओं की एक विस्तृत श्रृंखला में विश्वसनीय प्रदर्शन देने के पीएसएलवी के रिकॉर्ड को जारी रखता है।



■ पीएसएलवी- सी 61/ईओएस-9 मिशन के लिए उल्टी गिनती शुरू

## दुनिया को भारत के कड़े रुख का संदेश देंगे सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली।** विभिन्न दलों के सांसदों के नेतृत्व में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया को आतंकवाद को बिल्कुल भी बर्दाश्त न करने का भारत का कड़ा संदेश देने के लिए विभिन्न देशों में जाएंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजु ने शनिवार को यह जानकारी दी। इन सात प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व शशि थरूर, कांग्रेस, रविशंकर प्रसाद, भाजपा, संजय कुमार झा, जदयू, बैजयंत पांडा, भाजपा, कनिमोझी करुणानिधि, डीएमके, सुप्रिया सुले, एनसीपी और श्रीकांत एकनाथ शिंदे, शिवसेना करेंगे। श्री रिजिजू ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की निरंतर लड़ाई के संदर्भ में, सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करने वाले हैं।

## कांग्रेस ने बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के लिए चार सांसदों के नाम सरकार को भेजे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का पक्ष दुनिया के सामने रखने के लिए विदेश भेजे जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल करने के लिए अपने चार सांसदों के नाम सरकार को भेज दिए हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने यह जानकारी देते हुए बताया की पार्टी ने लोकसभा और राज्यसभा से दो-दो सदस्यों के नाम इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने के लिए भेजे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जिन सांसदों के नाम प्रतिनिधिमंडल के लिए भेजे हैं, उनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा, लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई, राज्यसभा सांसद डा. सैयद नसीर हुसैन तथा राजा बरार शामिल हैं। शुक्रवार को सुबह संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बात कर कांग्रेस से पाकिस्तान से आतंकवाद पर भारत के रुख को स्पष्ट करने के लिए विदेश भेजे जाने वाले प्रतिनिधिमंडलों के लिए पार्टी के चार सांसदों के नाम देने का आग्रह किया था।

# देशद्रोह:जासूस यूट्यूबर ज्योति गिरफ्तार

## पाक को ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी जानकारी देने का आरोप

हिसार, वार्ता

**पाकिस्तान के** लिए जासूसी करने के आरोप में हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने पांच और अन्य आरोपियों को भी पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

ज्योति पर आरोप है कि उसने भारत के सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' और सेना से जुड़ी कई गुप्त जानकारियां पाकिस्तान को भेजी थीं. पूछताछ में ज्योति ने स्वीकार किया कि वह पाकिस्तानी इंटेलिजेंस ऑपरेटिव से भी संपर्क में थी। हिसार पुलिस ने शनिवार को ज्योति को न्यायालय में पेश किया, जहां उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 15 मई को उपाधीक्षक जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने ज्योति को उसके घर से गिरफ्तार किया। खुफिया ब्यूरो की टीम ज्योति से पूछताछ कर रही है। हिसार पुलिस के मुताबिक, ज्योति पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों के संपर्क में थी। वह सोशल मीडिया के माध्यम से भारत की गोपनीय जानकारी भेज रही -शेष पृष्ठ दो पर



■ पुलिस ने ज्योति सहित छह लोगों को भारतीय सेना से जुड़ी जानकारी देने के मामले में किया गिरफ्तार

### पाकिस्तानी अफसर दानिश से बात करती आई थी नजर

**नई दिल्ली।** ज्योति मल्होत्रा, ये वो नाम है, जो हरियाणा में काफी मशहूर था, लेकिन अब ये नाम देशभर में सुर्खियों में छा गया है। एक वीडियो सामने आया है, जिसमें ज्योति मल्होत्रा दिल्ली में पाकिस्तान एंबेसी के अधिकारी दानिश से बात करती नजर आ रही है। ये वीडियो पिछले साल 28 मार्च 2024 को दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में स्थित पाक एंबेसी में पाकिस्तान नेशनल डे पर इफ्तार पार्टी का है।

### पाक के नेशनल डे पर भी पहुंची थी ज्योति

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के लोगों से ज्योति मल्होत्रा की करीबी का आलम ये था कि उसे पाकिस्तान के नेशनल डे पर पाकिस्तान हाई कमीशन में निमंत्रित किया गया था। इसका एक वीडियो भी उसने अपने यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किया था, जिसमें वह पाकिस्तान हाई कमीशन के अधिकारियों और उनके परिवार के लोगों से भी बेहद घुलमिलकर बातचीत करती नजर आ रही है। ज्योति ने एक पाकिस्तानी अधिकारी के साथ हाल ही में इंडोनेशिया के बाली द्वीप की यात्रा भी की थी।

## कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की एसआईए ने संदिग्ध आतंकी गतिविधियों पर चल रही कार्रवाई के तहत कई स्थानों पर छापेमारी की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मध्य और उत्तरी कश्मीर के जिलों में चल रही छापेमारी क्षेत्र में संदिग्ध आतंकी गतिविधियों पर चल रही कार्रवाई का हिस्सा है। यह घटनाक्रम एसआईए द्वारा 11 मई को दक्षिण कश्मीर में लगभग 20 स्थानों, विशेष रूप से पुलवामा, शोपियां, कुलगाम और अनंतनाग जिलों में हाल ही में मारे गए छापों के बाद हुआ है। पहले की ये छापेमारी आतंकी साजिश मामले की एक उच्च-दांव जांच का हिस्सा थी, जिसमें कथित स्लीपर सेल पाकिस्तान में हैंडलर के संपर्क में पाए गए थे। आरोपी व्यक्ति कथित तौर पर सुरक्षा बलों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के बारे में संवेदनशील जानकारी साझा करने में शामिल थे।

# नासिक शहर 'नो ड्रोन फ्लाई जोन' घोषित

नासिक, वार्ता

■ आतंकी हमले की आशंका के मद्देनजर पुलिस आयुक्त ने जारी किया आदेश

**महाराष्ट्र में नासिक** पुलिस आयुक्तालय ने ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर नासिक शहर को 'नो ड्रोन फ्लाई जोन' घोषित किया है। आतंकवादी हमलों की आशंका और संभावना को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त संदीप कार्णिक ने यह आदेश जारी किया।

यह आदेश शुक्रवार से 31 मई तक लागू रहेगा और निर्देश के अनुसार, बिना अनुमति के कोई भी ड्रोन उड़ान नहीं भर सकेगा। नासिक पुलिस आयुक्तालय ने 2022 में आयुक्तालय की सीमा के भीतर के प्रमुख संवेदनशील स्थानों की सूची जारी की है, जिसमें पुलिस, सेना, वायुसेना, प्रेस और मंदिर शामिल हैं। इस क्षेत्र सहित शहर में सभी जगह ड्रोन समेत उड़ने वाले उपकरणों के उपयोग पर रोक लगा दी गई है। इस बीच, कई वर्षों से नासिक पुलिस आयुक्तालय की सीमा में बिना पूर्व अनुमति के ड्रोन नहीं उड़ाए जा रहे हैं। कि कोरोना काल में महाराष्ट्र पुलिस अकादमी परिसर में बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने की कोशिश की गई थी। उस समय पुलिस व्यवस्था ज्यादा सतर्क हो गई और जांच की गई, तब से ड्रोन के उपयोग पर प्रतिबंध बढ़ा दिए गए हैं।

## दिल्ली-एनसीआर में 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चली हवा

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को देश के 24 राज्यों में आंधी-बारिश और तूफान का अलर्ट जारी किया गया था। इसका असर राजधानी दिल्ली में नजर आया। जहां शनिवार दोपहर कई इलाकों में जोरदार बारिश हुई। 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। जिसके कारण अशोक नगर मेट्रो स्टेशन का शेड उखड़ गया। मौसम विभाग के अनुसार दोपहर 3 बजे तक शहर में लगभग एक मिमी बारिश दर्ज की गई। दिल्ली-एनसीआर के महारानी बाग, मयूर विहार, गाजियाबाद और नोएडा में बारिश के कारण गर्मी से राहत मिली। इधर, उत्तर प्रदेश के नोएडा में तेज हवाओं के कारण पेड़ उखड़ गए।

# आप की मुसीबत: दिल्ली में 15 पार्षदों ने दिया इस्तीफा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ अलग दल इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी बनाई

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के शीर्ष नेतृत्व से नाराज 15 निगम पार्षदों ने शनिवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

'आप' के वरिष्ठ पार्षद मुकेश गोयल ने कहा कि हमारे 15 पार्षदों ने पार्टी से इस्तीफा दिया है और अलग दल इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी बनाई है। पिछले ढाई साल में हम लोगों का काम नहीं कर पाए। हमारा पूरा समय लड़ाई-झगड़े में बीता है। पार्षदों के इस्तीफे में कहा गया है कि हम सभी निगम पार्षद दिल्ली नगर निगम में वर्ष 2022 में आम आदमी पार्टी के टिकट से चुने गए थे, लेकिन 2022 में दिल्ली नगर निगम में सत्ता में आने के बावजूद पार्टी का शीर्ष नेतृत्व निगम को सुचारू रूप से चलाने में असमर्थ रहा। शीर्ष नेतृत्व का निगम पार्षदों से आपस में समन्वय न के बराबर रहा, जिसके कारण पार्टी विपक्ष में आ गई। उन्होंने कहा कि जनता से किए गए वादे को पूरा न कर पाने के कारण हम सभी पार्षद पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं।

## डा. बिंदु ने ड्रोन प्रौद्योगिकी केंद्र का किया उद्घाटन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की उच्च शिक्षा मंत्री डा. आर. बिंदु ने यहां ड्रोन प्रौद्योगिकी में उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) का उद्घाटन किया। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत अतिरिक्त कौशल अधिग्रहण कार्यक्रम केरल द्वारा, अन्ना विश्वविद्यालय के एयरोस्पेस अनुसंधान केंद्र (सीएएसआर) के सहयोग से सीओई की स्थापना की गई है। सीओई में एएसएपी केरल का दूसरा नागरिक उड्डयन महानिदेशालय मान्यता प्राप्त रिमोट पायलट ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन है, जो कज़हक्कुट्टम के सामुदायिक कौशल पार्क स्थित है जिसमें राजधानी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में एक समर्पित उड़ान मैदान है।

# तुर्की के दुर्दिन: ट्रैवल कंपनियों ने की यात्रा बुकिंग बंद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान को सपोर्ट करने के कारण तुर्की का भारत में बॉयकॉट हो रहा है। न केवल ट्रैवल कैंसिलेशन बढ़े हैं, बल्कि सेब और मार्बल सहित तुर्की से इंपोर्ट किए जाने वाले हर सामान का बॉयकॉट किया जा रहा है।

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने तुर्की और अजरबैजान के साथ व्यापार खत्म करने की घोषणा की। दिल्ली में हुई मीटिंग में देश के 24 राज्यों से बिजनेस लीडर्स ने भाग लिया। कैट ने गुरुवार को कहा था कि जो देश भारत के खिलाफ हैं उसके साथ व्यापार करने का कोई सवाल ही नहीं है। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक तनाव बढ़ा, तो तुर्की-अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया और भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे। इसके बाद देशभर में बॉयकॉट तुर्की और बॉयकॉट अजरबैजान शुरू हो गया है। भारत के ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफॉर्म जैसे कि ईजमाईट्रिप और इक्सिगो ने सुरक्षा जोखिम और राजनीतिक तनाव का हवाला देते हुए तुर्की और अजरबैजान की यात्रा न करने की एडवाइजरी जारी की है। भारत के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय




■ तुर्की के खिलाफ अभियान तेज, अब सेब व मार्बल पर लगी रोक

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए तुर्की के इनोनू विश्वविद्यालय के साथ अपने समझौते को निलंबित कर दिया। एएमयू ने भी शैक्षिक संबंध खत्म किए। पुणे के व्यापारियों ने तुर्की से सेब खरीदना बंद करने का फैसला किया है। इसके बजाय वे हिमाचल, उत्तराखंड, ईरान और अन्य क्षेत्रों से सेब खरीद रहे हैं। उदयपुर मार्बल प्रोसेसर्स एसोसिएशन ने मार्बल का आयात रोकने का सरकार से आग्रह किया है। कानपुर के व्यापारियों ने 80 फीसदी ऑर्डर कैंसिल कर दिया है।




## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका के दबाव में नहीं किया पाक के खिलाफ मतदान: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मोदी सरकार पर आरोप लगाया है कि भारत अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की बैठक में पाकिस्तान को ऋण देने से संबंधित प्रस्ताव पर अमेरिकी दबाव में आकर मतदान से अनुपस्थित रहा जबकि उसे इसका विरोध करते हुए 'नहीं' के पक्ष में वोट करना चाहिए था। कांग्रेस के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अब पाकिस्तान को 2 अरब डॉलर से अधिक के ऋण को मंजूरी देने के लिए आईएमएफ की आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पता चला है कि केवल भारत ने ही 9 मई को इस प्रस्ताव से संबंधित मतदान में भाग नहीं लिया और बाद में मोदी सरकार के समर्थकों ने तर्क दिया कि भारत के पास यही एकमात्र विकल्प उपलब्ध था। उन्होंने कहा कि यह गलत दावा है, क्योंकि कार्यकारी बोर्ड में वास्तव में 'नहीं' वोट करने का प्रावधान है। रूस ने सितंबर 2016 में यूक्रेन को ऋण प्रस्ताव पर 'नहीं' वोट दिया था और भारत ने खुद 11 सितंबर 2005 को जिम्बाब्वे के निष्कासन के मुद्दे पर 'नहीं' वोट दिया था।

### ऑपरेशन सिंदूर पर मोदी सरकार ने देश से की गद्दारी: आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान से साफ हो गया है कि मोदी सरकार ने भारत और भारतीय सेना के साथ गद्दारी की है। आप के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शनिवार को कहा कि विदेश मंत्री के बयान से साफ हो गया है कि मोदी सरकार ने भारत और भारतीय सेना के साथ गद्दारी की है। विदेश मंत्री खुद कह रहे हैं कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से पहले ही पाकिस्तान को बता दिया था। यह बेहद गम्भीर मामला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश के सामने आकर बताना चाहिए कि उनकी सरकार ने भारत और भारतीय सेना के साथ गद्दारी क्यों की? उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री को लेकर इस समय जो खबर सामने आई है, उसने पूरे देश को स्तब्ध, हैरान और व्यथित कर दिया है। यह भारत माता और भारतीय सेना के साथ गद्दारी है, जो मोदी सरकार ने की है। आप नेता ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने से पहले ही पाकिस्तान को सूचित कर दिया कि आतंकवादी ठिकानों पर हमला करने जा रहे हैं?

### हमारी लड़ाई पाक और वहां की जनता से नहीं: भूपेन्द्र चौधरी

**आजमगढ़।** यूपी के आजमगढ़ पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने जिले में भारतीय सेना के सम्मान में पार्टी द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में भाग लिया। तिरंगा यात्रा कुंवर सिंह उद्यान से शुरू होकर गांधी तिराहा, रैदोपुर तिराहा, कलेक्ट्रेट तिराहा, दीनदयाल तिराहा, अग्रसेन तिराहा होते हुए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क में समाप्त हुई। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारी लड़ाई पाकिस्तान और वहां की जनता से नहीं है।

# भारत विरोधी देशों की आर्थिकी सशक्त न बनाएं: धनखड़

**नई दिल्ली, वार्ता**



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोगों से संकट के समय भारत के खिलाफ खड़े होने तथा भारत के हितों के विरुद्ध काम करने वाले देशों की यात्रा करने और उनसे सामान आयात करने से बचने को कहा है।

धनखड़ ने शनिवार को यहां भारत मंडपम में जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि क्या हम उन देशों को सशक्त बना सकते हैं, जो हमारे हितों के प्रतिकूल हैं? समय आ गया है, जब हममें से प्रत्एक को आर्थिक राष्ट्रवाद के बारे में गहराई से सोचना चाहिए। हम उन देशों की अर्थव्यवस्थाओं को सुधारने के लिए यात्रा या आयात के माध्यम से खर्च नहीं कर सकते जो संकट के समय हमारे देश के खिलाफ खड़े हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्एक व्यक्ति को राष्ट्र की सुरक्षा में मदद करने का अधिकार है। हर व्यक्ति व्यापार, व्यवसाय, वाणिज्य और उद्योग विशेष रूप से सुरक्षा के मुद्दों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि हमें हमेशा एक बात ध्यान में रखनी चाहिए और वह है राष्ट्र पहले। हर चीज को गहरी प्रतिबद्धता, अटूट प्रतिबद्धता, राष्ट्रवाद के प्रति समर्पण के आधार पर माना जाना चाहिए। और यह मानसिकता हमें अपने बच्चों को पहले दिन से ही सिखानी चाहिए।

# यूपी पुलिस में फिर 48 एएसपी किए इधर से उधर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




- विशाल पांडेय होंगे मुजफ्फरनगर के एएसपी क्राइम
- राजेश कुमार श्रीवास्तव संभल उत्तरी के एएसपी
- चित्रकूट से चक्रपाणि त्रिपाठी का अयोध्या ट्रांसफर

**लखनऊ।** यूपी पुलिस में एक बार फिर तबादला एक्सप्रेस चली है। इस बार एडिशनल एसपी रैंक के 48 पीपीएस अफसरों को इधर से उधर किया गया है। बड़ी बात यह कि रेप के आरोप में निलंबित एडिशनल एसपी राहुल श्रीवास्तव को एक बार फिर से डीजीपी के पीआरओ बनाया गया है। वह दो बार पहले भी डीजीपी रहे जावीद अहमद और ओम प्रकाश सिंह के पीआरओ रह चुके हैं। अपने रिटायरमेंट से ठीक पहले डीजीपी प्रशांत कुमार ने उन्हें तीसरी बार अपना पीआरओ बनाया है। उनकी इस तैनाती से महकमें में चर्चा तेज हो गई है।

उधर, लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में तैनात सुबोध कुमार श्रीवास्तव को 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ भेजा गया है। वाराणसी कमिश्नरेट में तैनात ममता रानी चौधरी को लखनऊ कमिश्नरेट, लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात मनीषा सिंह को नोएडा कमिश्नरेट भेजा गया है। इसी तरह फिरोजाबाद में एएसपी ग्रामीण अखिलेश भदौरिया को अमरोहा भेजा गया है। अमरोहा में तैनात राजीव कुमार सिंह द्वितीय को मथुरा का एएसपी सिटी बनाया गया है। बरेली में एएसपी एलआईयू प्रभात कुमार प्रथम को पुलिस मुख्यालय में तैनात किया गया है। झांसी के एएसपी ग्रामीण गोपीनाथ सोनी को बरेली एलआईयू भेजा गया है। मथुरा के एएसपी सिटी डा. अरविंद कुमार को झांसी का एएसपी ग्रामीण बनाया गया है।

कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात राजेश कुमार श्रीवास्तव को संभल का एएसपी उत्तरी बनाया गया है। पुलिस मुख्यालय में तैनात रंजन सिंह को वाराणसी कमिश्नरेट, आगरा कमिश्नरेट में तैनात डा. राजीव कुमार सिंह को मेरठ का एएसपी एलआईयू, प्रतीक्षारत चल रहे राम अर्ज को अयोध्या का एएसपी एलआईयू बनाया गया है। सीतापुर में तैनात डा. प्रवीण रंजन सिंह को नोएडा पुलिस कमिश्नरेट भेजा गया है। प्रतापगढ़ में एएसपी पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह को सीतापुर में एएसपी दक्षिणी बनाया गया है। आजमगढ़ के एएसपी सिटी शैलेंद्र लाल को प्रतापगढ़ का एएसपी पूर्वी बनाया गया है। बाराबंकी में एएसपी दक्षिणी अखिलेश नारायण सिंह को पुलिस मुख्यालय भेजा गया है। कुशीनगर में तैनात रितेश कुमार सिंह को बाराबंकी का एएसपी दक्षिणी बनाया गया है। सीआईडी मुख्यालय में तैनात निवेश कटियार को कुशीनगर भेजा गया है। अलीगढ़ के एएसपी ट्रैफिक मुकेश चंद्र उत्तम को श्रावस्ती भेजा गया है, जबकि श्रावस्ती में तैनात प्रवीण कुमार यादव प्रथम को अलीगढ़ का एएसपी ट्रैफिक बनाया गया है।

चित्रकूट में तैनात चक्रपाणि त्रिपाठी को अयोध्या का एएसपी सिटी, फतेहपुर में तैनात विजय शंकर मिश्रा को पीएसी मुख्यालय, अमेठी में तैनात हरेंद्र कुमार को अंबेडकरनगर का एएसपी पश्चिमी बनाया गया है। जौनपुर में तैनात शैलेंद्र कुमार सिंह को अमेठी भेजा गया है। महराजगंज में तैनात आतिश कुमार सिंह को जौनपुर का एएसपी ग्रामीण बनाया गया है। सिद्धार्थनगर में तैनात सिद्धार्थ को महराजगंज, मुजफ्फरनगर के एएसपी क्राइम प्रशांत कुमार प्रसाद को सिद्धार्थनगर भेजा गया है। अंबेडकरनगर में तैनात विशाल पांडेय को मुजफ्फरनगर का एएसपी क्राइम बनाया गया है।

## सीएम योगी ने उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# यूपी के प्रत्येक मंडल में बनें आयुष कॉलेज

**लखनऊ, वार्ता**



- हर जिले में हेल्थ और वेलनेस सेंटर की योजना
- योग दिवस की तैयारी अभी से शुरू की जाए

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को आयुष विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि प्रदेश के प्रत्एक मण्डल में एक इंटीग्रेटेड आयुष महाविद्यालय की स्थापना सुनिश्चित की जाए, जिसमें आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी समेत आयुष की सभी पद्धतियों को एक ही परिसर में उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल आयुष चिकित्सा पद्धति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि भविष्य की स्वास्थ्य-आधारित शिक्षा प्रणाली को भी सशक्त बनाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आयुष चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मिशन मोड में कार्य कर रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आयुष संस्थानों में नेचुरोपैथी और योग सेंटर की स्थापना अनिवार्य रूप से की जाए और सभी स्वीकृत शैक्षणिक व चिकित्सकीय पदों को शत-प्रतिशत भरने की कार्रवाई समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर जनपद में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर प्रारंभ किए जाएं, जो सरकारी या पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड में संचालित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से हो और प्रदेश भर में आयुष विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं को भी प्राथमिकता से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने निजी क्षेत्र को भी इस क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि निजी निवेशकों को आयुष सेक्टर में निवेश के लिए आकर्षित किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि निजी क्षेत्र में संचालित आयुष महाविद्यालयों एवं चिकित्सालयों के बुनियादी ढांचे, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, फैकल्टी एवं स्टाफ की गुणवत्ता का गहन परीक्षण कराया जाए, ताकि कोई कमी न रह जाए। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में पंचकर्म जैसी विशिष्ट पद्धतियां गंभीर बीमारियों के उपचार में अत्यंत प्रभावी हैं, इसलिए इन पद्धतियों को प्रदेश के सभी आयुष संस्थानों में बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि आयुष चिकित्सा की लोकप्रियता को देखते हुए यह समय है, जब भारत की परंपरागत चिकित्सा को वैज्ञानिक रूप से प्रस्तुत कर वैश्विक मंच पर स्थापित किया जाए। मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए अभी से तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी मण्डलों, जनपदों, नगर निकायों, ग्राम पंचायतों और सरकारी विभागों में योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

उन्होंने कहा कि डाबर, वैद्यनाथ और पतंजलि जैसी आयुर्वेदिक उत्पादक संस्थाओं के साथ एमओयू कर सभी आयुष चिकित्सालयों में आवश्यक दवाओं की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी मरीज को चिकित्सकीय उपचार के लिए दवा की कमी न हो। वर्तमान में प्रदेश में 2,127 आयुर्वेदिक, 259 यूनानी और 1,598 होम्योपैथिक चिकित्सा संस्थान संचालित हैं, जो आयुष सेवाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इन संस्थानों की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग की जाए और आवश्यकतानुसार संसाधन उपलब्ध कराए जाएं।

## व्यापम घोटाले में 11 दोषी करार

**सीबीआई की विशेष अदालत ने तीन साल की कैद और 16 हजार का लगाया जुर्माना**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के सबसे बहुचर्चित व्यापमं घोटाले में भोपाल की सीबीआई विशेष अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। पीएमटी परीक्षा 2009 से जुड़े मामले में 11 आरोपियों को दोषी करार दिया गया है। कोर्ट ने सभी दोषियों को तीन-तीन साल की कैद और 16-16 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश सचिन कुमार घोष की अदालत ने यह फैसला सुनाते हुए सख्त टिप्पणी की और कहा कि शिक्षा और चिकित्सा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में इस प्रकार की धोखाधड़ी समाज के लिए अत्यंत घातक है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह मामला साल 2009 में गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल में एमबीबीएस प्रवेश परीक्षा से जुड़ा है। इसमें फर्जी अभ्यर्थियों और सॉल्वरों की मदद से एडमिशन दिलाने की साजिश रची गई थी। चार फर्जी परीक्षार्थी, जिनमें विकास सिंह, कपिल पारटे, दिलीप चौहान और प्रवीण कुमार ने अपने स्थान पर सॉल्वरों को परीक्षा दिलवाई थी। वहीं, पांच सॉल्वरों ने नागेन्द्र कुमार, दिनेश शर्मा, संजीव पांडे, राकेश शर्मा और दीपक ठाकुर ने असली अभ्यर्थियों के स्थान पर परीक्षा दी थी। इस पूरे नेटवर्क का संचालन करने वाला मास्टरमाइंड सत्येन्द्र सिंह था, जिसने बिचौलिये की भूमिका निभाई। यह मामला समाने आने के बाद वर्ष 2012 में कोहेफिजा थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। मामले की जांच के बाद सीबीआई ने आरोपियों पर धारा 419, 420, 467, 468, 471 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा चलाया। अब सालों बाद अदालत ने इन्हें दोषी पाया है।

# मानवता के लिए खतरा बना पाकिस्तान: औवेसी

**नई दिल्ली, वार्ता**



- दुनिया के सामने खोलेंगे पाक की पोल

एआईएमआईएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान को आतंकवाद का प्रायोजक बताते हुए कड़ी निंदा की है। उन्होंने पाकिस्तान के लंबे इतिहास को मानवता के लिए खतरा बताया और भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसकी भूमिका उजागर करने का आह्वान किया। वे केंद्र सरकार द्वारा गठित सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में भी शामिल हैं, जो आतंकवाद पर दुनिया में पाकिस्तान की पोल खोलेगा।

उन्होंने कहा कि मुहम्मद जिया-उल-हक के समय से लेकर कंधार विमान अपहरण, 26/11 मुंबई हमले, संसद पर हमला, उरी, पठानकोट, रियासी और हाल ही में पहलगाम में पर्यटकों की हत्या तक पाकिस्तान की भूमिका साफ दिखाई देती है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान की गुप्त सेना (डीप स्टेट) और आईएसआई लगातार भारत में अस्थिरता फैलाने की कोशिश करते रहे हैं। ओवैसी ने कहा कि 1947 में जम्मू-कश्मीर में कबायली हमलावरों को भेजना इसका पहला उदाहरण था। वे तब से यही कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। केंद्र सरकार द्वारा सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय राजधानियों में भेजने की योजना के तहत असदुद्दीन ओवैसी को भी एक प्रतिनिधिमंडल का सदस्य नामित किया गया है। इसका उद्देश्य भारत की आतंकवाद विरोधी स्थिति को वैश्विक मंचों पर मजबूती से प्रस्तुत करना है। ओवैसी ने कहा कि यह किसी पार्टी की बात नहीं है, बल्कि भारत की बात है। मैं इस जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाऊंगा, जाने से पहले विस्तृत बैठक की जाएगी। पाकिस्तान द्वारा खुद को एक इस्लामिक राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करने पर निशाना साधते हुए ओवैसी ने कहा कि भारत में करीब 20 करोड़ मुसलमान रहते हैं, पाकिस्तान का यह दावा बकवास है, दुनिया को यह भी बताना जरूरी है। मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई टिप्पणी पर भी ओवैसी ने नाराजगी जताई।

## अर्थ व्यापार

# कृषि व ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे कृषि मंत्री शिवराज

**नई दिल्ली, वार्ता**



**आज नागपुर में होगी उच्च स्तरीय बैठक**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को नागपुर का दौरा करेंगे जहां वह विकसित कृषि पर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे तथा प्रमुख कृषि एवं ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी उपस्थित रहेंगे।

चौहान इस अवसर पर राष्ट्रीय मृदा स्पेक्ट्रल लाइब्रेरी का उद्घाटन करेंगे, जो डिजिटल कृषि में एक अग्रणी पहल है। इसे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)-राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो नागपुर, भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान भोपाल तथा भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। यह पहल कृषि नेटवर्क कार्यक्रम का हिस्सा है। कृषि मंत्री कपास की फसलों को प्रभावित करने वाले एक प्रमुख कीट पिंक बॉलवर्म के लिए एआई-आधारित स्मार्ट ट्रैप भी लॉन्च करेंगे। आईसीएआर-केंद्रीय कपास अनुसंधान संस्थान, नागपुर द्वारा विकसित यह तकनीक कीट नियंत्रण के लिए उन्नत मशीन लर्निंग एल्गोरिदम का लाभ उठाती है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों को कृषि में उनके अभिनव योगदान के लिए सम्मानित भी किया जाएगा। राष्ट्रीय मृदा स्पेक्ट्रल लाइब्रेरी की स्थापना डिजिटल कृषि की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह लाइब्रेरी पारंपरिक गीले रसायन- आधारित परीक्षण की जगह मिटी के विश्लेषण की एक संपर्क रहित, तीव्र और लागत प्रभावी विधि की सुविधा प्रदान करेगी। भारत के विविध कृषि-जलवायु क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले मृदा स्पेक्ट्रल डेटा को केंद्रीय मंत्री द्वारा औपचारिक रूप से राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा।

### जलवायु-तकनीक स्टार्टअप को बढ़ावा देंगे डीपीआईआईटी और जीईएपीपी

**नई दिल्ली।** देश में स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु-तकनीक क्षेत्र की उद्यमिता को मजबूती देने के लिए उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने जीईएपीपी के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी पर डीपीआईआईटी के डा. सुमीत जारंगल और जीईएपीपी के सौरभ कुमार ने वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी भारत को उसके नेट-जीरो लक्ष्य की ओर तेजी से ले जाने में मदद करेगी। यह दो साल की साझेदारी शुरुआती चरण के जलवायु-तकनीक स्टार्टअप को फंडिंग, मेंटरशिप, नेटवर्किंग और बाजार से जुड़ाव जैसे जरूरी संसाधन उपलब्ध कराएगी।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली, वार्ता**



- सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ

स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा।

सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18314 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 14725 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**देशद्रोह:**

थी। ज्योति तीन बार पाकिस्तान की यात्रा कर चुकी है, जिसके कारण भारत की सुरक्षा एजेंसियों की उस पर नजर थी। ज्योति के खिलाफ हिसार के सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज किया गया है। हिसार निवासी ज्योति अविवाहित है। उसने बीए तक की पढ़ाई की है। वह अधिकतर समय दिल्ली में रहती है। छह मई को वह हिसार से दिल्ली गई थी। ज्योति के पिता हरीश कुमार मल्होत्रा बिजली निगम से सेवानिवृत्त हैं। ज्योति का पासपोर्ट 22 अक्टूबर 2018 को बना था। यह 21 अक्टूबर 2028 तक वैध है। ज्योति और उनके पिता के खिलाफ पुलिस में कोई पुराना मामला दर्ज नहीं है।

ज्योति सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है। फेसबुक और यूट्यूब पर उसके तीन लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। पिछले दो-तीन वर्षों से वह 'ट्रैवल विद जो' नाम से यूट्यूब चैनल चलाती है, जिसमें देश-विदेश की यात्राओं के वीडियो बनाती है। पहले वह गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में काम करती थी, लेकिन कोविड के दौरान उसे नौकरी से हटा दिया गया। इसके बाद वह ब्लॉगर बन गई। ज्योति जिस भी देश में जाती है। वहां की खास जगहों और खाने और संस्कृति से जुड़ी वीडियो बनाती हैं और उन्हें अपलोड करती हैं। ज्योति के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यूज भी काफी आते हैं। ज्योति की वीडियो में पाकिस्तान से जुड़े वीडियो भी हैं। इसके अलावा ज्योति ने हाल में ही हुए क्रिकेट वर्ल्ड कप के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए मैचों पर दर्शकों की प्रतिक्रिया वाले वीडियो भी बनाकर अपलोड किए थे। इसमें पाकिस्तान से आए हुए लोगों से बातचीत की वीडियो भी है। इसके अलावा ज्योति ने कश्मीर टूअर पर भी वीडियो बनाए हुए हैं, जिसमें सेना के लोगों को भी फिल्माया गया है।

# पूरा उप्र आया तपिश और लू की चपेट में

- जिलों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार, 46.2 डिग्री सेल्सियस के साथ बांदा देशभर में सबसे गर्म रहा

**लखनऊ।** प्रदेश भीषण गर्मी से तप रहा है। कई जिलों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार चला गया। 46.2 डिग्री सेल्सियस के साथ बांदा देशभर में सबसे गर्म रहा। वहीं, मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को दक्षिणी यूपी, बुंदेलखंड के साथ ही आगरा और अलीगढ़ क्षेत्र में गर्मी और लू का प्रकोप और बढ़ने की आशंका है। इसके अलावा शुक्रवार को बहराइच, बलरामपुर में बूंदाबांदी हुई।

शनिवार के लिए मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी, दक्षिणी और बुंदेलखंड के 22 जिलों के लिए लू की चेतावनी जारी की है। तराई के आठ जिलों में बूंदाबांदी की संभावना है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बांदा के सबसे गर्म होने का कारण बताया कि मध्य भारत के ऊपर प्रति चक्रवात की वजह से गर्म हवाओं का अधोगमन है। रेडिएटिव हीटिंग और संवेदी ऊष्मन साथ-साथ हो रहा है। गरम पछुआ भी तपिश में इजाफा कर रही है। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में लू की चेतावनी जारी की गई है। देवरिया, गोरखपुर, संतकबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर व आसपास के इलाकों में बूंदाबांदी की संभावना जताई गई है।

# कश्मीर में संघर्ष विराम उल्लंघन की कोई रिपोर्ट नहीं: उमर

**श्रीनगर, वार्ता**



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय सीमा (आईबी) या नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्ष विराम उल्लंघन की कोई रिपोर्ट नहीं है। मुख्यमंत्री ने यहां पत्रकारों से कहा कि जम्मू-कश्मीर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम के उल्लंघन की अभी कोई रिपोर्ट नहीं है।

उन्होंने कहा कि सीमा पर हाल हुए संघर्ष के कारण नुकसान का आकलन किया जा रहा है और एक बार नुकसान आकलन रिपोर्ट तैयार हो जाने के बाद सरकार उसके अनुसार ही मुआवजे की रिपोर्ट तैयार करेगी। अब्दुल्ला ने कहा कि हम अपने स्तर पर जो कुछ भी कर सकते हैं, करेंगे और जहां भी हमें केंद्र सरकार की मदद की जरूरत होगी, मदद ली जाएगी। 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर विदेशी देशों में प्रतिनिधिमंडल भेजने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सही कदम है। उन्होंने इसे भारत का पक्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रखने का अच्छा मौका बताया और याद दिलाया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय संसद हमले के बाद भी ऐसा ही किया गया था। उन्होंने कहा कि बड़ी पार्टियों के नेता इन प्रतिनिधिमंडलों में शामिल होंगे। अब्दुल्ला ने माना है कि पर्यटन क्षेत्र को जम्मू-कश्मीर को काफी नुकसान हुआ है और कहा कि इस बार की गर्मी के मौसम में बहुत कम पर्यटक आए हैं। अब सरकार का ध्यान अमरनाथ यात्रा को शांतिपूर्वक और सुरक्षित तरीके से सम्पन्न कराने पर है। यात्रा के बाद वे पर्यटन को फिर से बढ़ावा देने की योजना बनाएंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8434 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**समाचार विशेष**

## पॉक्सो कोर्ट ने छेड़खानी के आरोपी को सुनाई तीन साल की सजा

**चित्रकूट।** विशेष पॉक्सो एक्ट की अदालत ने नाबालिग लड़की से छेड़खानी और धमकी देने के मामले में आरोपी बबलू केवट को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के कठोर कारावास और तीन हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला शनिवार को अपर सत्र न्यायाधीश (विशेष पॉक्सो एक्ट) रेनू मिश्रा की अदालत ने सुनाया। मामला थाना मऊ क्षेत्र का है। 25 मार्च 2018 को एक वादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कटैया खादर निवासी बबलू केवट ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ बुरी नीयत से छेड़खानी की, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ थाना मऊ में मुकदमा पंजीकृत किया गया था, जिसकी विवेचना तत्कालीन उपनि. रीक्षक शिवकुमार यादव ने की थी। आरोपी को गिरफ्तार कर 2 मई 2018 को आरोपपत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। पुलिस महा. निदेशक के निर्देश पर चल रहे 'ऑपरेशन कन्विक्शन' और 'मिशन शक्ति' के अंतर्गत इस मामले में प्रभावी पैरवी की गई। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक मऊ दुर्गविजय सिंह, पैरोकार आरक्षी धनेश मिश्रा और मॉनिटरिंग सेल टीम ने सुनियोजित ढंग से कार्य किया, जबकि विशेष पॉक्सो अधिवक्ता तेज प्रताप सिंह ने अदालत में प्रभावशाली बहस की। न्यायालय ने सबूतों और तर्कों के आधार पर आरोपी को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

## सीएम योगी ने की आयुष विभाग की समीक्षा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में आयुष विभाग के कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुष भारतीय चिकित्सा परंपरा का प्रतीक मात्र नहीं, बल्कि समग्र स्वास्थ्य दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने उत्तर प्रदेश को आयुष के क्षेत्र में राष्ट्रीय और वैश्विक नेतृत्व की भूमिका में लाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इसके लिए योजनाब), एकजुट और समयबद्ध प्रयास जरूरी हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के हर मंडल में एकीकृत आयुष महाविद्यालय की स्थापना, सभी जनपदों में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर शुरू करने और नेचुरोपैथी व योग सेंटर की स्थापना को अनिवार्य बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण, लंबित परियोजनाओं की समयबद्ध पूर्णता और शैक्षणिक-चिकित्सकीय पदों को शीघ्र भरने पर भी जोर दिया। योग दिवस की तैयारियां अभी से शुरू करने के निर्देश देते हुए उन्होंने डाबर, वैद्यनाथ, पतंजलि जैसी कंपनियों से एमओयू कर आवश्यक औषधियों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की बात कही।

## पांच शातिरों पर पुलिस ने कसी नकेल

**चित्रकूट।** थाना बहिलपुरवा क्षेत्र में दबंगई और आपराधिक गति. विधियों से शांति भंग करने वाले पांच शातिर अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने सार्वजनिक हित में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें चिन्हित कर धारा 129 बीएनएसएस (बीएन) के तहत पाबंद किया है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा आशुतोष तिवारी ने इन अपराधियों को चिन्हित कर रिपोर्ट भेजी।

# बस कांडः आरआई निलंबित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ के किसान पथ पर बस में आग लगने से पांच यात्रियों की मौत मामले में शुक्रवार को गोरखपुर के तत्कालीन संभागीय निरीक्षक (आरआई) राघव कुमार कुशवाहा को निलंबित कर दिया गया। प्रारंभिक जांच से पता चला कि आठ अप्रैल 2024 को एनीव्हेयर फिटनेस प्रणाली के तहत भौतिक सत्यापन के बिना ही फोटो के आधार पर गोरखपुर से बस का फिटनेस प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया था। एआईएस-119 मानकों के अनुरूप न तो सीट का लेआउट था, न ही आपात निकास द्वार था। गंभीर लापरवाही और नियमों की अवहेलना के आधार पर राघव कुमार कुशवाहा को निलंबित कर दिया। राघव की तैनाती इस वक्त बरेली में है। राघव के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू की गई है। मामले की जांच वाराणसी के संभागीय परिवहन अधिकारी शिखर ओझा कर रहे हैं। मामले की जांच रिपोर्ट तीन महीने के अंदर देनी है। आरटीओ (प्रशासन) शिखर ओझा ने बताया कि राज्यस्तरीय जांच समिति गठित की गई है। रोड सेफ्टी के लिए आईआईटी खड़गपुर से एमओयू हुआ है। मोहनलालगंज में किसान पथ पर

- **बस चालक व परिचालक चिह्नित, मोबाइल फोन बंद मिले**

हरिकंशगढ़ी के पास स्लीपर बस में आग लगने के मामले में पुलिस अभी तक चालक व परिचालक को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। आरोपियों की पहचान बस चालक रामशंकर यादव और परिचालक नीरज के रूप में हुई है।

दोनों के मोबाइल फोन बंद चल रहे हैं।एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा के मुताबिक पुलिस की दो टीमें गठित की गई हैं। एक टीम बेगूसराय और दूसरी दिल्ली में डेरा डाले है। सर्विलांस की मदद से आरोपियों के बारे में पता लगाया जा रहा है। आरो. पियों के कुछ करीबियों से भी पूछताछ की गई है। आरोपियों के पकड़े जाने के बाद आग लगने का कारण पता चल सकेगा। पुलिस आग लगने पर यात्रियों को नहीं जगाने और मौके से भागने को लेकर आरोपियों से सवाल करेगी। उल्लेखनीय है कि बिहार के बेगूसराय से दिल्ली जा रही स्लीपर बस में गुरुवार सुबह आग लग गई थी। घटना में बिहार के सीतामढ़ी निवासी दो मासूम बच्चों, समस्तीपुर निवासी मां-बेटी सहित पांच लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई थी।

# भीषण गर्मी के बीच मौसम बदलेगा मिजाज

- **लखनऊ समेत पूर्वांचल में आंधी-बारिश की संभावना**
- **कानपुर में रविवार शाम आंधी बारिश होगी**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ रही गर्मी के बीच अगले 48 घंटे मौसम के लिहाज से अहम रहने वाले हैं। रविवार और सोमवार को राज्य के कई हिस्सों में तापमान जहां 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है, वहीं कुछ जिलों में हल्की राहत देने वाली हवाएं और आंधी-बारिश भी दस्तक दे सकती हैं।

राजधानी लखनऊ और इसके आसपास के जिलों जैसे कानपुर, उन्नाव, रायबरेली व बाराबंकी में रविवार को तेज धूप और उमस बनी रहेगी। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को इन क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 41 से 43 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। हालांकि शाम होते-होते आंशिक बादल छाने और हवा चलने की संभावना है, जिससे कुछ राहत मिल सकती है। सोमवार को हल्की गिरावट के साथ तापमान 39 से 41 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। कानपुर नगर जिले के लिए विशेष चेतावनी जारी की गई है जहां रविवार को देर शाम तेज हवा के साथ आंधी और हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने, बिजली गिरने और बौछारें पड़ने की आशंका जताई है। बुंदेलखंड के झांसी, बांदा, हमीरपुर और चित्रकूट जिलों में भीषण गर्मी का असर ज्यादा देखने को मिलेगा। यहां रविवार को तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है, जबकि सोमवार को कुछ स्थानों पर यह 44 डिग्री के पार जा सकता है। गर्म हवा के थपेड़े और तेज धूप के कारण दोपहर के समय बाहर निकलना मुश्किल हो सकता है। पूर्वांचल के वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर, बलिया, आजमगढ़, गाजीपुर सहित कई जिलों में फिलहाल गर्मी का प्रभाव बना रहेगा, लेकिन 19 मई के बाद मौसम में परिवर्तन की संभावना है। गोरखपुर में तापमान तुलनात्मक रूप से कुछ कम रहेगा, जहां 35 से 37 डिग्री के बीच तापमान बना रह सकता है, जबकि वाराणसी और प्रयागराज जैसे क्षेत्रों में यह 40 डिग्री तक जा सकता है। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि सोमवार देर शाम से पूर्वांचल के कुछ इलाकों में धूलभरी आंधी के साथ हल्की बारिश हो सकती है। यह परिवर्तन पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी में बनी नमी की वजह से होगा। इससे तापमान में थोड़ी गिरावट और मौसम में राहत मिलने की संभावना है। गर्मी के इस दौर में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने नागरिकों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। तेज धूप में बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और खुले, हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें। खासकर बुजुर्गों, बच्चों और हृदय वश्वास संबंधी रोगियों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। किसानों को भी सलाह दी गई है कि वे आगामी बारिश और आंधी को ध्यान में रखते हुए अपने फसलों और उपकरणों की सुरक्षा के आवश्यक उपाय करें।

# चोरी के माल के साथ तीन गिरफ्तार

## नकदी व अवैध शस्त्र बरामद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** मानपुर थाना पुलिस ने तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया है। अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है।

मानपुर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सकरापुर जाने वाले मार्ग पर छापेमारी की। वहां पर पुलिस ने खैराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सोहरेया निवासी उमेश कुमार पुत्र स्वर्गीय जगदीश पासी, खैराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सरफापुर निवासी रामलखन पुत्र पुतानी, मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भिठौली निवासी सिद्दीक पुत्र मुन्ना को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि तीनों शातिर अपराधी हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी से संबंधित कुल 3,200 रुपये, एक अदद देशी तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि इन्हीं बदमाशों ने दो माह पहले मझिगवां गांव से एक घर के बाहर बंधी एक भैंस व एक पड़िया को चोरी किया था। अवैध तमंचा बरामदगी के संबंध में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

# खाद का डीलर बनाने और छूट दिलाने के नाम पर 80 लाख की रिश्वतखोरी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में खाद का डीलर बनाने और छूट दिलाने के नाम पर लाखों रुपये हड़पने का खेल चल रहा है। ऐसा ही एक मामला हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) का सामने आया है। पोल खुलने के बाद कंपनी के मुख्य प्रबंधक (विपणन) ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए लखनऊ में पुलिस उपायुक्त पूर्वी को तहरीर दी है। साथ ही दुक. ानदारों से अपील की है कि यूरिया आवंटन के नाम पर किसी को रुपये न दें। एचयूआरएल के उत्तर प्रदेश और राजस्थान के मुख्य प्रबंधक (विपणन) अरुणी कुमार ने बताया कि दुकानदारों को शासन की ओर से निर्धारित कोटे के तहत निर्धारित दर पर यूरिया व अन्य खाद उपलब्ध कराई जाती है। इस बीच शिकायत मिली कि रायबरेली सहित आसपास के जिलों में कंपनी के विपणन अधिकारी द्वारा दुकानदारों को अतिरिक्त फायदा पहुंचने का प्रलोभन देकर वसूली की गई है।

जांच कराई गई, तो पता चला कि विपणन अधिकारी ने नए डीलर नियुक्ति करने, रिटेलर एसएपी कोड खोलने, यूरिया की बोरी पर कमीशन लेने और कंपनी द्वारा जारी क्रेडिट नोट को नगद वसूलने जैसे अनियमित कार्य किए। करीब 80 लाख रुपये की रिश्वतखोरी का मामला सामने आया। मामले में विपणन अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। उसे बर्खास्त करने की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। साथ ही आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी गई है। मुख्य प्रबंधक विपणन अरुणी कुमार ने दुकानदारों से अपील की है कि प्रधानमंत्री प्रणाम योजना के तहत निर्धारित बायो प्रोडक्ट की बिक्री करते रहे। नियमानुसार इस प्रोडक्ट के आधार पर दुकानदारों को लाभ दिया जाएगा। किसी के बहकावे में आकर अतिरिक्त रुपये किसी भी अधिकारी व कर्मचारी को न दें।

# उप्र में आम की फसल पर बढ़ती गर्मी का असर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारत विश्व का सर्वाधिक करीब 60 प्रतिशत आम उत्पादक देश है। इसके उत्पादन में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी करीब एक तिहाई है, इसलिए प्रदेश के बागवानों के लिए आम का विशेष महत्व है। योगी सरकार ने आम के उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिकों और विदेशों खासकर इजराइल की मदद से अनेक प्रयास किए हैं, जिनसे प्रदेश में आम की गुणवत्ता और उत्पादकता में सुधार हुआ है। इस साल आम की फसल आकार में अच्छी है और लगभग 75 प्रतिशत तक परिपक्व हो चुकी है।

अनुमान है कि तीन सप्ताह में यह बाजार में आ जाएगी। ऐसे समय में फसल की गुणवत्ता बनाए रखना और बाजार में उचित दाम प्राप्त करना आवश्यक है, जिसके लिए बागवानों की सतर्कता आवश्यक है। हालांकि बढ़े तापमान के कारण फसल जोड़ा और कटर कीटों के लिए अधिक संवेदनशील हो गई है। केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के कीट विशेषज्ञ ने बताया कि जिन बागवानों ने आम की बैगिंग कर रखी है उनकी फसल सुरक्षित है, लेकिन जिनके आम बैगिंग के बिना हैं, उनकी फसल जोड़ा कीट और सेमीलूपर कीट के प्रकोप के लिए संवेदनशील है। गर्मी बढ़ने के साथ इन कीटों का प्रकोप भी बढ़ता है और मौसम विभाग भी लगातार तेज गर्मी का पूर्वानुमान दे रहा है। ऐसे में बागवानों के लिए आवश्यक है कि वे समय रहते इन कीटों का नियंत्रण करें क्योंकि प्रारंभिक अवस्था में नियंत्रण न होने पर कीटों की संख्या इतनी बढ़ सकती है कि बाद में रोकथाम मुश्किल हो जाएगी। जोड़ा कीट मुख्यतः दो आमों के बीच या फल के गुच्छों में सक्रिय रहता है। यह आम के छिलके को नुकसान पहुंचाकर फल के मूल्य को प्रभावित करता है। वहीं कटर या सेम. ीलूपर कीट फलों की सतह को खुरचता है जिससे फलों में छेद हो जाते हैं और फल का बाजार मूल्य गिर जाता है। इन कीटों के नियंत्रण के लिए लैम्डा सायहेलोथ्रिन जैसे प्रमाणित कीटनाशकों का 1 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव किया जा सकता है।

# कुशीनगर में आंधी तूफान से दो की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कुशीनगर।** कुशीनगर में शुक्रवार देर शाम तेज आंधी व तूफान के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई। खड्डा क्षेत्र में आंधी से केला की फसल बर्बाद हो गई है और दो लोगों की मौत भी हो गयी है। तूफान से कसया- पडरौना मार्ग और पडरौना-खड्डा मार्ग पर पेड़ गिरने से घंटों आवागमन प्रभावित रहा। वहीं पेड़ गिरने से मकान व सीढ़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं।

इससे जनपदवासियों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा है। आकाशीय बिजली गिरने से कसया क्षेत्र में महिला की मौत हो गयी। खड्डा क्षेत्र में पेड़ की डाली गिरने से दबकर साइकिल सवार की मौत हो गई। पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तेज आंधी और तूफान ने पडरौना के बाबा गणिनाथ नगर परसौनी कला में कहर बरपाया। तूफान की चपेट में आकर एक बड़ा सा पेड़ एक मकान पर गिर गया।जिससे दो घरों की दीवारें, सीढ़ियां और कटरैन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं।कसया तहसील क्षेत्र के शामपुर हतवा के छोटका पिपरा निवासी संतोष गुप्ता की 45 वर्षीय पत्नी संगीता देवी, बेटी अंजू समेत चार अन्य महिलाओं के साथ बतरडेरा नहर की तरफ खेत में काम करने गई थी। शाम पांच बजे के आसपास आंधी के साथ बारिश होने लगी है। आसमान में बिजली कड़क रही थी।

संगीता की बेटी समेत चार अन्य महिलाएं भाग कर घर पहुंच गयीं। उधर संगीता बगल के खेत में पेड़ से गिर रहे आम बीनने लगी। इस दौरान आकाशीय बिजली गिरी। चपेट में आने संगीता की मौके पर मौत हो गई। शुक्रवार को कुदाल लेकर सुदामा साइकिल से हथिया गांव की तरफ मजदूरी करने गया था। शाम को घर लौट रहा था कि यकायक आंधी व बारिश शुरू हो गयी। पेड़ की डाल उसके ऊपर टूट कर गिर गियी। दबकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। खड्डा थाने के एसआई संजय प्रजापति मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परसौनी कला निवासी अच्छेलाल व सिब्बल लाल के मकानों को सबसे अधिक नुकसान हुआ। बड़ा पेड़ सीधे दोनों घरों की बाहरी दीवार पर गिरा। जिससे दोनों मकानों की ईंट की दीवारें ढह गईं साथ ही घर की बाहरी सीढ़ियां टूटकर बिखर गईं और बरामदे की कटरैन तहस-नहस हो गया। तेज आंधी व तूफान के चलते कसया-पडरौना मार्ग पर रविंद्रनगर धूस के समीप मेन मार्ग पर पेड़ गिरने से घंटों आवागमन प्रभावित रहा। आई आंध-बारिश के चलते शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक बिजली आपूर्ति ध्वस्त हो गई। कई जगह तारों पर पेड़ या उनकी डालियां टूटकर गिर गईं। इससे जगह-जगह तार-पोल टूटकर गिर गए। संयोग ठीक रहा कि इनकी वजह से कोई हादसा नहीं हुआ। लेकिन उसके बाद रात नौ बजे तक करीब साढ़े चार घंटे तक बिजली कटी रही। कसया से पडरौना आने वाली 33 केवी की लाइन 20 किलोमीटर की लंबाई में साखोपार, अर्जुनहां, जानकीनगर, सरस्वती चौक, रवींद्रनगर, सोहरौना सहित कई स्थानों पर पेड़ों के बीच से होकर गुजरी है। आंधी-बारिश के दौरान पेड़ों के संपर्क में आने से तार-पोल टूट जाते हैं। जिससे बिजली गुल हो जाती है। उसके बाद 20 किलोमीटर दूरी में फाल्ट ढूंढना बिजली निगम के कर्मचारियों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण होता है। शुक्रवार की शाम करीब 4-30 बजे आंधी-बारिश के चलते तार-पोल जगह-जगह टूटकर गिर जाने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जिसके चलते लोगों को अंधेरे में कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पडरौना डिवीजन के एसडीओ एसके गुप्ता ने टूटे तारों, बिजली के क्षतिग्रस्त खंभों और फाल्ट आदि का पता लगाया जा रहा है। उसके बाद ठीक किया जाएगा। बिजली आने में अभी 24 घंटे लग सकते हैं। एक्सईएन संजय सागर ने बताया कि रवींद्रनगर से छावनी तक बड़ी तेज आंधी-बारिश थी। इससे काफी नुकसान हुआ है। 12-13 पोल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। तार कई जगह टूट गए हैं। जिससे बिजली आपूर्ति बंद हो गई है। जहां-जहां क्षति हुई है! उसका पता लगाया जा रहा है। बिजली व्यवस्था पुनः पटरी पर लौटने में पूरी रात लग जाएगी।

# योगी सरकार ने हीट वेव से बचाव को लेकर जारी की गाइडलाइन प्रशासन सतर्क मोड में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राहत और स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट कर दिया है। मौसम विभाग द्वारा अगले कुछ दिनों तक कई जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। इसके मद्देनज़र मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि आम जनता को सुरक्षित रखने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार और व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों को जागरूक करने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिसमें तेज धूप से बचाव के उपायों, विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों और श्रमिकों के लिए सावधानियों का उल्लेख किया गया है। गाइडलाइन के अनुसार दोपहर 12 से 4 बजे के बीच बाहर निकलने से परहेज़ करने की सलाह दी गई है। यदि बाहर निकलना आवश्यक हो तो शरीर को हल्के व आरामदायक वस्त्रों से ढका जाए, छाता या टोपी और चश्मा लगाया जाए और नींबू पानी, नारियल पानी, शि. कंजी आदि का सेवन लगातार किया जाए। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा के अनुसार, तेज गर्मी और लू से निपटने के लिए सभी जिला प्रशासन को अलर्ट किया गया है। घरों और कार्यस्थलों पर पर्दे या छायादार व्यवस्था रखने की सलाह दी गई है ताकि सूर्य की तीव्र किरणें सीधे न पड़ें। साथ ही, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। गाइडलाइन में यह भी चेताया गया है कि खाली पेट या अधिक प्रोटीन और बासी भोजन न खाएं। शराब, चाय, कॉफी या कार्बोनेटेड पेय पदार्थों से बचें और धूप में खड़ी गाड़ियों में बच्चों या जानवरों को अकेला न छोड़ें। यदि किसी व्यक्ति को चक्कर आना, शरीर का तापमान 40 डिग्री से अधिक हो जाना, मतली, सांस फूलना, या सिरदर्द जैसे लक्षण दिखाई दें तो उसे तुरंत छांव में लाएं, ठंडा पानी पिलाएं और डॉक्टर या एम्बुलेंस सेवा को बुलाएं। निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिकों के लिए विशेष सावधानियां अपनाने को कहा गया है। उन्हें समय-समय पर विश्राम देने, ठंडी और छायादार जगह की व्यवस्था करने और कार्यों को सुबह या शाम के समय कराने के निर्देश दिए गए हैं। बच्चों के लिए भी सावधानी बरतने को कहा गया है, उन्हें दोपहर के समय धूप में खेलने से रोका जाए और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के लिए प्रेरित किया जाए। श्रमिकों की निगरानी के लिए श्मित्र प्रणालीश लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत प्रत्येक श्रमिक अपने साथियों की सेहत की निगरानी करेगा और आवश्यकता पड़ने पर प्राथमिक चिकित्सा देगा। साथ ही भारी उद्योगों में गर्म उपकरणों को इन्सुलेट करने और बच्चों के लिए कूल शेड की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया है। राज्य सरकार ने सभी जिलों की प्रशासनिक टीमों को निर्देशित किया है कि वे शीत लहर की भांति हीट वेव की स्थिति से निपटने के लिए भी पूरी तरह तैयार रहें।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# विदेश जाने वाले प्रतिनिधिमण्डल में शशांक मणि शामिल

**देवरिया।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान की आतंकवादी गति. विधियों के खिलाफ सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बारे में तथा आतंकवादियों के सरपरस्त पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए भारत सरकार के विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधि मण्डल में देवरिया के सांसद शशांक मणि त्रिपाठी को भी शामिल किया गया है।

भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी ने आज यहां बताया कि भारत सरकार द्वारा विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधि मण्डल बनाया गया है। यह प्रतिनिधि मण्डल जो विदेशों में जाकर पाकिस्तान की करतूतों को उजागर करेगा । इसके तहत विभिन्न दलों के सांसदों के प्रतिनिधिमंडलों को अलग अलग देशों में भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रतिनिधिमंडल में देवरिया के सांसद शशांक मणि को भी शामिल किया गया है।भारत सरकार द्वारा श्री त्रिपाठी को ऐसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है। इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र लसह, जिला परिषद अध्यक्ष गिरीश चंद तिवारी, सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी, सुरेंद्र चौरसिया, जयप्रकाश निषाद, दीपक मिश्रा शाका, सभाकुंवर कुशवाहा, सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

# पूर्व पार्षद अपार्टमेंट में करा रहा था बिजली चोरी, खुद वसूलता था पैसे

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में बिजली कर्मचारियों की मिलीभगत से धड़ल्ले से बिजली चोरी कराई जा रही है। शुक्रवार देर रात की गई छापेमारी में इसका खुलासा हुआ। करीब 70 किलोवाट बिजली चोरी का खुलासा हुआ तो अफसरों के होश उड़ गए। मामला बाजार खाला थाना क्षेत्र के खजुआ पुलिस चौकी के निकट स्थित एक अपार्टमेंट का है। यहां 17 परिवार चार साल से बिजली चोरी कर रहे थे। छापेमारी में उन्हें पकड़ लिया गया।

यह बिजली चोरी उस इलाके का समाजवादी पार्टी का पूर्व पार्षद करवा रहा था। टीम ने चोरी पकड़ी तो सौदेबाजी करके मामला खत्म करने का प्रयास किया गया। लेकिन, तब तक अफसरों को इसकी भनक लग गई थी। मामले में बिजली चोरी करने वाले पूर्व पार्षद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। लखनऊ सेंट्रल जोन के मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल को जानकारी मिली तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने सभी जिम्मेदारों को जमकर फटकार लगाई। साथ ही तत्काल कार्रवाई करके रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। ऐशबाग के अधिशासी अभियंता एसके साहू ने बताया कि बिजली चोरी करने वाला पूर्व पार्षद हर फ्लैट के परिवार से हर महीने दो-दो हजार रुपये वसूलता था। अमूमन इस पूरे अपार्टमेंट में लगभग 70 किलो वाट की बिजली चोरी हो रही थी। इसके लिए पूर्व में इस क्षेत्र में तैनात रहे जूनियर इंजीनियर उत्खंड अधिकारी और फीडर मैनेजर जिम्मेदार हैं।



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106-टेली/टेंडर/01/2025-26 |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल पर सिगनल एवं दूरसंचार कार्यालयों, अन्य कार्यालयों, अधिकारी विश्राम गृह और डिपो में रेलनेट कनेक्टिविटी की व्यवस्था। |
| अनुमानित लागत | रु. 3,30,31,555.15/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु.3,16,200.00/ |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 270 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 09.06.2025 15.30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी। निविदा सू० सं० - 106-टेली/टेंडर/01/2025-26 दिनांक: 16.05.2025 1455/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कोर्ट चलाना सीखें नायब तहसीलदार: डीएम

## कोर्ट बंद करने की दी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** तहसील न्यायालयों में वाद लंबित होने पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने नाराजगी जताते हुए नायब तहसीलदारों को फटकार लगाई। नायब तहसीलदारों को कोर्ट चलाना सीखने की नसीहत भी दे डाली कहा पेश कर और वकीलों का भरोसे कोर्ट नहीं चलेगी स्वयं निर्णय लेकर मई के अंत तक धारा 34 और 67 के मामलों का निस्तारण करें।

शनिवार को डीएम निधि गुप्ता ने धनौरा एसडीएम कार्यालय में तहसील दिवस से पूर्व तहसील के न्यायिक और राजस्व कार्यो की तहस. ीलदार, नायब तहसीलदार राजस्व निरीक्षक के साथ वैठक कर समीक्षा की गई। न्यायालय में एक से तीन वर्ष, तीन से पांच वर्ष तथा पांच वर्ष से अधिक के धारा 34 और 67 के पुराने वादों के निस्तारण न होने लंबित रहने। तारीख पर तारीख लगाए जाने पर नायब तहसीलदार राजपाल सिंह और श्रीपाल सिंह पर कड़ी नाराजगी व्यक्त कर फटकार लगाते हुए कोर्ट चलाना सीखने की नसीहत दे दी। कहा पेशकार और वकील के भरोसे कोर्ट न चलाएं स्वयं निर्णय लें, वकीलों से कोर्ट नहीं चलेगी। हिदायत देते हुए कहा यही स्थिति रही तो कोर्ट बंद कर सभी फाइलें ट्रांसफर कर दी जाएगी। कहा की लगातार मामलों को उलझाया जा रहा हैं निस्तारण नहीं कराया जा रहा है।कहा मई माह के अंत तक धारा 34 और 67 के मामले निस्तारित न होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लेखपाल के कार्यों की दिनचर्या बही की समीक्षा करते हुए कहा दैनिक दिनचर्या का पूरा उल्लेख विवरण सहित करें। धारा 24 और 116 की जो आदेश जारी किए गए उनका अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। कहा की पैमाइश और चिन्हाकन के कार्य में राजस्व निरीक्षक स्वयं रुचि लें।धारा 67 के सभी प्रकरणों पर मौके पर जाकर अनुपालन सुनिश्चित कराएं। मिलजुमला के मामलों में रोस्टर के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करें। कहीं पर भी चारागाह तालाब पर अवैध कब्जा ना हो प्राथमिकता के साथ आवंटित कर खुदाई का कार्य कराया जाए। निर्देश दिए कि जाति प्रमाण पत्र के कार्य में तेजी लाई जाए। फॉर्मर रजिस्ट्री के कार्य में भी गंभीरता से करें। कहा की प्रॉपर्टी की कंप्लेन बहुत आ रही हैं इस पर सुधार करें कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। इस अवसर पर एसडीएम चंद्रकांता, तहसीलदार मूसाराम थारू सहित अन्य संबंधित अधिकारी नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक मौजूद रहे।

### कई अधिकारी रहे गैरहाजिर और अधिकतर ने प्रतिनिधि को भेजकर की खानापूर्ति

# कोई खेल रहा था गेम, तो किसी ने देखी रील, ऐसे सम्पूर्ण हुआ समाधान दिवस



मंडी धनौरा। समाधान दिवस में फरियादियों की समस्या सुनते डीएम- एसपी।



समाधान दिवस के दौरान मोबाइल में कैंडी क्रश गेम खेलते जिला प्रोबेशन अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** जिले में जनता की समस्याएं सुलझाने के लिए आयोजित जिला स्तरीय तहसील दिवस का अधिकारियों द्वारा किस तरह माखौल उड़ाया जा रहा है, इसका उदाहरण शनिवार को देखने को मिला, जब डीएम और एसपी के सामने बैठे कुछ अधिकारी बेखौफ हो कर मोबाइल पर गेम खेलते रहे और कुछ रील देखते रहे। कई अधिकारी समाधान दिवस से गैर हाजिर रहे और अधिकतर ने प्रतिनिधि भेज खाना पूर्ति की। जबकि डीएम-एसपी गंभीरता से जनता की समस्याएं सुन रहे थे। डीएम में निस्तारित शिकायतों का फीडबैक भी लिया जिसमें शिकायतकर्ताओं के असंतुष्ट मिलने पर नाराजगी जताई।

मंडी धनौरा तहसील मे शनिवार को तहसील दिवस का आयोजन किया जिसमें खुद जिले की मुखिया जिला अधिकारी निधि गुप्ता और एसपी अमित आनंद गंभीरता से दूर-दराज के गांवों से आए लोगों की समस्याओं का निस्तारण कर रहे थे। लेकिन कई अधिकारी डीएम-एसपी की उपस्थिति में अपने मोबाइल में गेम खेल रहे थे. अधिकारी के गेम खेलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. जिसमें देखा जा रहा है कि जिला प्रोब. ेशन अधिकारी अपने मोबाइल पर गेम खेल रहे हैं। इसके अलावा अन्य कई अधिकारी मोबाइल फोन में फेसबुक और रील में मशगूल दिखे। डीएम की अध्यक्षता वाले समाधान दिवस को भी अधिकारियों ने गंभीरता से नहीं लिया कई अधिकारियों ने अपने प्रति. निधियों को भेज कर इतिश्री कर ली जबकि कुछ ने तो आना ही उचित नहीं समझा। बताते हैं कि तहसील दिवस में तमाम विभागों के लगभग 70 अधिकारियों को उपस्थित होना था लेकिन यहां ऐसा नही हुआ। समाधान दिवस में लगभग 20 अधिकारियों ने अपने प्रतिनिधि भेजे जबकि 20 के करीब ऐसे अधिकारी थे कि उन्होंने ना तो प्रतिनिधि भेजे और ना ही वह स्वयं आए। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 53 शिकायत दर्ज होंगे जिसमें मात्र पांच का मौके पर निस्तारण हो सका। राजस्व विभाग की सर्वाधिक शिकायतों पर डीएम ने

**■ डीएम-एसपी ने सुनीं शिकायतें, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश**

नाराजगी जताई कहां शिकायत करता बार-बार चक्कर लगा रहे हैं लेकिन गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं हो रहा है। कहा अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतों की जांच करें और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम चंद्रक. ांता, सीओ स्वेताभ भास्कर, परियोजना निदेशक अमरेन्द्र प्रताप, तहसीलदार मूसाराम थारू, जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुड़ी जैन, डीएसओ रीना सिंह, पूर्ति निरीक्षक वेदप्रकाश अग्रवाल, बीएसए डॉ मोनिका, ईओ अवधेश वर्मा सहित अन्य जिला व तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## गंदगी के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

**रहरा।** गंदगी व जलभराव से परेशान ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर समस्या को दूर करने की मांग की।

गंगेश्वरी ब्लाक के गांव भूबरा के मुख्य मार्ग पर पिछले चार साल से जलभराव है। ग्रामीण कई बार समस्या को दूर करने की मांग अधिकारियों से कर चुके हैं परन्तु आज तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है। गंदगी के कारण गांव में मच्छर व मक्खियों का प्रकोप है जिससे हर समय संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने चेताया कि जल्द समस्या दूर नहीं हुई तो आंदोलन होगा। प्रदर्शन करने वालों में शांति देवी, गीता, नेमवती, जगवती, सीताराम, ओमप्रकाश, बलवीर, पवन कुमार आदि शामिल रहे।

# वेंक्टेश्वरा में हुआ 'नयी दिशा-2025' का भव्य शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्व. विद्यालय/संस्थान में बोर्ड परीक्षा के उत्तीर्ण एवं ग्रेजुऐशन युवाओ को आगे भविष्य के लिए सशक्त कैरियर विकल्प चुनने की शानदार निशुल्क कैरियर मार्गदर्शन योजना

**■ कैरियर विशेषज्ञ दो माह तक करेंगे विद्यार्थियों का मार्गदर्शन**

'नयी दिशा-2025' की शानदार शुभारम्भ हो गया। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के डॉ.सीवी रमन सभागार में आयोजित महत्वाकांक्षी



निशुल्क कैरियर मार्गदर्शन योजना का शुभारम्भ संस्थापक अध्यश डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे, कुलसचिव प्रा. पीयूष पाण्डेय, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ.मधु चतुर्वेदी आदि ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। विस्तार से जानकारी देते हुए विवि के प्रतिकुलाधिपति विख्यात कैरियर कोच एवं राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता डॉ. राजीव त्यागी ने बताया कि दो माह तक चलने वाली इस शानदार निशुल्क कैरियर मार्गदर्शन योजना ''नयी दिशा'' से पश्चिमी यूपी विशेष रूप से मेरठ, मुरादाबाद मण्डल के दसवीं/बारहवीं एवं ग्रेजुएशन युवाओ को एक स्थायी सम्मानित एवं सशक्त कैरियर विकल्प चुनने मे मदद मिलेगी। देश के वरिष्ठ कैरियर विशेषज्ञ युवाओं को विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन के लिए आवश्यक योग्यता एवं तैयारी के लिए ''महत्वपूर्ण टिप्स'' निशुल्क प्रदान करेंगे। इस अवसर पर डीन एकेडेमिक डॉ.राजेश सिंह, डॉ. लक्ष्मण सिंह रावत, डॉ.एसएन साहू, डॉ.ऐना ऐरिक ब्राउन, डॉ. योगेश्वर सिंह, डॉ.सुमन कुमारी, डॉ.टीपी सिंह, डॉ.आशुतोष, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ.ज्योति सिंह, डॉ. अनिल जयसवाल, डॉ.अश्विनी सक्सेना, डॉ.सौरभ मित्रा, मारूफ चौधरी, तरूण काम्बोज, अरूण गोस्वामी, डॉ.प्रताप, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा, प्रीतपाल मौजूद रहे।

# नकली दवाईयां बेचने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** किसान ने संपूर्ण समाधान दिवस में त्रिवेणी चीनी मिल चंदनपुर पर गंभीर आरोप लगाये हैं।

तहसील क्षेत्र के गांव ताजपुर डूंगर गांव निवासी किसान भोलेराम ने अपनी शिकायत में कहा कि उसने 15 अप्रैल 2025 को गन्ना ग्राम सेवक संदीप कुमार के माध्यम से चीनी मिल से कोराजिन नामक कीटनाशक दवाई खरीदी थी। दावा किया गया कि फसल पर इस्तेमाल करने के बावजूद कीटों पर उसका कोई असर नहीं हुआ। किसान ने बताया कि जब उसने दवाई की शीशी मील के दुकानदार को दिखाई और अधिकारियों से शिकायत की तो जांच में दवाई नकली पाई गई। किसान ने आरोप लगाया कि जब उसने चीनी मिल के अधिकारी आमा. ेद कुमार शर्मा और आर०एस० सहरावत से इस बारे में बात की, तो उन्होंने अभद्र व्यवहार किया और धमकी दी। उनका कहना था कि उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकते। किसान ने यह भी आरोप लगाया कि अधिकारियों ने जिलाधिकारी से शिकायत करने पर भी धमकाया और कहा कि कहीं भी शिकायत करने से कुछ नहीं होगा। किसान ने कोराजिन की बोतल का हवाला देते हुए बताया कि उस पर लगे बारकोड का रैपर स्कैन हो रहा है। लेकिन भीतर का कोड स्कैन नहीं हो रहा है। जिससे दवाई के नकली होने का स्पष्ट प्रमाण मिलता है। किसान ने आरोप लगाया कि चीनी मिल के अधिकारी इस तरह नकली दवाइयां बेचकर किसानों से धोखाधड़ी कर रहे हैं। पीड़ित किसान ने संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों से मांग की है कि चीनी मिल चंदनपुर के संबंधित अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाये। ताकि किसानों के साथ हो रही इस धोखाधड़ी को रोका जा सके। इस घटना ने क्षेत्र के किसानों में चिंता पैदा कर दी है।

## बिना मंडी शुल्क प्याज से लदा ट्रक पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** शनिवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव सचिन शर्मा अपनी टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे इस दौरान सचिन शर्मा ने टीम के साथ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। उन्होंने बताया गजरौला- चांदपुर रोड पर गांव पत्थरकुटी के पास चल रही चेकिंग के दौरान प्याज से लदे ट्रक को रोका। चेकिंग में पाया गया कि ट्रक में करीब 250 कुंतल प्याज (गुल्ली) लदी है। ड्राइवर ने इसे इंदौर से कोटद्वार लेकर जाने की बात कहीं लेकिन उसके पास मंडी समिति से संबंधित कोई भी आवश्यक दस्तावेज नहीं मिले। ड्राइवर ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए मंडी शुल्क, विकास सेस और शमन शुल्क के अधिरोपण की अपील की और वाहन को छोड़ने का अनुरोध किया इस पर मंडी सचिव ने 1250 रुपये मंडी शुल्क, 625 रुपये विकास सेस और 18750 का शमन शुल्क लगाया।

# बिना कनेक्शन किसान को भेजा दो लाख का बिल

## बिजली कर्मियों पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बिजली विभाग ने घोर लापरवाही दिखाते हुए बिना कनेक्शन के किसान को 2 लाख का बिल थमा दिया है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव गंगेश्वरी के एक किसान को बिजली विभाग ने उस समय हैरान कर दिया। जब उन्हें बिना कनेक्शन के ही दो लाख रुपए का भारी-भरकम बिजली का बिल भेज दिया गया। पीड़ित किसान ने न्याय की गुहार लगाते हुए संपूर्ण समाधान दिवस में बिजली कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। किसान ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि साहब मुझे बचाओ। बिना कनेक्शन के ही दो लाख का बिल आ गया है। यह घटना बिजली विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाती है।उपभोक्ताओं को हो रही परेशानियों को उजागर करती है।गौरतलब है कि इसी तहसील क्षेत्र के किसान शिवदत्त पिछले सात वर्षों से बिजली कनेक्शन के लिए संघर्ष कर रहे हैं और उन्हें अभी तक कनेक्शन नहीं मिल पाया है। इन घटनाओं से स्पष्ट है कि क्षेत्र के किसानों को बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।पीड़ित किसान ने विभाग से इस गंभीर गलती को सुधारने और उन्हें न्याय दिलाने की मांग की है। अब यह देखना होगा कि बिजली विभाग इस मामले पर क्या कार्रवाई करता है और कब तक किसानों की समस्याओं का समाधान होता है।

## वाहन की टक्कर से गाय की मौत

**हसनपुर।** अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गाय की मौत हो गई। गड्ढा खोदकर जेसीबी से गाय को दबा दिया गया। शुक्रवार की रोड संभल हसनपुर मार्ग पर अब्दुल्ला कॉलोनी के समीप सड़क पर जा रही गाय अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बुरी तरह से घायल हो गई। कुछ ही देर बाद गाय की तड़फकर पर मौत हो गई। गाय की मौत की खबर सुनकर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गये। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने जब देखा की गाय की मौत अज्ञात वाहन की चपेट में आने के कारण हुई है तो वह वापस लौट आये। बाद में नगर पालिका से जेस. ीबी मंगा कर गाय को गड्ढा खोदकर दबा दिया गया।

# विद्यालय संचालक ने हड़पे सवा लाख रूपये

## अमानत में खयानत की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** इंटर कॉलेज के संच. ालक ने किताबों का कारोबार करने के लिए उधार लेकर 1.20 लाख रुपये हड़प लिए। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अमानत में खयानत के आरोप में एफआईआर दर्ज की है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कोट निवासी चंद्र प्रकाश गेरा बुक सेलर हैं। उनका आरोप है कि यासीन इंटर कॉलेज जोया के संचालक शमशुल हसन ने किताबों का कारोबार करने के लिए 1.20 लाख रुपये उधार लिए थे। लेकिन स्कूल संचालक द्वारा उनके साथ कोई कारोबार नहीं किया गया। पैसों लौटाने का तकादा करने पर अभद्र व्यवहार किया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में यासीन इंटर कॉलेज के संचालक शमशुल हसन के खिलाफ अमानत में खयानत के आरोप में एफआईआर दर्ज करने की बात कही।

## समस्याओं को दूर करने की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** समस्याओं का समाधान न होने पेंशनर्स एसोसिएशन ने रोष जताया। कलेक्ट्रेट में एसोसिएशन की बैठक हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष अनूप सिंह पैसल ने कहा कि पेंशनर्स की शिकायते काफी समय से लम्बित पड़ी हैं। जिनका निदान नहीं किया जा रहा। तीन सालों से लगातार कोषाअधिकारी व जिलाधिकारी से वह अपनी मांगे करते आ रहे हैं परन्तु अभी तक कोई परिणाम सामने नहीं आया है। उन्होने चेताया कि यदि जल्द उनकी समस्याओं को दूर नहीं किया गया तो संगठन धरना प्रदर्शन को बाध्य होगा। बैठक में राजेन्द्र सिंह राणा, श्यौनाथ सिंह, अमीपाल, शिशुपाल, सुनील त्यागी, विपिन त्यागी, ओमकार सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### एनआरएचएम घोटोले में संलिप्त सीएनसी मेटल फोर्मिंग कंपनी पर पहुंची टीम

# रजिस्ट्रार व नायब तहसीलदार ने कराई नापतोल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** उच्च न्यायालय के आदेश पर मंडी धनौरा तहसील के रजिस्ट्रार व नायब तहसीलदार ने गजरौला के औद्योगिक क्षेत्र फैज वन में स्थित बंद पड़ी सीएनसी मेटल फोर्मिंग लिमिटेड कंपनी के मूल्यांकन के लिये नापतौल आदि कराई। बता दें कि यह कंपनी वर्ष 2011-2012 में चर्चा में रहे एनआरएचएम घोटोले में संलिप्त थी और कंपनी में सीबीआई ने भी छापेमारी की थी। पिछले 10-11 वर्ष से यह कंपनी बंद है। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2011-2012 के दौरान यह राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) का घोटाला सामने आया था। इस घोटाले ने उस समय प्रदेश की राजनीति में भूचाल खड़ा कर दिया था। गजरौला के औद्योगिक एरिया में एफसीआई गोदाम के सामने स्थित सीएनसी कंपनी से भी इस घोटोले के तार जुड़े थे। बाद में जब यह मामला उजागर हुआ तो

**■ पिछले 10-11 वर्ष से बंद है कंपनी**

इस कंपनी की संलिप्तता भी लोगों के सामने आई। ओटी (ऑपरेशन थियेटर) बनाने के मामले में घोटाला हुआ। इस मामले में ईडी और सीबाआई ने भी प्रदेश भर में बड़े स्तर पर पूछताछ व पड़ताल की। उसी समय इस कंपनी पर भी सीबीआई ने छापेमारी करके जांच पड़ताल की थी। हालांकि पिछले 10-11 वर्ष से यह कंपनी बंद है। अब इस मामले में उच्च न्यायालय के आदेश पर कंपनी के एरिये की नापतौल कराते हुए उसके मूल्यांकन आदि कराने के निर्देश दिए गए हैं। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में शनिवार को मंडी धनौरा के रजिस्ट्रार दिनेश कुमार व नायब तहसीलदार रमेश कुमार सहित लेखपाल आदि की टीम पहुंची, फीता डालकर नापतौल की। रजिस्ट्रार ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश पर फैक्ट्री की नापतौल व मूल्यांकन आदि के लिये प्रक्रिया अमल में लाई गई है।

## कार्रवाई न होने पर आमरण अनशन की चेतावनी

**गजरौला।** समाजसेवी व सेवा. निवृत्त सैन्यकर्मी तेजवीर सिंह अलूना ने प्रधानमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय व मंडलायुक्त कार्यालय आदि को सोशल मीडिया के माध्यम से पोस्ट करके प्रधानमंत्री आवास योजना में फर्जीवाड़ा करने के मामले में कार्रवाई न होने पर रोष व्यक्त किया और शीघ्र कार्रवाई न होने पर आमरण अनशन की चेतावनी दी। पोस्ट में उन्होंने कहा है कि उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना में एक बड़ा घोटाला पकड़कर दिया। बिना मकान बनाए फर्जी फोटो आदि लगाकर आवास योजना के पैसे हड़पने का मामला उजागर किया, उनका आरोप है कि मंडलायुक्त के निर्देश के बाबजूद भी अभी तक इस प्रकरण में संबधित विभागों के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने सभी संबधित अधिकारियों से इस प्रकरण में शीघ्र ही उचित कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र ही इस प्रकरण में कोई कार्रवाई न हुई तो वे विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरूद्ध आमरण अनशन करेंगे।



■ गजरौला।सीएनसी कंपनी की नापतौल को पहुंचे मंडी धनौरा तहसील के अधिकारी।।

# अहिल्याबाई का जीवन देश के लिए आदर्श

## प्राचीनता व आधुनिकता का संगम से परिपूर्ण थी अहिल्याबाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** भाजपा के प्रदेश सहसंयोजक अजय शर्मा ने कहा कि रानी अहिल्या बाई होल्कर को आदर्श मानकर देश आगे बढ़ रहा है।

जोया रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर भाजपा की बैठक हुई। जिसमें प्रदेश सहसंयोजक अजय शर्मा ने कहा कि 21 से 31 मई तक जिले के सभी मंडलों व ब्लाक स्तरों पर रानी अहिल्याबाई होल्कर जन्म शताब्दी वर्ष स्मृति अभियान पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पार्टी उनकी 300वीं जयंती वर्ष के रूप में मनाने जा रही है। अहिल्याबाई का जन्म महाराष्ट्र के चौड़ी गांव में हुआ था। उन्होने कांशी विश्वनाथ से लेकर सोमनाथ तक मन्दिरों का जीर्णोद्धार कराया। प्रा. चीन व आधुनिक का संगम उनके जीवन में था। आज देश उन्हें आदर्श मानकर लगातार आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष उदय गिरि गोस्वामी, भूप सिंह बेनिवाल, शरद गर्ग, अतुल चौधरी, मयंक,रमेश कलाल, राकेश वर्मा, हिमांशु त्यागी, ब्रजेश चौधरी, गिरीश त्यागी, ऋषिपाल नागर, गुरेन्द्र ढिल्लो, मीनाक्षी चौधरी, उषा नागर मौजूद रहे।




## ई रिक्शा से बैटरे चोरी

**हसनपुर।** घर के बाहर खड़ी ई रिक्शा से बैटरे चोरी करने का चोरों ने असफल प्रयास किया। पुलिस को तहरीर दे दी गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर निवासी रियाज अहमद पुत्र शरीफ की ई रिक्शा घर पर खड़ी हुई थी। इस दौरान अज्ञात चोरों द्वारा ई रिक्शा के बैटरो को चोरी करने का प्रयास किया गया। लेकिन आहट सुनकर ई रिक्शा चालक के पुत्र मुकर्रम की आंख खुल गई। उसने शोर मचाया तो मोहल्ले के लोग उनके घर की ओर को चल पड़े। लेकिन जल्दबाजी में वह पकड़े जाने के डर से अपनी स्प्लेंडर बाइक को छोड़कर फरार हो गये। रियाज अहमद ने पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दे दी है।

# अंत्योदय एक्सप्रेस के ब्रेक बाइंडिंग से निकली चिंगारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर-लखनऊ पर स्थित संतकबीरनगर जिले के खलीलाबाद रेलवे स्टेशन के निकट मुखलिसपुर रोड समपार पर आज अपरा]न 2-30बजे उस समय अफरातफरी मच गई जब बिहार के दरभंगा से जालंधर जाने वाली अंत्योदय एक्सप्रेस की एक बोगी ट्रेन के डिब्बे से तेज धुआं निकलने लगा।

यात्रियों में दहशत फैल गई। स्टेशन के नजदीक ट्रेन की रफ्तार कम होने पर यात्री अपना सामान और बच्चों को लेकर खेतों और मोहल्लों में कूदकर भागने लगे। सूचना पर नागरिक व पुलिस प्रशासन तथा रेलवे के अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को नियंत्रित किया। यद्यपि इस घटना से ट्रेन लगभग 45 मिनट विल. ंबित हुई परंतु किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यात्रियों ने बताया कि खलीलाबाद रेलवे स्टेशन के निकट जब ट्रेन पहुंचने वाली थी उसी समय अचानक एक बोगी से धुआं उठने लगा जिससे यात्री भयभीत हो गए। मौके पर मौजूद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों ने तुरंत रेलवे प्रशासन को सूचना दी। इसके बाद ट्रेन को बीच रास्ते में रोक दिया गया। घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। दमकल विभाग को सूचना दी गई। कुछ देर बाद धुआं निकलना बंद हो गया। उन्होंने बताया कि ट्रेन नंबर 22551 दरभंगा जंक्शन से सुबह 3:30 बजे निकलकर अगले दिन जालंधर सिटी जंक्शन सुबह 5:10 बजे पहुंचती है। ट्रेन के ड्राइवर और गार्ड की सूझबूझ से स्थिति सामान्य हुई। हालांकि जब ट्रेन आगे बढ़ने लगी तो आरपीएफ जवान ने वॉकी-टॉकी पर ट्रेन रोकने की गुहार लगाई। उन्होंने चेतावनी दी कि ट्रेन न रोकने से हादसा हो सकता है क्योंकि यात्री अभी भी परेशान हैं। इस घटना के कारण ट्रेन लगभग 45 मिनट तक रुकी रही। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एसडीएम सदर शैलेश दूबे ने यहां बताया कि शनिवार को अपरा]न खलीलाबाद रेलवे स्टेशन के समीप अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेन की बोगी में अचानक आग लगने की सूचना मिली। पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी लेते हुए फायर ब्रिगेड को बुलाया गया और तत्काल आग पर काबू पाया गया। इससे ट्रेन विलंबित हुई परंतु किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थिति सामान्य होने पर ट्रेन को उसके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। उन्होंने बताया कि रेलवे के अधिकारियों ने उन्हें बताया कि किसी तकनीकी खराबी के कारण ऐसा नहीं हुआ बल्कि अत्यधिक गर्मी के कारण कभी-कभी ऐसी घटना हो जाती है।

## आप ने केंद्र सरकार की पाक नीति पर जताया विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में आज आम आदमी पार्टी (आप) की स्थानीय शाखा ने केंद्र सरकार की पाकिस्तान नीति और पीओके को लेकर अपनी नाराजगी और विरोध दर्ज कराया। जिला मुख्यालय पर आयोजित इस जोरदार प्रदर्शन में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने 'पीओके का छोड़ा मौका, मोदी ने देश को दिया धोखा' जैसे नारों के साथ जनता को जागरूक किया।

यह विरोध प्रदर्शन जिला अध्यक्ष फिरोज हैदर के नेतृत्व में हुआ, जिसमें पार्टी के जिला उपाध्यक्ष परवेज खान, बस्ती प्रभारी अनुज पाठक, सैकड़ों कार्यकर्ता एवं अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारी नेताओं ने केंद्र सरकार से स्पष्ट और सख्त नीति अपनाने की मांग की। फिरोज हैदर ने कहा कि सरकार बार-बार पीओके को भारत का अभिन्न हिस्सा बताती है, लेकिन जमीन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। जब देश की जनता और विपक्ष सरकार के समर्थन में थे, उस समय मोदी सरकार ने अमेरिकी दबाव में आईसीसीज़फायर की घोषणा क्यों की?ह परवेज खान ने कहा कि हम राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों पर कोई समझौता नहीं करेंगे। आम आदमी पार्टी हर स्तर पर जनता के हित में आवाज उठाती रहेगी। इसके अतिरिक्त, अनुज पाठक ने सरकार को कठेप चेतावनी देते हुए कहा कि पीओके और सीमा सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हुआ और पार्टी की ओर से केंद्र सरकार से यह मांग की गई कि वह स्पष्ट एवं ठोस नीति बनाकर ठोस कदम उठाए।

## ऑपरेशन सिंदूर: बहराइच में भाजपा ने निकाली विशाल तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बहराइच।** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों पर की गई सफल एयर स्ट्राइक के बाद बहराइच में सेना के शौर्य का सम्मान करने के लिए आज भारतीय जनता पार्टी की ओर से एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में मंत्री बेबी रानी मौर्य मुख्य अतिथि रहीं। 'आपरेशन सिंदूर' की सफलता का जश्न मनाते हुए, मंत्री बेबी रानी मौर्य के नेतृत्व में नगर के शहीद पार्क से हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर निकले। इस यात्रा में एनसीसी कैडेट्स, महिलाएं और आम नागरिकों की भारी संख्या ने भाग लिया। यात्रा शहीद पार्क से शुरू होकर पीपल तिराहा, घंटाघर, छावनी मार्ग होता हुआ राम जानकी पंचायती मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई। इस दौरान पूरा शहर भारत माता की जय के नारे से गूंज उठा। यात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे, पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी, नगर विधायक अनुपमा जायसवाल, अखंड प्रताप लसह, निशंक त्रिपाठी, राहुल राय, राघवेंद्र प्रताप लसह सहित कई भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस आयोजन ने राष्ट्रीय एकता और सेना के साहस को नमन करने का अच्छा संदेश फैलाया।

# गंगा व सहायक नदियों के कायाकल्प को नई गति

### राज्य गंगा समिति की 15 वीं बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य गंगा समिति की 15वीं बैठक आयोजित हुई, जिसमें गंगा नदी सहित उसकी सहायक नदियों के संरक्षण और पुनरुद्धार से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और प्रस्तावों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कुकरैल नदी के कायाकल्प की प्रक्रिया को गति देने के लिए नगर विकास विभाग और राज्य स्वच्छ गंगा मिशन को निर्देशित किया गया कि वे गाद निकालने के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) को शीघ्र आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करें। मुख्य सचिव ने जिलों में गंगा और उसकी सहायक छोटी नदियोंख्रजैसे गोमती, यमुना, आमी, वरुणा, काली ईस्ट और हरनंदी के कायाकल्प पर विशेष ध्यान केंद्रित करने की बात कही।

उन्होंने जिला गंगा समितियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में विरासती कचरे और गाद को हटाने के लिए आवश्यक हस्तक्षेप करें और इसे कैंपेन मोड में समुदाय की भागीदारी के साथ लागू करें। उन्होंने राज्य स्वच्छ गंगा मिशन को सभी संब) विभागों से समन्वय कर कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अयोध्या के सरयू/घाघरा नदी तट पर प्रस्तावित श्राम अनुभव केंद्रश की परियोजना को विशेष प्राथमिकता दी गई। समिति ने इस परियोजना के लिए पहले से जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र को नवीनीख्रत करने हेतु एनएमसीजी को प्रस्ताव अग्रसारित करने की सिफारिश की। गंगा प्राधिकरण आद. ेश, 2016 की धारा 6 के तहत प्रयागराज, लखनऊ, सीतापुर, अयोध्या, आगरा और उन्नाव की 18 परियोजनाओं की समीक्षा कर उन्हें एनओसी जारी करने के लिए भी अनुमोदन प्रदान किया गया। राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के परियोजना निद. ेशक डॉ. राज शेखर ने बैठक में विभिन्न एजेंडा बिंदुओं पर जानकारी दी। मुख्य सचिव ने कार्यों की प्रगति पर संतोष जताया और सभी प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की। समिति द्वारा प्रस्तुत संपूर्ण कार्यसूची को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इस अवसर पर महाकुंभ 2025 की तैयारियों को लेकर स्वच्छता बुनियादी ढांचे और सूचना, शिक्षा व संचार (आईईसी) गतिविधियों की रूपरेखा से भी समिति को अवगत कराया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस, जन शिकायतों का हुआ निस्तारण

**सीतापुर।** जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान हेतु शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

तहसील लहरपुर में आयोजित कार्यक्रम में कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने एक-एक कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से यह निर्देश दिए साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर करें, ताकि समाधान संतोषजनक और गुणवत्तापूर्ण हो। लहरपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 97 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 11 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। जनपद की अन्य तहसीलों में मिश्रिख में प्राप्त 18 शिकायतों में से 2, सिधौली में 43 में से 6, महोली में 32 में से 4, महमूदाबाद में 52 में से 8, बिसवां में 49 में से 6 और तहसील सदर में प्राप्त 11 शिकायतों में से 3 का निस्तारण मौके पर किया गया।

# तिलोई में विकास कार्यों की हकीकत से रूबरू हुए सीडीओ

■ शैक्षिक संस्थानों से लेकर जल परियोजनाओं तक मिलीं खामियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तिलोई अमेठी।** संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त जन शिकायतों की समीक्षा के पश्चात अमेठी के मुख्य विकास अधिकारी श्री सूरज पटेल (आईएएस) ने विकास खंड तिलोई में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और पेयजल परियोजनाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अनेक अनियमितताएं और व्यवस्थागत कमियां सामने आईं, जिस पर संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए। निरीक्षण की शुरुआत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, तिलोई से हुई, जहां छात्राओं की उपस्थिति कम पाई गई। भोजन व्यवस्था संतोषजनक पाई गई लेकिन प्रधानाचार्य से स्पष्टीकरण लेकर उपस्थिति नियमित करने को कहा गया। भोजनालय, रसोई संचालन और पेयजल यंत्र की स्थिति की जांच कर खंड विकास अधिकारी को औचक निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया, वहीं खाद्य एवं रसद विभाग को खाद्य सामग्री की जांच कराने के निर्देश दिए गए।

ग्राम पंचायत भिलाई कला में आयोजित वीएचएनडी सत्र के निरीक्षण में एक 16 माह की बच्ची का वजन कम पाया गया। सीडीओ ने टीकाकरण की नियमितता और पोषण श्रेणी के बच्चों की पहचान व सुधार की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। भिलाई खुर्द स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में टेलीविजन, खेल सामग्री और जल आपूर्ति की स्थिति असंतोषजनक पाई गई। सभी कमियों के समयबद्ध सुधार के निर्देश दिए गए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को शिक्षण संस्थानों की व्यवस्थाओं का निराकरण कर पुनरावृत्ति रोकने की हिदायत दी गई। तदोपरांत ग्राम पंचायत भिलाई कला में निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना का निरीक्षण किया गया। कार्य में तकनीकी कमियां मिलने पर अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण को पुनः स्थल निरीक्षण कर बिंदुवार टिप्पणी प्रस्तुत करने और कार्यों को मानक अनुरूप पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। लापरवाही के लिए संबंधित कर्मचारियों को चेतावनी पत्र जारी करने को भी कहा गया। सीडीओ श्री पटेल ने कहा कि जनहित से जुड़ी योजनाओं में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## डिजिटल और वित्तीय रूप से सशक्त होंगी बेटियां

### योगी सरकार बनाएगी आत्मनिर्भर

**शाह टाइम्स बब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने बालिकाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक बड़ी पहल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में प्रदेश के 746 कस्तूरबा गांधी बालि. का विद्यालयों की लगभग 80 हजार छात्राओं को वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल कुशलता के प्रशिक्षण से लैस किया जाएगा।

यह प्रशिक्षण यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से 'पासपोर्ट टू अर्निंग' नामक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर निःशुल्क उपलब्ध होगा, जिससे छात्राएं प्रमाण-पत्र प्राप्त कर सकेंगी। नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप यह योजना बेटियों को व्यवहारिक और आधुनिक शिक्षा प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाएगी। प्रशिक्षण के माध्यम से छात्राएं वित्तीय निर्णय लेना, बचत और निवेश की समझ, ऋण प्रबंधन के साथ वित्तीय अनियमितताओं की पहचान करने में दक्ष होंगी। साथ ही, एक्सेल, पावरपॉइंट जैसे डिजिटल उपकरणों के प्रयोग और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर प्रमाण-पत्र अर्जन की प्रक्रिया में भी उन्हें महारत हासिल होगी। इस महत्वाकांक्षी योजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। पहले प्रत्येक विद्यालय से एक नोडल शिक्षक या शिक्षिका का चयन किया जाएगा, जिनका ऑनलाइन प्रशिक्षण मई के अंत तक पूरा होगा। इसके बाद जुलाई तक सभी छात्राओं का लॉगिन तैयार कर उन्हें कोर्स में शामिल किया जाएगा। छात्राएं सितंबर के मध्य तक वित्तीय साक्षरता कोर्स पूरा कर प्रमाण-पत्र प्राप्त करेंगी, जबकि अक्टूबर के अंत तक डिजिटल साक्षरता का प्रशिक्षण पूरा होगा। प्रशिक्षण प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा, जिसमें वीडियो, अभ्यास एवं मूल्यांकन शामिल हैं।

# ट्रांसफार्मर जलने से ग्रामीण अंधेरे में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** विद्युत उपकेंद्र करनैलगंज के कटरा फीडर अंतर्गत ग्राम कुंवरपुर अमरहा के मजरा दुर्जनपुरवा में तीन दिन पहले ट्रांसफार्मर जल गया,जिससे पूरे गांव की बिजली आपूर्ति ठप है। भीषण गर्मी में तापमान 40 डिग्री से अधिक होने के बावजूद ग्रामीण बिजली के बिना त्रस्त हैं। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग को सूचना दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। विभागीय लाप. रवाही से बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। पंखे, मोटर जैसे उपकरण बेकार पड़े हैं, और रातें अंधेरे में कट रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के बावजूद न तो कोई अधिकारी गांव पहुंचा और न ही नया ट्रांसफार्मर लगाया गया।

अधिवक्ता जीतलाल गोस्वामी सहित ग्रामीणों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर (एक्स) और अन्य माध्यमों से उच्चाधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की है। उन्होंने जले ट्रांसफार्मर को तत्काल बदलने और बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस गर्मी में बिजली के बिना जीवन मुश्किल हो गया है। इस संबंध में जब संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उनके फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर होने के कारण बात नहीं हो सकी। यह स्थिति विद्युत विभाग की उदासीनता को दर्शाती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस मामले में त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है ताकि ग्रामवासियों को राहत मिल सके।

## परस्पर तबादलों के सत्यापन में शिथिलता पर यूपी के 26 जिलों के बीएसए को कारण बताओ नोटिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में परस्पर तबादलों के ऑनलाइन आवेदन सत्यापन में लापरवाही बरतने पर बेसिक शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अख्तियार किया है। विभागीय कार्यों के प्रति गंभीरता न दिखाने पर बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने प्रदेश के 26 जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

उन्होंने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समयावधि में कार्यवाही न करना घोर लापरवाही है और इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन जिलों के बीएसए को यह नोटिस भेजा गया है, उनमें गोंडा, रायबरेली, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, बहराइच, वाराणसी, मिर्जापुर, महोबा, मैनपुरी, मथुरा, मुरादाबाद, औरैया, बस्ती, चंदौली, इटावा, संतकबीरनगर, शामली, उन्नाव, आगरा, बलरामपुर, फतेहपुर, हाथरस, जौनपुर, कानपुर नगर, महराजगंज और संभल शामिल हैं। शिक्षा निदेशक ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि संबंधित बीएसए यह स्पष्ट करें कि किन कारणों से ऑनलाइन सत्यापन की प्रक्रिया तय समय में पूरी नहीं की गई। उन्होंने चेताया कि यदि संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं होता है तो विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही भी अमल में लाई जा सकती है। सत्यापन में हुई देरी को देखते हुए तबादला प्रक्रिया की तिथि को आगे बढ़ाया गया है। निदेशक ने यह भी निर्देश दिया है कि अब बढ़ाई गई समयसीमा के भीतर हर हाल में सत्यापन की कार्यवाही पूरी की जाए, ताकि आगामी प्रक्रियाएं समयबद्ध तरीके से संचा. लित हो सकें और शिक्षकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

# देवीपाटन मंदिर में लगेगा फ्लोटिंग म्यूजिकल फाउंटेन: जयवीर सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने बलरामपुर जिले के तुलस. ीपुर स्थित प्राचीन और प्रसि( देवीपाटन मंदिर में एक अत्याधुनिक फ्लोटिंग म्यूजिकल फाउंटेन स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस परियोजना के तहत मंदिर परिसर में मल्टीमीडिया लेज़र शो, बीम प्रोजेक्शन और वॉटर स्क्रीन पर वीडियो प्रोजेक्शन की व्यवस्था की जाएगी, जो श्रद्धालुओं और पर्यटकों को एक रोमांचक और आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करेगी।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस नवीन पहल के लिए विभाग ने 'रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल' (आरए फपी) जारी कर दिया है। इस प्रक्रिया के तहत चयनित एजेंसी द्वारा ऑडियो-विजुअल सामग्री का निर्माण किया जाएगा, जिसमें प्रोडक्शन, सेटअप, प्रोग्रामिंग और सिंक्रोनाइ जेशन के तकनीकी पहलुओं को शामिल किया जाएगा। इस सामग्री का निर्माण पर्यटन विभाग द्वारा पूर्व अनुमोदित स्क्रिप्ट के आधार पर ही किया जाएगा।

परियोजना का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की समृद्ध सांस्ख्रतिक विरासत को तकनीक की सहायता से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना है। इस प्रस्तुति में लाइव-एक्शन फुटेज, एनीमेशन, कथानक, संगीत तथा डिजिटल चित्रण शामिल होंगे, जो मंदिर की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्ता को जीवंत रूप में दर्शाएंगे। जयवीर सिंह ने बताया कि इस परियोजना में गहन शोध और क्षेत्रीय भ्रमण को विशेष महत्व दिया जाएगा।

### मुख्यमंत्री योगी ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित राहत कार्यों के निर्देश दिए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बीते दिनों आई आंधी, बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबंधित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर स्थिति का निरीक्षण करें, सर्वे कराएं और राहत कार्यों पर सतत निगरानी बनाए रखें। मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट किया कि यदि किसी भी जनपद में आंधी-तूफान या वज्रपात से जनहा. नि अथवा पशुहानि हुई है तो प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत राशि प्रदान की जाए। साथ ही सभी घायलों को समुचित और निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने विशेष रूप से यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की प्रशासनिक शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

फसलों को हुए नुकसान के संबंध में उन्होंने निर्देश दिया कि संबंधित अधिकारीगण प्राथमिकता पर सर्वे कराएं और फसल क्षति का आकलन कर रिपोर्ट शासन को भेजें ताकि आगे की आवश्यक कार्यवाही तत्काल की जा सके। उन्होंने कहा कि किसानों की मदद के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएं।

## फलदार वृक्ष के काटने के बाद नही हुई कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** अवैध रूप से फलदार वृक्षों के काटने के बाद शिकायतकर्ता की शिकायत पर नहीं हुई कार्यवाही तो समाधान दिवस अमेठी तहसील में जाकर आज फिर करनी पड़ी शिकायत।मामला जनपद अमेठी के कोतवाली अमेठी क्षेत्र के ग्राम सभा नेरैनी का है जहां के निवासी हरविलास सिंह ने समाधान दिवस अमेठी में आज दिनांक 17/05/2025 को एक शिकायती पत्र दिया।

जिसमें उन्होंने बताया की 10/05/ 2025 को हमारे ग्राम सभा में 15 से 16 फलदार वृक्षों को काट के गिरा दिया गया। हमारी शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।आज मजबूरन हमें समाधान दिवस तहसील अमेठी में आकर फिर से शिकायत करना पड़ा।शिकायती पत्र पर समाधान दिवस अधिकारी ने नायब तहसीलदार को आदेशित किया है की मौके पर जाकर जांच करके तुरंत निस्तारण करें।हरविलास सिंह ने बताया कि जबकि 6 वृक्षों की नीलामी हुई और 15-16 वृक्षों को काटा गया।जब हरे पेड़ कट रहे थे तो हमने इसकी शिकायत की हमारे शिकायत करने के बाद हमें थाने बुलाया गया और वहां हमको बैठाये रखा गया और हमारी दोनों बेटियों को बुलाकर उनके ऊपर 151 की कार्यवाही की गई जबकि विपक्षी लोगों के ऊपर कार्यवाही करनी थी जिन्होंने फलदार वृक्षों को काटा था। लेकिन मौके पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं है हरविलास सिंह ने मांग की है हरे पेड़ों को काटने वालों केखिलाफ उचित कार्यवाही करते हुए उनको दण्डित किया जाना चाहिए।

# सुषमा खर्कवाल बनीं ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की अध्यक्ष

### लखनऊ के विकास मॉडल को मिलेगी राष्ट्रीय पहचान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** महानगर की मेयर सुषमा खर्कवाल को ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स (ए आइ सी एम) का अध्यक्ष चुना गया है। यह संगठन देशभर के नगर निगमों के महापौरों का एक साझा मंच है, जो शहरी विकास, प्रशासनिक समन्वय और नगर निकायों की चुनौतियों पर विचार-विमर्श करता है। इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए चुने जाने पर सुषमा खर्कवाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने अनुभव, ख्रष्टिकोण और लखनऊ के विकास मॉडल को राष्ट्रीय पटल पर ले जाने का कार्य करेंगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे देशभर के शहरों का अध्ययन कर वहां की समस्याओं को भी मंच पर लाएंगी और समाधान की दिशा में प्रयास करेंगी। सुषमा खर्कवाल का यह चयन केवल उनके व्यक्तिगत राजनैतिक जीवन का सम्मान नहीं, बल्कि लखनऊ नगर निगम की सक्रिय भूमिका और उसकी विकास योजनाओं की भी एक प्रकार से राष्ट्रीय मान्यता है।

उनके मेयर कार्यकाल में लखनऊ नगर निगम ने बुनियादी ढांचे, स्वच्छता, वायु गुणवत्ता और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में उल्लेखनीय प्रगति की है। हाल ही में 500 करोड़ रुपये से अधिक की धन. राशि इन विकास योजनाओं के लिए आवंटित की गई है, जिसमें 173 करोड़ रुपये ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, 64.50 करोड़ वायु गुणवत्ता सुधार और 160 करोड़ रुपये सड़क, नालियों, स्ट्रीट लाइट और खेल सुविधाओं के विकास के लिए निर्धारित हैं। तीन दशक से अधिक के राजनैतिक अनुभव वाली सुषमा खर्कवाल भाजपा की वरिष्ठ कार्यकर्ता रही हैं और अवध क्षेत्र महिला मोर्चा की अध्यक्ष के रूप में संगठनात्मक जिम्मेदारियां भी निभा चुकी हैं। लखनऊ की पहली महिला महापौरों में से एक होने के साथ-साथ वे अब राष्ट्रीय मंच पर महापौरों की आवाज बनेंगी, यह लखनऊ वासियों के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि इस नई भूमिका में भी वे लखनऊ के हितों को प्राथमिकता देंगी और नगर विकास के नए आयाम स्थापित करने का प्रयास करेंगी। ए आइ सी एम की अध्यक्ष के रूप में उनकी भूमिका न केवल नगर निकायों के बीच संवाद और समन्वय को मजबूती देगी, बल्कि लखनऊ को देशभर के शहरी विकास विमर्शों का केंद्र भी बनाएगी।

## कौशांबी में पुलिस मुठभेड़ में असलहा तस्कर गिरफ्तार

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले में एसओजी,,व पुलिस टीम ने असलहा तस्कर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शुक्रवार की रात्रि थानाध्यक्ष प्रभारी एसओजी सिद्धार्थ लसह थाना पिपरी पुलिस टीम के साथ कसेंदा बॉर्डर के समीप अपराधियों की धरपकड़ के सिल. सिले में मौजूद थे। इसी दौरान प्रयागराज की ओर से आ रहा एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार नजर आया। पुलिस टीम ने टॉर्च की रोशनी दिखाकर उसे रोकने का प्रयास किया, मगर युवक ने रफ्तार बढ़ाकर भागना शुरू कर दिया। एसओजी व थाना पिपरी की संयुक्त टीम ने तत्काल पीछा करते हुए पिपरी के पास घेराबंदी की। खुद को पुलिस से घिरता देख आरोपी मोटरसाइकिल लेकर बबूल और सरपत के झाड़ के बीच बनी कच्ची सड़क से भागने लगा। इसी दौरान उसकी बाइक ग्ने में फिसल गई और वह पैदल भागा। रो. कने पर उसने पुलिस टीम पर अवैध तमंचे से तीन राउंड फायलरग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा में फायलरग की, जिसमें आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अबू तालिब पुत्र अबरार निवासी मुबा. रकपुर, थाना नवाबगंज, जनपद प्रयागराज हाल पता - हटवा, थाना पूरामुफ्ती के रूप में हुई है। उसके पीठ पर बंधे पिठू बैग की तलाशी में 6 अवैध तमंचे, भारी मात्रा में कारतूस मिला है। पूछताछ में अबू तालिब ने खुलासा किया कि वह उक्त हथियारों को बेचने के उद्देश्य से ले जा रहा था। उसने यह भी स्वीकार किया कि जनवरी 2025 में वह डीसीएम ट्रक से गौवंश बिहार ले जा रहा था, जिसे चंदौली पुलिस ने पकड़ा था।

# स्वास्थ्य केंद्रों में लापरवाही पर सख्ती

### सीडीओ के निरीक्षण से कर्मचारियों में मचा हड़कंप

■ रात्रिकालीन निरीक्षण के उपरांत पाई स्वास्थ्य सेवाओं की कमियों को दुरुस्त करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जनपद अमेठी में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, चिकित्सकीय सेवाओं की गुणवत्ता तथा चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति की समीक्षा के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा दिनांक 16 मई 2025 को बिना पूर्व सूचना के रात्रिकालीन औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण जनसामान्य को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की मंशा से किया गया। निरीक्षण का आरंभ रात्रि 09:50 बजे जनपद के जिला चिकित्सालय गौरीगंज से किया गया। निरीक्षण के समय मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, उप जिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, चिकित्सक डॉ. पितांबर कन्नौजिया तथा फार्मासिस्ट जितेन्द्र पटेल उपस्थित पाए गए।

चिकित्सालय के सीएमएस के विषय में जानकारी ली गई तो बताया गया कि वे भोजन हेतु बाहर गए हैं। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि चिकित्सकों की पालीवार डड्यूटी निर्धारित नहीं की गई है तथा आपातकालीन कक्ष में भर्ती किए गए रोगियों की औषधीय पर्चियां अथवा रोग विवरण पंजी तैयार नहीं किया जा रहा है। चिकित्सालय परिसर की स्वच्छता व्यवस्था संतोषजनक नहीं थी। वार्ड में भर्ती रोगियों से संवाद किया गया, जिनके द्वारा यह अवगत कराया गया कि उन्हें नियत समय पर भोजन प्राप्त हो रहा है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से निर्देश दिए गए कि पसीएमएस यह सुनिश्चित करें कि समस्त चिकित्सकों की पालीवार ड्यूटी निर्धारित कर प्रतिदिन विवरण साझा किया जाए। चिकित्सालय में स्वच्छता व्यवस्था में सुधार लाया जाए तथा आपातकालीन एवं सामान्य कक्षों में भर्ती होने वाले प्रत्येक रोगी की रोग विवरण पर्ची अनिवार्य रूप से तैयार की जाए, जिससे उपचार में सुविधा प्राप्त हो एवं रोगी को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। इसके पश्चात रात्रि 10:46 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अमेठी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी अमेठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सक डॉ. उमेश कुमार, फार्मासिस्ट कमलेश कुमार तथा एमओआईसी डॉ आलोक तिवारी उपस्थित रहे।

## बहेड़ी में भाजपा के दो गुटों में टकराव

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने सांसद के भतीजे को बताया भू-माफिया



**सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से हो रहा है वायरल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पूर्व ब्लॉक प्रमुख बहेड़ी चौधरी आराम सिंह ने बरेली से भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार के भतीजे दुष्यंत गंगवार पर भू-माफिया होने का आरोप लगाया है, इसके साथ ही सांसद को संरक्षक बताया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने से यहां की राजनीति में खलबली मच गई है।

बहेड़ी की 118 विधानसभा सीट पर भाजपा के दो गुटों में टकराव देखने को मिल रहा है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख और भाजपा नेता चौधरी आराम सिंह ने पूर्व विधायक और बरेली से सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार के भतीजे दुष्यंत गंगवार पर जमकर हमला बोला है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में चौधरी आराम सिंह ने सांसद के भतीजे दुष्यंत गंगवार पर भू-माफिया होने का आरोप लगाया है, जिससे बहेड़ी की राजनीति में हलचल मच गई है। वायरल वीडियो में उन्होंने कहा कि सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार के भतीजे दुष्यन्त गंगवार को सांसद का संरक्षण प्राप्त है। इस वीडियो के वायरल होने से भाजपा की गुटबाजी सामने आ गई है। जहां दो गुट एक-दूसरे के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। चौधरी आराम सिंह और दुष्यंत गंगवार के बीच टकराव की स्थिति हो गई है।

चौधरी आराम सिंह ने दुष्यंत गंग. वार पर भू-माफिया का आरोप लगाते हुए कहा कि वह अवैध तरीके से जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। इस आरोप के बाद बहेड़ी में राजनीतिक हलकों में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। अब देखना यह होगा कि दुष्यंत गंगवार इस आरोप पर क्या जवाब देते हैं, और यह टकराव आगे किस मोड़ पर जाता है। चौधरी आराम सिंह का यह टकराव बहेड़ी की राजनीति पर क्या असर डालेगा, यह देखने वाली बात होगी। क्या यह भाजपा के लिए नुकसान दायक साबित होगा, अब यह सवाल खड़ा हो गया है।

# नाथ कॉरिडोर से खुलेंगे रोजगार के नए द्वार: डीएम

**जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को पूरी भव्यता, गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ किये जाने के दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को नाथ कॉरिडोर के अंतर्गत पर्यटन विभाग की स्वीकृत परियोजनाओं के निर्धारित समयान्तर्गत कार्य प्रारम्भ किये जाने एवं नाथ कॉरिडोर के अंतर्गत अन्य समस्त विभागों की क्रियान्वित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में उपाध्यक्ष बरेली विकास प्राधिकरण ने अवगत कराया कि कार्यदायी संस्था का धर्मकांटा से डेलापीर रोड पर इंटरलॉकिंग का कार्य बहुत ज्यादा खराब है। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि नाथ कॉरिडोर के कार्य को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है, यह कार्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं में से है। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यदायी संस्थाएं, अन्य जनपद जहां कॉरिडोर का निर्माण हुआ है, वहां से मार्गदर्शन भी ले सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि मेरे द्वारा किये गये निरीक्षणों में कॉरिडोर जैसी फील का कार्य नहीं हुआ है। आज की मीटिंग के बाद कार्य को योजनाबद्ध तरीके से कार्य को गति दें, और फिर पुन: कार्यों का निरीक्षण किया जाएगा।

बैठक में कार्यदायी संस्था ने बताया कि रोड चौड़ीकरण आदि का कार्य कराया गया है, लेकिन विद्युत पोल अभी नहीं हट पाये हैं। उप निदेशक पर्यटन ने बताया कि पर्यटन विकास के अन्तर्गत पशुपति नाथ मंदिर में प्रवेश




द्वार व चाहर दीवारी का कार्य, अलखनाथ मंदिर में मुख्य द्वार, लाइब्रेरी, प्रसाद शॉप, शौचालय व ओपन थियेटर का कार्य, तुलसीमठ मंदिर में मुख्य द्वार, वैदिक लाइब्रेरी, सत्संग भवन, धर्मशाला का कार्य, त्रिवटीनाथ मंदिर में सत्संग भवन, शौचालय, प्रवेश द्वार का कार्य, वनखण्डी नाथ मंदिर में मंदिर के निकट नगर निगम की भूमि पर पार्क, पार्किंग, शौचालय, शॉप्स आदि बनायी जाएगी। तपेश्वर नाथ मंदिर में लाइब्रेरी, पार्किंग, प्रसाद शॉप, शौचालय का कार्य, तपेश्वर नाथ मंदिर में धर्माध कार्यों में शिवालय सुदृढ़ीकरण, मढ़ीनाथ मंदिर में प्रवेश द्वार व अन्य कार्य होना है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि टाइल्स या ग्रेनाइट आदि लगाने से पूर्व उच्चाधिकारियों से भी राय ले लें। सभी सम्बंधित विभाग जैसे-नगर निगम, बरेली विकास प्राधिकरण, पर्यटन विभाग व कार्यदायी संस्थाएं आपसी समन्वय के साथ स्थानों को चिन्हित कर लें, जहां से कार्य की प्रस्तुति बेहतर हो।

बैठक में बुलाए गए महंतों से भी उनके सुझाव मांगे गए, जिसमें मढ़ीनाथ के महंत ने बताया कि मंदिर परिसर में पानी भर जाता है। पशुपतिनाथ के महंत ने बताया कि मुख्य सड़क से मंदिर तक जल भराव हो जाता है। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को उक्त समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बैठक में उपाध्यक्ष बरेली विकास प्राधिकरण मणिकंदन ए., सचिव बरेली विकास प्राधिकरण योगेन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार, उप जिलाधिकारी सदर, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, उप निदेशक पर्यटन, कार्यदायी संस्थाएं सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## महिला व उसके बेटे के साथ की मारपीट पुलिस जुटी जांच में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के गांव माधौपुर माफी निवासी एक महिला ने पुलिस से शिकायत कर बताया कि मैं और मेरा बेटा फैज अपनी दुकान पर बैठे थे। उसी समय गांव के ही तहजीम, कलीम एक अज्ञात व्यक्ति के साथ आए वह नशे की हालत मे थे और मुझे गन्दी गन्दी गालियां देने लगे। जिसका मैंने विरोध किया तो बदसलूकी की और उन्होंने दुकान से खींचकर मुझे और मेरे बेटे को मारा पीटा। मेरे सिर में लाठी लगने से मेरा सिर फट गया। शोर सराबा सुनकर मेरे पति भी आ गए, तब तक वह लोग दुकान के गल्ले में रखे पचपन सौ रुपये और नाक की सोने की लोंग लेकर भाग गए। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है।

# नशे में धुत बारातियों के हुड़दंग किए जाने पर घराती बराती भिड़े

**बिना दुल्हन के वापस लौटी बारात**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** शराब के नशे में धुत बारातियों के हुड़दंग किए जाने पर घराती और बराती भिड़ गए, दोनों के बीच खूब हाथा पाई और चाकू बाजी हो गई, जिसमें दुल्हन का भाई घायल हो गया, जिसे गंभीर हालत में बरेली अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हंगामा और मारपीट के बाद बारात बिना दुल्हन के ही बैरंग लौट गई।

मिली जानकारी के मुताबिक थाना हाफिजगंज क्षेत्र के एक गांव से नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की शाम बारात आई थी, जिसमें कुछ बाराती शराब के नशे में धुत होकर हंगामा करने लगे थे, जिसका वधु पक्ष के लोगों ने विरोध किया तो फिर दोनों के बीच भिड़ंत हो गई। फिर क्या था दोनों ओर से जमकर मारपीट शुरू हो गई। बताया जाता है किसी ने बधु के भाई पर धारदार हथियार से बार कर दिया, जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गया, उसे महानगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

हंगामा और मारपीट के बाद शादी के घर में सन्नाटा छा गया, और दुल्हन ने शादी करने से साफ इंकार कर दिया, जिसके चलते बारात बिना दुल्हन के ही खाली हाथ लौट गई। बताया जाता है कि गुरुवार को सारे दिन दोनों पक्षों के बीच समझौते के प्रयास किए जाते रहे, लेकिन वधु पक्ष किसी भी सूरत में शादी को तैयार नहीं हुआ, और वह दिए गए दहेज की कीमत पर अड़ा था।

# डीएम ने सुनीं जनता की फरियादें

**पूर्व की प्राप्त शिकायतों के संदर्भ में शिकायतकर्ताओं से फोन पर निस्तारण के संबंध में ली जानकारी**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील मीरगंज के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) का आयोजन हुआ।

डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के रजिस्टर का अवलोकन किया, तथा रजिस्टर में अंकित शिकायतकर्ताओं से फोन पर वार्ता भी की, और पाया कि कुछ शिकायतों का निस्तारण अभी तक नहीं हुआ है, तथा रजिस्टर में शिकायत का निस्तारण दिखा दिया गया है, जिसपर डीएम ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को जनसामान्य की समस्याओं का ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जनता दर्शन, सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) एवं समाधान दिवस (थाना दिवस) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त अधिकारी सम्पूर्ण समाधान दिवस में अवश्य आएं, और जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उनका त्वरित निस्तारण भी करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अवैध कब्जा, राशन कार्ड, पेंशन आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में निवासी दोंद आलमपुर ने आम रास्ते पर अवैध कब्जा हटवाने का अनुरोध किया, जिसपर डीएम ने राजस्व निरीक्षक, लेखपाल को पैमाइश उपरांत चकरोड खाली कराए जाने के निर्देश दिए।

ग्राम प्रधान हल्दी खुर्द द्वारा गौशाला में विद्युत कनेक्शन कराने का अनुरोध किया, जिसपर डीएम ने अधिशासी अभियंता विद्युत को कनेक्शन हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एक आवेदक द्वारा राशन कार्ड में यूनिट जुड़वाने का अनुरोध किया गया, जिसपर डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. विश्राम सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी मीरगंज तृप्ति गुप्ता सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### दबंगों ने बच्चे को घेरकर पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** मीना पत्नी भगवानदास निवासी ग्राम धन्तिया ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत कर बताया कि शाम के समय मेरा बेटा अपने घर से बाग की तरफ बकरी देखने को जा रहा था। उसी समय बाग में पुलिस थी। पुलिस ने मेरे बेटे से पूछा कि यहां पर जुआं होता है। मेरे बेटे अजय ने बताया कि हां जी सर यहां पर जुआं होता है। इतना पूछ पुलिस चली गई। अजय अपने घर को चला आया। तभी गांव के साहिल, अकील, रफीक ने रास्ता घेरकर बोले कि तूने पुलिस वालों को क्यों बताया कि यहां पर जुआं होता है। इस बात को लेकर वह मेरे बेटे को मारने लगे। मैं उसे बचाने गई तो मुझको भी मारा और गालियां दी। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जाँच शुरु कर दी है।

### युवक की घर में खींचकर लगाई पिटाई, सिर फूटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अधिवक्ता और उसकी पत्नी पर रिपोर्ट दर्ज**

**नवाबगंज।** घटना कस्बे की बस्ती आदर्श नगर भगवती इण्टर कॉलेज की है, बस्ती के युवक अंकित कुमार को 14 मई की शाम 7:56 बजे अधिवक्ता महेन्द्र पाल सिंह राठौर के पुत्र रोहन राठौर ने फोन करके अपने घर विजौरिया हनुमान मंदिर के पास कुछ बात करने को कहकर बुलाया था, बताया जाता है कि अंकित कुमार बाजार से लौटकर जब रोहन राठौर के घर पहुंचा तो रोहन राठौर, उसके भाई, उसकी मां, उसके पिता अधिवक्ता महेन्द्र पाल सिंह राठौर और उसके भाई प्रदीप राठौर ने उसे बुरी तरह से मारना शुरू कर दिया, आरोप है कि सभी उसे घर में खींचकर ले गए, जहां उसपर जान से मारने की नियत से धारधार हथियार से हमला किया गया, जिससे उसका सर फट गया। वह पूछता रहा कि उसे क्यों मार रहे हो, लेकिन उसकी किसी ने एक नहीं सुनी। घटना की तहरीर दिए जाने के बाद पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया, और अधिवक्ता महेन्द्र पाल सिंह राठौर, उनकी पत्नी, उनके पुत्र रोहन राठौर, रोहन के भाई सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर इसकी जांच शुरू कर दी है।

### दर्ज आपत्तियों का हुआ निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** 30 मई को होने वाले एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर जारी की गई मतदाता सूची पर दाखिल की गई सभी आपत्तियों का निस्तारण कर दिया गया। अब 20 मई को अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी।

संगठन के अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी द्वारा दी गई जानकारी के मुता. बिक संगठन द्वारा जारी की गई 188 सदस्यों की मतदाता सूची पर दाखिल की गई आपत्तियों पर लाल बहादुर ओर प्रेमशंकर के नाम मतदाता सूची में शामिल कर लिए गए। साथ ही अधिवक्ता सुरेश पटेल द्वारा अशोक कुमार के नाम पर दाखिल की गई आपत्ति को बल हीन मानते हुए चुनाव अधिकारी सुधाकर लाल रस्तोगी ने खारिज कर दिया।

इसके साथ ही अधिवक्ता उपेन्द्र गंगवार द्वारा दाखिल की गई आपत्ती को भी चुनाव अधिकारी सुधाकर लाल रस्तोगी ने खारिज कर दिया। अब 20 मई को फाइनल मतदाता सूची जारी की जाएगी, और 20 और 21 मई को नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे, और 30 मई को चुनाव होगा।

### खनन करते प्रशासन ने पकड़ीं कई ट्रैक्टर-ट्रॉलियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** दो सप्ताह पहले यहां पहुंचे नव नियुक्त डीएम अभिनाश सिंह के सामने क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रहे खनन का मुद्दा उठाया था, जिसपर डीएम ने कोतवाल राहुल सिंह को तलब कर इसपर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए थे। शनिवार को तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह को क्षेत्र में खनन किए जाने की शिकायत मिली, जिसपर उन्होंने तत्काल ही नायब तहसीलदार सत्यवीर सिंह को स्थल पर भेजा। नायब तहस. ीलदार ने सबसे पहले क्षेत्र के गांव सिजौलिया की नदी से रेत का खनन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। उसके बाद नायब तहसीलदार सत्यवीर सिंह ने ग्राम पनुआं में मशीन से खनन करते हुए तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ ही मशीन को भी पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।




तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने बताया कि पकड़ी गई सभी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और मशीन की रिपोर्ट डीएम को भेजी जा रही है।

### दहेज के दानव ने महिला को दिया तीन तलाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र में दहेज की हवस ने एक परिवार को तबाह कर दिया। दहेज में मोटरसाइकिल न मिलने पर महिला को पति और ससुराल वालों ने तीन तलाक के कागज थमाए और बेदर्दी से घर से निकाल दिया। ये मामला सिर्फ व्यक्तिगत अत्याचार नहीं, बल्कि महिलाओं के खिलाफ जारी सामाजिक नफरत और लूट का भी आईना है। पीड़िता मुस्कान ने बताया कि शादी के कुछ ही महीने बाद से उसके ससुराल वालों ने मोटरसाइकिल की मांग शुरू कर दी। मां की आर्थिक तंगी के कारण मना करने पर पति सुब्हान और अन्य ससुराल पक्ष के लोग उसे बेरहमी से पीटते रहे। नौबत यहां तक आई कि पति ने सबके सामने तीन बार "मैंने तुझे तलाक दी" कहकर अपनी पत्नी को घर से निकाल दिया। मुस्कान की शिकायत पर कांकरटोला पुलिस ने काम नहीं किया, उल्टा बिना पूछे समझौता करा दिया, और कुछ कागजों पर दस्तखत करवा लिए, जिन्हें पढ़ना-लिखना न जानने वाली महिला समझ भी नहीं पाई। लेकिन एडीजी रमित शर्मा के सख्त आदेश पर अब पुलिस ने पति समेत दस आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि दहेज प्रथा के चलते हो रहे महिला उत्पीड़न की शर्मनाक तस्वीर है।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर भ्रष्टाचार और गबन का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** शेरगढ़ ब्लॉक के ग्राम सालार नगला में आंगनबाड़ी कार्यकत्री चंचला कुमारी पर भ्रष्टाचार और गबन के आरोप लगे हैं। आरोप है कि चंचला कुमारी ने फर्जी तरीके से नौकरी हासिल की है, और लाभार्थियों से अंगूठा लगवाकर पोषाहार का गबन किया है।

आरोप है कि चंचला कुमारी ने अपने चयन के समय ग्राम चठिया के पते पर विधवा होने का फर्जी दावा किया था, जबकि वह 10 वर्षों से नवाबगंज में रिटायर फौजी के साथ रह रही है। इसके बावजूद वह आंगनबाड़ी केंद्र पर अनियमित रूप से आती है, और लाभार्थियों को समय पर पोषाहार नहीं देती है। आरोप है कि ब्लॉक की टीम ने 15 मई 2025 को एक महीने का पोषाहार वितरित किया था, लेकिन लाभार्थियों से चार महीने के पोषाहार के वितरण पर निशानी अंगूठा लगवा लिया गया था। जब लाभार्थी पोषाहार लेने गए तो उन्हें मना कर दिया गया, और गंदी-गंदी गालियां दी गईं।

लाभार्थियों का आरोप है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री चंचला कुमारी ब्लॉक के कर्मचारियों और अधिकारियों को हिस्सा देती है, जिसके कारण कोई भी उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं करता है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

# तहसील समाधन दिवस में एसडीएम ने सुनीं शिकायतें



**17 में से तीन शिकायतों का हुआ निस्तारण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** तहसील समाधान दिवस में एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान कुल 17 शिकायतें आईं, जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि बाकी शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंप दिया गया।

तहसील दिवस में गन्ना भुगतान का मुद्दा छाया रहा। किसानों ने एसडीएम से शिकायत कर जल्द गन्ने का भुगतान कराए जाने की मांग की।

इसके अलावा राशन कार्ड बनवाने के लिए भी कई शिकायतें आईं। एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने कहा कि शिकायतों का सही और समय से निस्तारण किया जाए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायतों को गंभीरता से लें, और उनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करें। इस मौके पर एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव, तहसीलदार भानू प्रताप सिंह सहित तमाम विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कार की मांग को लेकर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** दहेज लोभियों ने एक नव विवाहिता को इसलिए मारपीट कर घर से निकाल दिया, क्योंकि उसके पिता ऑल्टो कार नहीं दे पाए। विवाि. हता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

जनपद पीलीभीत के थाना जहानाबाद के गांव गोंच गहलुइया के रहने वाले अवध किशोर ने अपनी पुत्रि नीतू देवी की शादी बड़ी ही धूम धाम के साथ क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव के गांव डंडिया सफदर अली के रहने वाले वेदपाल के पुत्र कमलेश गंगवार के साथ की थी। बताया जाता है कि अवध किशोर ने शादी में करीब 8 लाख रुपये खर्च किए थे। आरोप है कि ससुराल के लोग दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे, और आए दिन कम दहेज को लेकर विवाहिता को ताना देते रहते थे। आरोप है कि दहेज लोभियों ने विवाहिता से ऑल्टो कार की मांग शुरू कर दी, विवाहिता ने इस मांग की अपने परिजनों को जानकारी दी, जिसपर परि. जनों ने असमर्थता व्यक्त कर दी, जिसपर दहेज लोभियों ने गुजरे माह 18 अप्रैल को विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने विवाि. हता की तहरीर पर पति कमलेश गंग. वार, ससुर वेदपाल, सास माया देवी, ननद विमलेश, पूजा, करिश्मा, आरती और देवर शिवा के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की है।

# देवरनियां कोतवाली में बनी एक और पुलिस चौकी

**भोपतपुर में अस्थाई पुलिस चौकी का आज उद्घाटन करेंगे पुलिस कप्तान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** कोतवाली देवरनियां में एक और पुलिस चौकी बन गई है। रविवार (आज) भोपतपुर में खुली इस अस्थाई पुलिस चौकी का उदघाटन पुलिस कप्तान करेंगें।

कोतवाली देवरनियां में पांच हल्के पड़ते हैं। अब तक हल्का दो के कस्बा रिछा में स्थाई पुलिस चौकी कोतवाली की स्थापना के बाद से स्थित है। कोतवाली क्षेत्र में एक और पुलिस चौकी की जरुरत महसूस की जा रही थी। वार्षिक मुआयने के समय हल्का तीन में सेमीखेड़ा-बरौर रोड पर पड़ने वाले भोपतपुर अड्डे पर पुलिस चौकी निर्माण की मांग एसपी नार्थ मुकेश चन्द्र मिश्र के सामने शाह टाइम्स के देवर. नियां संवाददाता नरेश मिश्रा ने उठाई थी। क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से भोपतपुर अड्डे पर सेमीखेड़ा-बरौर रोड किनारे अस्थाई पुलिस चौकी का निर्माण कराया गया। इसमें कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा के अलावा हल्का तीन में तैनात हेड कांस्टेबल सचिन ने अहम भूमिका निभाई, और उदरा ग्राम प्रधान विनोद कुमार गंगवार ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया।




कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा के मुताबिक अस्थाई पुलिस चौकी भोपतपुर का उदघाटन रविवार (आज) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य करेगें। फिलहाल चौकी पर हल्के में तैनात दरोगा अनिल कुमार के अलावा जो कांस्टेबल तैनात हैं, वही रहेगें। इस चौकी क्षेत्र में कस्बा मुंडिया जागीर समेत 22 गांव हैं। इधर भोपतपुर में अस्थाई पुलिस चौकी बन जाने से अपराधिक घटनाओं को रोकने में अहम भूमिका मिलेगी। क्योंकि यह क्षेत्र नबा. वगंज थाने से सटा हुआ है। फिलहाल चौकी के उदघाटन की तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है।

# बुजुर्ग से मारपीट करने वाला युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** शहर की कानून व्यवस्था पर एक बार फिर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। प्रेमनगर थाना क्षेत्र में शाहबाद पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर दबंग ने एक सर्राफा दुकानदार के यहां बैठे बुजुर्ग की सरेआम पिटाई कर दी। हैरानी की बात यह रही कि महज 50 मीटर की दूरी पर तैनात पुलिसकर्मी सब कुछ देखता रहा, लेकिन एक कदम तक नहीं बढ़ाया। अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिससे पुलिस की कार्य शैली पर जनता में आक्रोश है।

पीड़ित अरुण वर्मा ने बताया कि उनकी दुकान चौकी के सामने ही है। शुक्रवार को उनके यहां अमित सक्सेना बैठे थे, तभी शाहबाद निवासी सिद्धार्थ पांडे उर्फ सिद्धी शराब के नशे में धुत होकर पहुंचा, और रंगदारी में दस हजार रुपये मांगने लगा। जब विरोध हुआ तो आरोपी ने अमित सक्सेना पर हमला बोल दिया, और मारपीट शुरू कर दी। गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई।

इस शर्मनाक घटना का वीडियो अब वायरल हो चुका है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि पुलिस चौकी के पास खड़ा सिपाही मूकदर्शक बना खड़ा रहा। घटना के बाद हरकत में आई पुलिस ने दो घंटे के भीतर आरोपी को उसके घर से दबोच लिया।



प्रेमनगर इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी के अनुसार, आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जब पुलिस चौकी के सामने भी लोग सुरक्षित नहीं, तो फिर आमजन कैसे महफूज रहेगी।

# शीशगढ़ से दिल्ली, उत्तराखण्ड के लिए रोडवेज बस सेवा चालू कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** नगरवासियों ने शीशगढ़ से आनन्द बिहार दिल्ली और बरेली से शीशगढ़, बिलासपुर, रुद्रपुर, हल्द्वानी तक रोडबेज बस संचालित कराने को क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश परिवहन निगम बरेली को पत्र लिखकर गुहार लगाई है।

कस्बे के रामप्रकाश गुप्ता,राम औतार, प्रमोद देवल, शिवकुमार कठेरिया, अरविन्द कुमार, अली अहमद ने क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को पत्र के माध्यम से बताया है कि नगर पंचायत शीशगढ़ से लगभग 50 गांव जुड़े हुए हैं। इन गांवों के ग्रामीणों को राजधानी दिल्ली व उत्तराखंड तक जाने के लिए डग्गामार बसों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे समय के साथ ही खर्च भी अधिक वहन करना पड़ता है। डग्गामार बसों से हमेशा दुर्घटना का डर भी बना रहता है। इसलिए कस्बे से एक बस दिल्ली आनन्द बिहार व एक बस बरेली से शीशगढ़, बिलासपुर, रुद्रपुर होती हुई हल्द्वानी तक संचालित हो जाए, तो ग्रामीण जनता को उसका पूरा लाभ मिलेगा। पूर्व में बरेली से शीशगढ़ होते हुए दिल्ली तक रोडवेज बस सेवा संचालित थी जो अब बहुत समय से बंद चल रही है।

### चेयरमैन नीलोफर ने भी रोडवेज बस सेवा शुरू करने की मांग उठाई

चेयरमैन नीलोफर ने भी इस मामले में परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक को पत्र भेजकर शीशगढ़ से दिल्ली व बरेली से शीशगढ़, बिलासपुर, हल्द्वानी तक रोडवेज बस सेवा संचालित किए जाने की मांग उठाई है। चेयरमैन नीलोफर ने लिखा है कि जनहित में रोडवेज बसें चलाए जाना अतिआवश्यक है। जल्द से जल्द संचालन शुरू होना चाहिए।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# पशु कारोबारी के दो हत्यारों को उम्रकैद

**■ कोर्ट ने बीस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पशु कारोबारी की हत्या में दो बदमाशों को उम्रकैद की सजा सुनायी गयी है। दोनों पर संयुक्त रूप से बीस हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

2 जून 2015 की वारदात नौगावां सादात थाना क्षेत्र की थी। बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव कुआंखेड़ा में पशु कारोबारी असलम का परिवार रहता है। वारदात वाले दिन वह अपने बेटे फईम के साथ बाजार में पशु बेचकर बाइक से घर वापस लौट रहे थे। बाइक फईम चला रहा था जबकि असलम पीछे बैठे थे। जैसे ही बाइक सवार पिता-पुत्र अमरोहा-धनौरा मार्ग पर गांव कुरी के पास पहुंचे तभी बाइक पर सवार होकर आ रहे दो बदमाशों ने इनका पीछा करना शुरू कर दिया। बदमाशों ने बाइक को रुकवाने का प्रयास किया तो फईम ने रफ्तार और तेज कर दी। एक बदमाश ने तमंचा निकालकर गोली मारने की कोशिश की तो फईम ने उसका तमंचा पकड़ लिया।

खींचतान के दौरान फईम की बाइक गिर गई थी, उसी दौरान दूसरे बदमाश ने फईम के सीने में गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद बदमाश अपनी बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गए थे। मामले में असलम की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट के प्रयास और हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने क्षेत्र के गांव बोराबोरी निवासी फुरकान और गजरौला थाना क्षेत्र के गांव कसेरवा निवासी जीशान को गिरफ्तार करते हुए चालान किया था। जीशान किसी दूसरे केस में जेल में है जबकि फुरकान जमानत पर था। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता रविंद्र गर्ग ने की। शनिवार को अदालत में मुकदमे की आखिरी सुनवाई की गई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर फुरकान और जीशान को दोषी करार दिया। दोनों को उम्रकैद की सजा सुनाई तथा दस-दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया

# युवक के हत्यारे को आजीवन कारावास

**■ भाभी से अवैध संबंधों के शक में मारी थी गोली**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भाभी से अवैध संबंध के शक में 13 साल पहले ईद के दिन युवक की गोली मारकर हत्या करने वाले को अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई। दोषी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया जबकि संदेह का लाभ देते हुए दो आरोपियों को बरी कर दिया।

10 अगस्त 2013 का ये हत्याकांड सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर देव में हुआ था। गांव में किसान अब्दुल अजीज का परिवार रहता है। उनका बेटा इमरान बिहार में नौकरी करता था। ईद के चलते वह घर आया हुआ था। खास ईद के दिन गांव का रहने वाला रिफाकत उसे घर से बुलाकर ले गया था। इसके बाद काफी तलाश करने पर भी इमरान का कोई सुराग नहीं मिला था। 13 अगस्त 2013 को संभल जिले के नखासा थाना क्षेत्र के गांव मन्नी खेड़ा में एक खेत से इमरान का शव बरामद हुआ था। गोली मारकर उसकी हत्या की गई थी। मामले में गांव के चौकीदार ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पांच दिन बाद 18 अगस्त को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने इमरान की पहचान की थी, मामले में गांव के रहने वाले रिफाकत पर घर से ले जाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले में रिफाकत के अलावा संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव सबीरनपुर के रहने वाले गुलाम और उसके दोस्त कासिम को भी नामजद किया था। रिफाकत की निशानदेही पर 12 बोर का तमंचा और खोखा कारतूस बरामद हुए थे। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। फिलहाल तीनों जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय नसीमा खानम की अदालत में चल रही थी। शनिवार को अदालत में मुकदमे की आखिरी सुनवाई हुई।

पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर रिफाकत को दोषी करार दिया गया। उम्रकैद की सजा सुनाते हुए 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। वहीं, संदेह का लाभ देते हुए गुलाम और कासिम को साथ बरी कर दिया। एडीजीसी देवेश नागर ने बताया कि हत्यारोपी रिफाकत को शक था कि इमरान के उसकी भाभी से संबंध हैं। इसी शक के चलते रिफाकत के भाई ने अपनी पत्नी को तलाक दे दिया था। शक को लेकर पनपी रंजिश में इमरान की हत्या की गई थी।

# फांसी के फंदे पर लटकने से हुई थी छात्रा की मौत

## आरोपी युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** संदिग्ध अवस्था में हुई छात्रा की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लिया है। गांव में तनाव को देखते ही पुलिस बल तैनात है जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में छात्रा की मौत का कारण हैंगिंग आया है।

**■ तनाव देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात**

थाना क्षेत्र के एक में गांव में शुक्रवार दोपहर एक छात्रा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। परिजनों ने गांव के ही रहने वाले एक युवक पर हत्या करने का आरोप लगाया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम को भेज दिया था लेकिन शुरुआत से ही छात्रा की मौत का मामला उलझा हुआ दिखाई दे रहा था। गांव में प्रेम-प्रसंग को लेकर जारी चर्चाओं के बीच पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया था। वहीं, एएसपी-सीओ ने मौका मुआयना करने के बाद तनाव देखते हुए गांव में पुलिस बल की तैनाती करा दी थी। इसके बाद छात्रा के पिता की तहरीर के आधार पर गांव के रहने वाले दो युवकों के खिलाफ पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के आरोप में मुक. दमा दर्ज किया था लेकिन शाम होते-होते आई पोस्टमार्टम की रिपोर्ट ने छात्रा की मौत के मामले में उलझी पुलिस को नई कश्मकश में डाल दिया। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में छात्रा की मौत का कारण हैंगिंग आया है। अधिकांश मामलों में हैंगिंग फंदे पर लटकने या लटकाने के कारण आता है। फिलहाल मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। अग्रिम कार्रवाई को लेकर विवेचक ने मामले में अभियोजन से भी राय मांगी है।

# सड़क हादसे में घायल फैक्ट्री कर्मी की मौत

## चार दिन पूर्व हुआ था घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हाईवे पर चार दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल फैक्ट्री कर्मी की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया है।

संभल जिले के एचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव अखवंदपुर निवासी समरपाल सिंह का 35 वर्षीय भतीजा महेंद्र डिडौली क्षेत्र में हाईवे पर स्थित एक फैक्ट्री में नौकरी करता था। बीती 13 मई को वह ड्यूटी पूरी होने के बाद अपने साथी पवन कुमार की बाइक पर बैठकर घर लौट रहा था। अम्हेड़ा जियारत की पुलिया तेज रफ्तार बाइक से इनकी बाइक की भिड़ंत हो गई थी। हादसे में महेंद्र गंभीर घायल हो गया था। सूचना पर पहुंचे परिजन बेहतर उपचार के लिए जोया सीएचसी में भर्ती महेंद्र को निजी अस्पताल ले गए थे। फिलहाल दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार के बीच शुक्रवार को महेंद्र की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में मृतक के चाचा समरपाल सिंह की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा

# मर्सिये पर आधारित किताब गुलाब का इजरा

## उर्दू के रियावती मर्सियों को भी किया शामिल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर के मोहल्ला मजापोता स्थित इमाम बारगाह मैमूना खातून में प्रोफेसर अब्बास रजा नय्यर जलालपुरी ने हजरत अली असगर की शान में मर्सिया पेश किया। इस दौरान मरसिए पर आधारित किताब गुलाब का विमोचन भी हुआ। सेवानिवृत डिप्टी एसपी रिजवान हैदर की याद में आयोजित हुई मजलिस में प्रोफेसर अब्बास रजा नय्यर ने रिजवान हैदर के कहने पर ही ये मर्सिया लिखा था। जिसमें पेरिस के राष्ट्रीय कवि एलेग्जेंडर गिनल द्वारा फ्रेंच में हजरत अली असगर के लिए लिखे गए मर्सिया का रूपांतरण भी शामिल किया गया है। इसके अलावा उर्दू के रिवायती मरसिए को भी इसमें शामिल रखा गया है। प्रोफेसर जलाल. पुरी ने कहा कि मुझे इस मरसिए को लिखने के लिए पेरिस तक जाना पड़ा। किताब गुलाब का विमोचन मौलाना एजाज हैदर, कारवाने खुलूस संस्था के अध्यक्ष महबूब हुसैन जैदी, सैय्यद ओवेस मुस्तफा रिजवी, पंडित भुवन शर्मा, मौलाना कौसर मुज्तबा, एकेके इंटर कालेज के प्रधानाचार्य आदिल अब्बासी, जामिया मिल्लिया इस्लामिया के पुस्तकालय इंचार्ज डा. हसन जमाल आबिदी, पूर्व पालिक. ाध्यक्ष डा.अफसर परवेज, डा.मिस्बाह अहमद सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# नाली के पानी के विवाद में भिड़े दो पक्ष

## दोनों तरफ से 12 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** घर के सामने नाली के पानी को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया, जमकर लाठी डंडे चले। एक-दूसरे को दौड़ाकर पीटने के साथ जान से मारने की धमकी दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बिगड़ते हालात पर काबू पाया। मामले में पुलिस ने दोनों पक्ष के 12 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना थाना क्षेत्र के गांव नानक नंगली की है। यहां पर भूरे और चांद खां के परिवार रहते हैं। दोनों के घर पास में हैं। घर के सामने नाली में पानी भरने को लेकर दोनों परिवार गुरुवार दोपहर आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते मारपीट हो गई और लाठी-डंडे चलने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। लाठी भांजकर झगड़ा कर रहे लोगों को खदेड़ते हुए विवाद शांत कराया। मौके पर घायल चार लोगों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मामले में चांद खां के बेटे इमरान की तहरीर पर नाजिर, कल्लू, उलफत, मुनासिर, छिद्दा व अमन तथा भूरे की पत्नी नाजरा की तहरीर पर रिजवान, सुहैब, उस्मान, इमरान, साजिद व भूरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।



■ अमरोहा। हैप्पी हार्ट्स स्कूल में बच्चों द्वारा बनायी गयी पेंटिंग दिखाती माताएं।

# बच्चों के साथ जुड़कर करें अच्छी परवरिश

## टॉक शो में एक्सपर्टस ने दिये माताओं के सवालों के जवाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** टॉक शो में माताओं द्वारा पूछे गये सवालों के जवाब एक्सपर्टस ने देकर उन्हें संतुष्ट किया। साथ ही कहा कि वह अपने बच्चों के साथ जुड़कर उनकी अच्छी परवरिश करें।

कैलसा रोड स्थित हैप्पी हार्टस एन इन्टरनेशनल प्रीस्कूल में माताओं के लिये टॉक शो मातृत्व का अयोजन किया गया। एक्सपर्ट के रूप में डा. प्रेमलता श्रीधर आमंत्रित थी। उन्होंने माताओं द्वारा अपने बच्चों के भविष्य को लेकर पूछे गये सवालों के जवाब निपुणता से देकर उनकी समस्याओं का निदान किया। इसके बाद दूसरी एक्सपर्ट के रूप में श्रुति अरोड़ा को बुलाया गया। वह मानसिक रोगी बच्चों के लिये होम फार स्पेशल नाम से एक स्कूल का संचालन कर रही है। उन्होंने भी माताओं की शंकाओं को दूर किया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत 'मा तू कितनी अच्छी है' गीत से हुई। जबकि विद्यालय की डायरेक्टर डा. इन्दू कौरा ने माताओं को संदेश दिया कि वह योग के माध्यम से खुद को स्वस्थ्य रख सकती है। प्रबन्धिका अंजलि टंडन ने माताओं को परिवार व समाज को जोड़ने का संदेश देकर पहचान बनने की अपील की।

# पैसे वापस दिलाने की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** मुकदमे में समझौते के नाम पर एक पक्ष से 90 हजार रूपये ले लिये गये। इसके बाद भी पुलिस ने चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी। पीड़ित ने एसपी से मामले की शिकायत की है।

थाना क्षेत्र के गांव ढक्का निवासी नईम पुत्र अनवार ने एसपी से शिकायत की है कि उसका गांव के दानिश से कुछ विवाद हो गया था। उसके खिलाफ विपक्ष ने मुकदमा दर्ज करा दिया था। परन्तु दोनों के बीच आपसी समझौता हो जाने पर पीड़ित ने 90 हजार रूपये ले लिये गये। इसके बाद भी पुलिस ने न्यायालयमें चार्जशीट दाखिल कर दी। नईम ने एसपी से शिकायत कर पैसे वापस दिलाने की मांग की है।

# दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

## पति समेत पांच पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ससुराल में विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। विरोध करने पर मारपीट की। पीड़िता ने देवर पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। मामले में पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान ने अपनी बेटी की शादी 13 दिसंबर 2023 को क्षेत्र के ही गांव में रहने वाले युवक के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल में विवाहिता को दहेज प्रताड़ना का शिकार होना पड़ा। मायके से दो लाख रुपये और कार दिलाने का दबाव बनाया जाने लगा। विवाहिता का आरोप है कि मौका मिलने पर देवर उसके साथ छेड़छाड़ करता था। प्रताड़ना के बीच 28 अप्रैल को ससुराल वालों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता तभी से मायके में पिता के घर में रहती है। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने मामले में पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# शादी का झांसा दे बनाए शारीरिक संबंध

## पीएसी जवान व माता-पिता पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** इंस्ट्राग्राम पर शुरू हुई बातचीत के दौरान पीएसी जवान ने युवती को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। शादी करने का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए। बात. चीत करने के बहाने से होटल में बुलाकर दुष्कर्म किया। अश्लील वीडियो बनाने के बाद उसे वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता ने आरोपी के परिजनों पर जबरन दवा खिलाकर गर्भपात कराने का भी आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने आरोपी पीएसी जवान के अलावा माता-पिता समेत दो अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

एफआईआर के मुताबिक अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली युवती की नवंबर 2023 में इंस्ट्राग्राम पर अंकित नाम के एक युवक से जान-पहचान हुई थी जो डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव बरखेड़ा राजपूत का रहने वाला है और पीएसी में जवान है। वर्तमान में उसकी तैनाती मुरादाबाद जिले में चल रही है। पहली मुलाकात के बाद ही दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग हो गया। युवती का आरोप है कि 25 नवंबर 2023 को अंकित ने उसे डिडौली क्षेत्र स्थित एक होटल मिलने के लिए बुलाया और शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बना लिए। इसके बाद दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत का सिलसिला लगातार चलता रहा। आरोप है कि अंकित ने बहाना बनाकर इसी साल 25 फरवरी को दोबारा से डिडौली में एक होटल में बुलाया और वहां जबरन दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं अश्लील वीडियो बनाने के अलावा आपत्तिजनक हालत में फोटो खींच लिए और दोबारा शादी का दबाव बनाने पर वीडियो-फोटो वायरल करने की धमकी दी। परेशान पीड़िता ने डिडौली कोतवाली से लेकर पुलिस कार्यालय तक शिकायत की लेकिन आरोपी पीएसी जवान अंकित पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी बीच युवती को खुद के गर्भवती होने की पता चला। आरोप के मुताबिक बीती 11 मई को जब युवती अंकित के घर पहुंची और उसके परिजनों को गर्भवती होने की बात बताई तो उन्होंने जबरन दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। विरोध करने पर आरो. पियों ने बेटे के पीएसी में होने का हवाला देते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में पीड़िता की तहरीर पर पीएसी जवान अंकित के अलावा माता-पिता व दो अन्य के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूरे मामले की जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# सच्चे मन से जनता की सेवा में तत्पर:परवेज



**अमरोहा।** पूर्व एमएलसी परवेज अली ने कहा कि उनका मकसद जनता की सेवा करना है। इसके लिये वह हर समय तैयार है। नगर के मौहल्ला नखासा और मंडी चौब हिन्दू इंटर कालेज के पीछे पूर्व एमएलसी परवेज अली ने सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उक्त दोनों मार्ग सदर विधायक महबूब अली की निधि से बनाये गये है। इस दौरान परवेज अली ने कहा कि उनका पहला मकसद निस्वार्थ भाव से जनता की सेवा कर रहे है। उक्त दोनों मार्ग काफी समय से जर्जर थे तथा लोगों द्वारा इनके निर्माण की मांग की जा रही थी। इनके बनने से अवागमन में काफी लाभ होगा। इस मौके पर बहाव सैफी, मुदस्सिर खां, सरताज मंस. ूरी, कमाल खां, अदनान खां, प्रिंस, समर अहमद, खुशनूद सैफी मौजूद रहे।

# बिजली विभाग के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

## शेड्यूल के हिसाब मिले आपूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के ग्रामीणों द्वारा एकत्र होकर संपूर्ण समाधान दिवस में प्रदर्शन कर विद्युत कर्मियों पर विद्युत आपूर्ति देने के नाम पर अवैध उगाई करने का आरोप लगाया है। अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई।शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में कोतवाली क्षेत्र के गांव फूलपुर बीझलपुर के ग्रामीण एकत्र हुए और विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप था कि शासन के निर्देश के बाद भी विद्युत विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति में कोई भी सुधार नहीं किया जा रहा, गांव में मात्र एक-दो घंटे विद्युत आपूर्ति आ रही है जिसके कारण खेती करने में काफी दिक्कतें आ रही है। इसी के साथ उन्होंने विद्युत लाइन मैनों पर गांव में विद्युत आपूर्ति देने के नाम पर अवैध उगाई करने का भी आरा. ेप लगाया। प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर दोषियों पर कार्रवाई करने



की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में अशोक राणा, दिनेश, राहुल, महिपाल, गजराज, धर्मेंद्र, टीकम सिंह,नेम पाल, रोहित, मनोज, नंदराम सिंह, तेजराम सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



# पार्टी की नीतियों का करते रहें प्रचार

## बाबू मुनकाद ने ली बसपा की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** बसपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी बाबू मुनक. ाद अली ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार पूरी ताकत से करें। आने वाला समय पार्टी का होगा।

हाइवे पर एक रिसोर्ट में बसपा की बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी बाबू मुनकाद अली ने सबसे पहले बूथ कमेटियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश में बसपा की सरकार आने से कोई ताकत नहीं रोक सकी। उन्होने कहा कि कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ पार्टी की नीतियों का प्रचार करते रहें। उन्होने कहा कि भाजपा राज में हर तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। बेरा. ेजगारों को रोजगार नहीं मिले रहे, छेड़छाड़ की घटनाएं आम हो गयी हैं। जनता इस सरकार से पूरी तरह ऊब चुकी है। बैठक में पूर्व सांसद गिरीशचंद जाटव, धनीराम, रामौतार सिंह, ओमकार सिंह, जिलाध्यक्ष महेश गौतम, सोमपाल सिंह एडवोकेट, रणविजय सिंह, श्रीकृष्ण गौतम, देवेन्द्र सिंह, हरि सिंह आदि मौजूद रहे।

# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का डंडा

## लिंटर डालने की तैयारी को रोका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका प्रशासन ने शनिवार को मोहल्ला नई सराय स्थित वार्ड संख्या 6 में सरकारी भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की। पालिका की टीम ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर सड़क पर हो रहे निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति द्वारा सरकारी सड़क पर ढूला बांधकर लिंटर डालने की तैयारी की जा रही थी। जैसे ही इसकी सूचना पालिका को प्राप्त हुई, अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला के निर्देशन में पालिका की टीम त्वरित कार्रवाई हेतु मौके पर पहुंची। टीम ने निर्माण सामग्री हटवाई और अतिक्रमण को तत्काल ध्वस्त करा दिया। अधिशासी अधिकारी श्री शुक्ला ने बताया कि पालिका क्षेत्र की किसी भी सरकारी भूमि पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस प्रकार की गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी ताकि नगर की व्यवस्था और सार्वजनिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस कार्रवाई के दौरान पालिका के कर्मचारी विकास गुप्ता, नितिन अग्रवाल, पवन कुमार, पुष्पेंद्र सक्सेना, अमित गुप्ता सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

स्थानीय नागरिकों ने पालिका की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की सराहना की है।

नगर पालिका प्रशासन द्वारा समय-समय पर चलाए जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियानों के तहत यह कार्रवाई सार्वजनिक भूमि की रक्षा और नगर के विकास के लिए एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

# पालिका बोर्ड की बैठक में कई प्रस्ताव पास

## सेना के ऑपरेशन 'सिंदूर' की प्रशंसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक शिवाजी पार्क स्थित सम्पादकाचार्य पं. रुद्रदत्त शर्मा पुस्तकालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने की तथा संचालन वरिष्ठ लिपिक पवन कुमार ने किया।

बैठक में नगर की 20 सीसी सड़कों और नालियों के निर्माण कार्य को हरी झंडी दी गई। साथ ही पालि. का की आवासीय और कार्यालय बिल्डिंग की मरम्मत और पुताई कराने, नगर में वृक्षारोपण अभियान चलाने के प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पास हुए। वरिष्ठ लिपिक पवन कुमार ने बताया कि लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से मरम्मत व निर्माण कार्य कराए जाएंगे। पालिका क्षेत्र को स्वच्छ और बेहतर बनाने का संकल्प भी लिया गया। सभासद पुरुषोत्तम अग्रवाल की मांग पर पूर्व में दुकानों के किराए में की गई बढ़ोतरी पर पुनर्विचार के लिए एक कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया।

सभासद वसीम अकरम, सुमित माहेश्वरी सहित कई सभासदों ने हाउस टैक्स में छूट की मांग उठाई, लेकिन ईओ रवि शंकर शुक्ल ने बताया कि उक्त छूट शासन से ही खत्म हुई है। यदि नगर पालिका बोर्ड शासन से छूट की मांग करेगा तो शासन उस पर विचार करके छूट का प्रावधान दे सकता है।

बैठक में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। साथ ही भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन 'सिंदूर' की प्रशंसा की गई। बैठक में प्रभात गुप्ता, हिमांशु सैनी, हाजी मुंशी नसीम अहमद, संतोष राजपूत, मनोज अग्रवाल, मुकेश रावत, जावेद मुल्तानी समेत कई सभासद मौजूद रहे।

# सहकारी समिति में लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर



## सैकड़ों मरीजों की जांच कर दवाईयां दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** नांगल सोती की सहकारी समिति में ध्रुव चैरिटेबिल द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसमें चिकित्सकों ने ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों मरीजों की जांच कर उन्हें दवाई वितरित की।

नांगल सोती की सहकारी समिति में ध्रुव चैरिटेबिल हॉस्पिटल के संस्थापक महंत बालकदास जी महाराज द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर में ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों मरीजों की जांच कर नि:शुल्क इलाज किया। समिति और चैरिटेबिल हॉस्पिटल द्वारा लगाए गए कैंप में जहां मरीजों ने आकर अपना इलाज कराया इसके साथ उन्होंने समिति पदाधिकारियों और हॉस्पिटल के चिकित्सकों की जमकर तारीफ की। इस दौरान डॉ. इसरार अहमद, डॉ. ब्रज बिहारी शर्मा, डॉ. संजीव कुमार तोमर, प्रशांत कुमार, वीरेंद्र कुमार, डॉ. कंचन, डॉ. निशा , समिति अध्यक्ष गार्विन चौधरी, एडीओ जयवीर सिंह राठी, सचिव वीरेंद्र सिंह और समिति का संचालक मंडल सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# डीआईओएस कार्यालय पर शिक्षकों का अनशन

## आरएसएम कॉलेज का वेतन नहीं दिलवा रहे डीआईओएस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आरएसएम इंटर कॉलेज धामपुर के शिक्षक कर्मचारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर के दफ्तर के बाहर क्रमिक अनशन प्रारंभ कर दिया है। पूर्व में डीआईओएस को दिए गए नोटिस के क्रम में आज शनिवार को 12:00 बजे से आरएसएम इंटर कॉलेज धामपुर के शिक्षक कर्मचारी डीआईओएस कार्यालय पर क्रमिक अनशन पर बैठ गए।

आरएसएम इंटर कॉलेज के किसी एक शिक्षक साथी की सेवा. निवृत्ति संबंधी तिथि को बदलने न बदलने के विवाद में डीआईओएस बिजनौर ने आरएसएम इंटर कॉलेज धामपुर का माह अप्रैल का वेतन बिल रोका हुआ है, जिसको लेकर विद्यालय के सभी कर्मचारी एवं शिक्षक आक्रोशित हैं। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर के साथ विद्यालय के शिक्षक कर्मचारी 12:00 बजे जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के बाहर पहुंचे तो संगठन के जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ, वरिष्ठ शिक्षक नेता करणवीर सिंह, सुधांशु वत्स, अटेवा के प्रांतीय उपाध्यक्ष चंद्रहास सिंह ने अनशन पर बैठने वाले शिक्षकों को फूलमालाएं पहना कर उनका अभिनंदन किया तथा सभी मांगों को पूरा होने की शुभकामनाएं एवं आश्वासन दिया। आरएसएम इंटर कॉलेज के गणित प्रवक्ता और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री विनोद कुमार ने बताया कि अनेक बार डीआईओएस से बात करने तथा विनती करने के बाद भी उनके विद्यालय का वेतन बिल उपलब्ध नहीं कराया गया है जबकि दूरदराज क्षेत्र के शिक्षकों को ग्रीष्मकालीन अवकाश में अपने घर भी जाना है तथा सभी शिक्षकों की ऋण संबंधित बहुत सी किस्तें टूट गई हैं। शिक्षकों कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट की स्थिति बनी हुई है, किंतु इन सबको दरकिनार कर डीआईओएस पूरी हठधर्मिता पर हैं और वेतन बिल विद्यालय को उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। मजबूर होकर आज उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर के साथ शाखा के सभी शिक्षकों व कर्मचारियों को क्रमिक अनशन पर बैठना पड़ा है। विनोद कुमार ने कहा कि हमारा यह क्रमिक अनशन तब तक निरंतर जारी रहेगा जब तक डीआईओएस हमारे विद्यालय का वेतन नहीं दिलवाते हैं। जिलाध्यक्ष गय्यूर आसिफ ने कहा कि धरना देना हमारा संविधान अधिकार है और संगठन ने जब जब उत्पीड़न के विरुद्ध संघर्ष किया है तो भ्रष्ट अधिकारियों को और कर्मचारियों को सदैव मुंह की खानी पड़ी है। उन्होंने कहा कि हम अपने साथियों के हितों की रक्षा करेंगे। हमारी सभी मांगे पूरी की जायेंगी और सभी शिक्षकों, कर्मचारियों का वेतन सम्मान सहित मिलेगा।

धरना स्थल पर मयूर मलिक, अनिल कुमार देवरा, कुलवीर सिंह, राजेंद्र सोलंकी, गोपाल रंजन सिंह, कल्पना चौहान, स्वाति राजपूत, गीता रानी, केहर सिंह, देवनारायण सिंह, वीरेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, शांति प्रकाश, विकास भारद्वाज अग्रवाल आदि शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

# दिशा कौशल कुंभ के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूशन्स् में आयोजित दिशा कौशल कुंभ 2024 (टैलेंट हंट परीक्षा) के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ग्रुप की चेयरपर्सन डा. नीलम अग्रवाल, महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, रांयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार एवं अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई ने संयुक्त रूप से भगवान गणेश एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा का परिणाम माह अप्रैल 2025 में संस्थान की वेबसाइट पर तथा सोशल मीडिया के माध्यम से घोषित किया गया था। छात्र-छात्राओं के उत्साह को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि यह परीक्षा प्रत्येक वर्ष आयोजित की जायेगी। संस्थान के संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल ने बताया कि यह परीक्षा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में भी मार्गदर्शन करेंगीं। परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कृतिका रानी पुत्री विनीत कुमार को 21000 रूपए का चेक, द्वितीय स्थान पाप्त करने वाली छात्रा याचिका पुत्री रिफुल कुमार को 11000 रूपए का चेक तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा नितिशा भारद्धाज पुत्री पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा को 5100 रूपए का चेक दिया गया। इसके अलावा 100 विशेष सांत्वना एवं 234 सांत्वना पुरस्कार के साथ-साथ प्रतिभाग करने वाले प्रत्येक छात्र-छात्राओं को गिफ्ट हेम्पर एवं परीक्षा प्रतिभाग प्रमाण पत्र भी दिया गया।

# सीमा पर तैनात जवानों के खिलाफ कड़वी जुबान से राष्ट्र का सिर झुका

## हाईकोर्ट के आदेशों की हो रही अवहेलना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री धीरेंद्र प्रताप देहरादून से रामनगर कार्यकर्ताओं का हाल जानने निकले। इसी भी कुछ क्षण के लिए कालागढ़ पत्रकार से भेंट की।

चाय के समय चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कर्नल के खिलाफ दिए गए बयानों को लेकर मध्य प्रदेश के विधायक विजय शाह को सरकार से तत्काल जेल भेजे जाने की मांग करते हुए कहा है कि जिस तरह से उन्होंने महान देशभक्त कर्नल सोफिया कुरैशी के विरुद्ध अनर्गल बयानबाजी की है, उससे पूरे राष्ट्र का सिर शर्म से झुक गया है। कर्नल सोफिया कुरैशी पर पूरे हिंदुस्तान को गर्व है। आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त कर एक बहादुरी की मिसाल कायम की हैं। भाजपा सरकार में कानून के ये हालात है कि हाईकोर्ट को मामले का संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज करने के आदेश देना पड़ा। उसके बावजूद भी विधायक के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही अमल में नहीं की गई है। हालत यह है विधायक तो विधायक मुख्यमंत्री भी जवानों के खिलाफ बोलने से नहीं चूक रहे है।

भाजपा नेताओं की गलत बयान बाजी से हिन्दु-मुस्लिम के बीच दरार पड़ने वाली नहीं है। हिंदुस्तान में हिन्दू, मुस्लिम भाइयों की एकता को कोई तोड़ नहीं सकता। कर्नल सोफिया कुरैशी हमारी बहुत ही होनहार योग्य और देशभक्त बेटी है। सैनिक बॉडर पर देश की सेवा करती है। उनके सम्मान में कोई जरा भी अपशब्द कहे हम जबान खींच लेने का दम रखते हैं। हम जरा भी उनके सम्मान में आंच आने नहीं देंगे। उन्होंने भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से मांग की है। यह तत्काल विजय शाह को अपनी पार्टी से बाहर निकाले और कार्यकर्ताओं को यह सबक दे कि जब पूरा विपक्ष यानी कि कांग्रेस के विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत देश की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों ने युद्ध में भारत के प्रधानमंत्री को भारत की सरकार का साथ दिया है। हाईकोर्ट जल्द ही उन्हें जेल भेजने का आदेश जारी करेगा और देश को संदेश देगा कि इस तरह के घटिया मानसिकता के राजनीतिक कार्यकर्ता का देश की राजनीति में कोई स्थान नहीं है। उन्हें हर्ष है हाईकोर्ट ने स्वत: इस मामले का संज्ञान लेकर कार्यवाही की। आगे भी माननीय न्यायालय ऐसे मामलों में दखल देखर कार्यवाही के आदेश पारित करें, तब शायद ऐसे लोगों की जगह जेल में होगी।

धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि कांग्रेस ने पूरे देश में ऐसे विधायक के विरुद्ध जन प्रदर्शन किए हैं और सुप्रीम कोर्ट ने इसका भी संज्ञान लिया है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान का स्वागत

## तिरंगा यात्रा की योजना की तैयार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** स्थानीय पी.डब्लू.डी. गेस्ट हॉउस में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान 'बॉबी' के दूसरे कार्यकाल की भारतीय जनता पार्टी की पहली सांगठनात्मक बैठक में नगीना पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत हुआ।

बैठक में शनिवार को बजनौर में नुमाइश ग्राउंड से सायं 4 बजे से प्रारम्भ होने वाली जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा की विस्तृत योजना तैयार की गई और साथ ही आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान 'बॉबी' ने सभी कार्यकर्ताओं को मिलजुलकर काम करने पर जोर देते हुए कहा कि आज भाजपा ने जो मुकाम हासिल किया है वह सब हमारे संगठित होकर पार्टी के लिए काम करने का परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि आज देश मजबूत हाथो में है। पूरे विश्व में ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत शक्ति बढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व सेना के पराक्रम ने चार दिन में ही पाकिस्तान के दाँत खट्टे कर उसको घुटने टेकने को मजबूर कर दिया।

नगर अध्यक्ष अंजली सौरभ मित्तल की अध्यक्षता व जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान के संचालन में हुए कार्यक्रम में क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, पूर्व विधायक सतीश गौतम, अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय संयोजक चौधरी फूल सिंह, पूर्व चेयरमेन प्रभात चंद गुप्ता, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल व कृष्ण बलदेव सिंह, माहेश्वरी मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा, किरतपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जितेंद्र मलिक, अल्पसंख्यक मोर्चे के जिला महामंत्री कय्यूम राइन, नगीना गन्ना समिति के डायरेक्टर मुकेश राजपूत, मंडल महामंत्री अरुण शर्मा, जिला कॉपरेटिव बैंक के डायरेक्टर सिद्धार्थ चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष नीरज विश्नोई, ओमपाल सैनी, सौरभ मित्तल, शिवशंकर सक्सेना, मनोज बालियान, दिनेश त्यागी, कुलदीप त्यागी, मंडल महामंत्री अरुण धीमान व अभिषेक अग्रवाल, युवा मोर्चे के मंडल अध्यक्ष जितेंन्द्र राठी, महिला मोर्चे की मंडल अध्यक्ष इंदु ठकुराल, पिछड़ा मोर्चे के मंडल अध्यक्ष सुनील सैनी, प्रहलाद कुशवाहा, अभिषेक अग्रवाल, संतराम सैनी, मुकेश चौधरी, अर्नव चौधरी, शिवचरण सैनी, सरिता विश्नोई, लवी मित्तल, पंडित सचिन शर्मा, सुरेश भगत जी, सरदार हरमीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### भागवत में उमड़े श्रद्धालु



**नहटौर।** मां चामुंडा धाम परिसर में श्री भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास शिवांशु महाराज ने कहा कि मनुष्य का जन्म 84 लाख योनियों के बाद मिलता है। साथ ही मनुष्य को कोई ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए कि कार्य करने के बाद उसे किए गए कार्य पर पछतावा उठाना पड़े। सेवा निस्वार्थ करने से ही अपने आप में आत्मा संतुष्टि होती है। भागवत कथा से कभी वंचित नहीं रहना चाहिए। भागवत को सुनने से लाभ मिलता है। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के जन्म संबंधित अनेक प्रसंगों को विस्तार से सुनाया। इस अवसर पर कथा से पूर्व कथा के यजमान प्रदीप अग्रवाल उनकी पत्नी वंदना अग्रवाल, मुकेश वर्मा पत्नी सुनीता वर्मा ने संयुक्त रूप से धार्मिक अनुष्ठान क्रियाओं के साथ कथा की पूजा अर्चना कराई। मुकेश गुप्ता, सुभाष सैनी, रतन सैनी, राकेश अग्रवाल, निशु त्यागी, पवन अग्रवाल, राहुल चौधरी, अरविंद जोशी, पुष्पेंद्र शर्मा आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### अकीके में कराया मुशायरा



**नगीना।** मौहल्ला काजी सराय के अकबराबाद चौक निवासी अयाज अहमद के पुत्र मुहम्मद हमदान के अकीके के मौके पर एक बैंकेट हॉल में मुशायरा भी किया गया। मुशायरे की सदारत शेख बिरादरी के अध्यक्ष इबादुर्रहमान ने की जबकि निजामत इरशाद धामपुरी ने की। मुशायरे का आगाज मुख्य अतिथि एलआरएस कॉलेज ग्रुप के एमडी संजीव अग्रवाल व नगर पालिका चेयरपर्सन ताहिरा बेगम के पुत्र शहराज खलील द्वारा शमा रोशन करने के बाद बारगाहे रिसालत में नाते पाक का नजराना पेश कर किया गया। मुशायरे में अयाज अहमद की ओर से मुख्य अतिथियों संजीव अग्रवाल, शहराज खलील, विधायक मनोज पारस के छोटे भाई धर्मेंद्र पारस आदि को शॉल ओढा कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुअज्जम हुसैन रियाजी, काजी सुहैल इकबाल, हनीफ मंसूरी, आरिफ सिद्दीकी, इकबाल कुरैशी, काजी मेहराज, मुहम्मद नफीस, जावेद अहमद एडवोकेट, धर्मेंद्र पारस, खालिद निसार, मुहम्मद आरिफ, अब्दुल समद, इकबाल अहमद, जकी, अंजार अहमद, बाबू भाई, इबादुर्रहमान, इरशाद अहमद, नफीस अहमद, शहजाद अहमद, मुकेश सैनी एडवोकेट, शमीम अहमद, भोला चौधरी, फैसल, सरफराज बब्बू, अजीम अहमद आदि की मौजूदगी रही।

# एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर में अदिति सिंह रही प्रथम स्थान पर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि छात्रा अदिति सिंह ने प्रथम, आरजू ने द्वितीय तथा सचिन कुमार सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

कृष्णा कॉलेज के प्राचार्य डा. परवेज अहमद खाँ ने सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अति उत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र/छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले, जिससे कि वह प्राफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें।

# होली ऐंजल एकेडमी का परीक्षाफल उत्कृष्ट

## छात्र-छात्राओं ने किया विद्यालय गौरवान्वित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** होली ऐंजल एकेडमी में सीबीएसई परीक्षा परिणाम 2025 में छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और अभिभावकों का मान बढ़ाया है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, कक्षा 12वीं के वाणिज्य, जीवविज्ञान और गणित वर्गों में छात्रों ने उल्लेखनीय अंक प्राप्त किए हैं।

वाणिज्य वर्ग में हावा सोफिया परवीन ने 84.8% अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अदीना मिसबा 2 ने 83.8% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया। जीव विज्ञान वर्ग में रिमसा इन्तेकार ने 83.8% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और मौलाना फहद ने 83.2% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। गणित वर्ग में उमेश कुमार ने 83.8% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं कक्षा 10वीं में भी छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। अभि चौधरी ने 91.8% अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, राघव चौहान ने 91.6% अंकों के साथ द्वितीय स्थान और प्रतिष्ठा वत्स ने 89% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल रहा। विद्यालय के अध्यक्ष जगदीश चन्द्र चौहान, प्रबन्धक रिशु चौहान, निदेशक राजीव चौहान, प्रधानाचार्या आयुषी अग्रवाल तथा समस्त शिक्षकगणों ने मेधावी छात्रों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय प्रशासन ने यह भी कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है।

# सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार राठौर ने अधिकारियों के साथ की विभागीय समीक्षा बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद के प्रभारी मंत्री जे.पी.एस. राठौर की अध्यक्षता में जिला सहकारी बैंक लि. के सभागार में जिला सहकारी बैंक व सहकारिता विभाग के कार्यकलापों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला सहकारी बैंक द्वारा के.सी.सी. ऋण वितरण, बकाया वसूली, विविधीकरण ऋण वितरण, निक्षेप आदि बिंदुओं पर गहन समीक्षा की गयी। इस दौरान उपायुक्त एवं उप निबंधक, सहकारिता, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद की 64-बी पैक्स के माध्यम से अल्पकालीन ऋण वितरण हेतु वर्ष 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य अंकन 500.00 करोड़ रुपये के सापेक्ष अंकन 420.10 करोड़ रुपये ऋण वितरित किया गया है, जो निर्धारित लक्ष्य का 84.02 प्रतिशत है, जबकि गत वर्ष इस अवधि में 80.32 प्रतिशत ऋण वितरण किया गया था। इस प्रकार चालू वर्ष में 3.70 प्रतिशत अधिक ऋण वितरण किया गया। माननीय सहकारिता मंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि वर्ष 2024-25 हेतु निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति करना सुनिश्चित करें। ऋण वसूली के सम्बन्ध में उपायुक्त एवं उप निबंधक, सहकारिता, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद की कुल मॉग 520.02 लाख रुपये के सापेक्ष 15 मई, 2025 तक 190.67 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है, जो कुल मॉग का 36.66 प्रतिशत है। सहकारिता राज्य मंत्री ने वसूली की स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि 30 जून, 2025 तक कुल मॉग का 90 प्रतिशत से अधिक वसूली कराना सुनिश्चित करें। बैठक में अवगत कराया गया कि बैंक की 29 - शाखाओं द्वारा अपने ग्राहकों को सम्पत्ति के विरूद्ध ऋण, व्यक्तिगत ऋण, दीर्घावधि ऋण, भवन निर्माण ऋण वाहन ऋण, पं. दीनदयाल उपाध्याय ऋण, व्यवसायिक ऋणसीमा एवं वेतनभोगी ऋण योजनांतर्गत जनपद के आमजन को ऋण सुविधा सुलभ करायी जा रही है, जिसके क्रम में विविधीकरण ऋण योजनांतर्गत अंकन 61.42 करोड़ रुपये ऋण वितरित किया गया, जो गत वर्ष से अंकन 24 करोड़ 44 लाख रुपये अधिक है। इसी प्रकार दीर्घावधि ऋण योजनांतर्गत दुग्ध व्यवसाय हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में अंकन 6.74 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया गया, जो गत वर्ष से अंकन 4 करोड़ 44 लाख रुपये अधिक है। बैंक के निक्षेप संचय के अंतर्गत जनपद में चलायी गयी धनलक्ष्मी, धनवर्षा तथा निक्षेप की समीक्षा की गयी। बैंक द्वारा मार्च 2024 के निक्षेप अंकन 571.91 करोड़ के सापेक्ष मार्च 2025 में अंकन 613.20 करोड़ रुपये निक्षेप संचय किया गया है, जो निर्धारित लक्ष्य का 93.23 प्रतिशत है तथा गत वर्ष से अंकन 41 करोड़ 28 लाख रुपये अधिक है। बैंक में दैनिक निक्षेप योजना भी संचालित किए जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, जो शीघ्र ही प्रारम्भ की जायेगी। सहकारिता मंत्री द्वारा निक्षेप संचय में और अधिक रूचि लेकर निक्षेप को बढ़ाये जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में बैंक का शुद्ध लाभ अंकन 50.17 लाख रुपये था, जो वर्ष 2025-26 में बढ़कर अंकन 452.18 लाख रुपये हो गया। इस प्रकार बैंक का वित्तीय वर्ष 2024-25 का लाभ गत वर्ष से अंकन 402.01 लाख रुपये अधिक रहा। सहकारिता मंत्री द्वारा उक्त लाभ को बनाये रखते हुए बैंक के लाभ को और अधिक बढ़ाये जाने हेतु आवश्यक प्रयास किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। मा. मंत्री द्वारा सहकारिता विभाग की समीक्षा में निर्देशित किया गया कि भविष्य में जनपद में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु अभी से रणनीति तैयार करें, जिससे आने वाले समय में जनपद में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे और किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता डा० गणेश गुप्ता द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में जनपद में 64 बी-पैक्स कार्यरत् है तथा 20-नई बी-पैक्स समितियों का गठन किया जाना प्रस्तावित है, जिनके सापेक्ष वर्तमान में 14 नवगठित बी-पैक्स का निबंधन कराया जा चुका है तथा 06नवगठित बी-पैक्स के निबंधन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। बैठक में यह भी अवगत कराया गया है कि उक्त बी-पैक्स में से 10 नवगठित बी-पैक्स में पूर्व से गोदाम उपलब्ध है, जिनमें जल्द से जल्द कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा। मा. सहकारिता मंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन नवगठित बी-पैक्स का निबंधन हो चुका है, उनमें जल्द से जल्द व्यवसाय प्रारम्भ किया जाये, जिससे क्षेत्रीय जनता को उसका लाभ प्राप्त हो सके। बैठक में विधायक मिलक राजबाला, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक लि. मोहन लाल सैनी, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बिलासपुर चित्रक मित्तल, एमएलसी कु. महाराज सिंह, बैंक निदेशक रोहिताष मौर्या एवं दीप गोयल, उप आयुक्त एवं उप निबंधक, सहकारिता उ.प्र. मुरादाबाद मण्डल वीर विक्रम सिंह, श्रीप्रकाश त्रिपाठी-सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी-जिला सहकारी बैंक लि., क्षेत्रीय प्रबंधक-उ.प्र. कोआपरेटिव बैंक लि., क्षेत्रीय प्रबंधक उ.प्र. सहकारी ग्राम विकास बैंक (एलडीबी), क्षेत्रीय प्रबंधक-उ.प्र. निर्माण एवं श्रम विकास संघ, क्षेत्रीय प्रबंधक-उ.प्र. राज्य भण्डारण निगम लि., क्षेत्रीय प्रबंधक-उ. प्र. राज्य निर्माण सहकारी संघ लि., जिला प्रबंधकदृनाबार्ड, जिला प्रबंधक-पीसीएफ, जिला प्रबंधक-पीसीयू, सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी न्यू अर्बन कोआपरेटिव बैंक लि., मुख्य प्रबंधक-उ.प्र. सहकारी ग्राम विकास बैंक (एलडीबी), उप महाप्रबंधक, जिला सहकारी बैंक लि. सहित समस्त तहसीलों के अपर जिला सहकारी अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनीं आमजनमानस की शिकायतें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** शनिवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में तहसील टाण्डा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विद्युत, नलकूप, पेयजल से सम्बन्धित 41 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया और शेष प्रार्थना-पत्रों को सम्बन्धित विभागों को निर्धारित समयसीमा के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के प्रति प्रदेश सरकार बेहद संवेदनशील है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनशिकायतों का निस्तारण प्रत्येक दशा में निष्पक्षता, समयबद्धता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ करना सुनिश्चित करें।

प्रत्येक प्रकरण की जांच के समय शिकायतकर्ता का पक्ष अवश्य सुना जाए और सभी तथ्यों की भलीभांति पुष्टि करने के उपरान्त ही प्रकरण का निस्तारण नियमानुसार किया जाए। कानून व्यवस्था से सम्बन्धित पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाए, जिससे पीड़ित को न्याय मिल सके। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान ग्राम पंचायत जालपुर में सरकारी तालाब पर अवैध अतिक्रमण के संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया की मौके पर जाकर अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही करें तथा टीम गठित कर तालाबों का खुदान किया जाए तथा सम्बन्धित

लेखपाल के विरूद्ध कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने सभी लेखपालों को निर्देशित किया कि कार्यों में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने लेखपालों को यह भी निर्देशित किया कि वह अपने कार्यशैली में सुधार लाएं तथा कहीं भी अवैध कब्जा/अतिक्रमण की सूचना मिलती है, उसे तत्काल ही अतिक्रमण मुक्त किया जाए तथा सम्बन्धित के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी जाए। उन्होंने उपजिलाधिकारी, टांडा को निर्देशित किया कि जिन तालाबों पर अवैध कब्जा है उन्हें एक महीने के भीतर अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराया जाए और उन सभी तालाबों में बरसात के पहले खुदाई कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने बीडीओ को दिये। तहसील सदर में मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 17 शिकायतें प्राप्त हुई और 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी प्रकार तहसील शाहबाद में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) हेम सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 21 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

तहसील बिलासपुर में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डा. नितिन मदान की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 28 शिकायतें प्राप्त हुई और 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील मिलक में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 23 शिकायतें प्राप्त हुई और 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त तहसील स्वार में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 20 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# चेकिंग अभियान चलाकर परिवहन विभाग ने ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध की कार्रवाई



**02 डंपर व 02 पिकअप किये सीज, 2.25 लाख का लगाया जुर्माना।**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव व पुलिस की टीम द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि रात्रि 8:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक चलाए गए चेकिंग अभियान में ओवरलोड 02 डंपरों और 02 पिकअप को सीज करते हुए अजीतपुर चौकी में खड़ा कराया गया। साथ ही यातायात नियमों का पालन न करने वाले 01 और 02 मैजिक पर कार्रवाई करते हुए रोडवेज बस अड्डा पर सीज कराया गया और 01 मैजिक पर चालान की कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया कि ओवरलोड में बंद किये गये 02 डम्पर व 02 पिकअप के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 2.25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# डंपर की टक्कर से दो लोगों की दर्दनाक मौत

**जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने अवैध रूप चल रहे डंपरों के खिलाफ जन आंदोलन की दी चेतवानी, प्रशासन से डंपरों पर रोक लगाये जाने को कहा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार की रात को टांडा रोड पर गांव नगलिया कासमगंज पर तेज रफ्तार से आ रहे डंपर की टक्कर से सहरिया जवाहर निवासी डॉ. रियासत अली व गांव नगलिया कासमगंज निवासी बब्बू की मौके पर ही मौत और इस्तेकार व नासिर के गंभीर रूप से घायल हो जाने पर क्षेत्रवासियों की भीड़ लग गई और खनन डंपरों के खिलाफ लोगों में आक्रोश दिखाई दिया। जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस पर रामपुर जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से गुहार लगाकर दोनों शवों का देर रात 2 बजे पोस्टमार्टम करवाया और शवो को परिजनों को सौंप दिया गया, जिनको शनिवार को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने अवैध रूप चल रहे डंपरों के खिलाफ जन आंदोलन की चेतवानी दे डाली और प्रशासन से अनुरोध किया कि, डंपरों पर तत्काल रोक लगाई जाए, नहीं तो आम जन के साथ जन आंदोलन किया जाएगा। क्योंकि सैकड़ों लोगों की मौतें डंपरों की टक्कर से हो रही हैं। डंपर वालों के हौंसले बुलंद हैं। सड़क हादसे में मृतक डॉ रियासत अली गांव सहरीया जवाहर के निवासी है और लालपुर चौराहे पर उनका मेडिकल है। दूसरे मृतक बब्बू अत्यंत ही गरीब व रिक्शा चला कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। उसकी तीन लड़कियां व दो छोटे लड़के हैं। अब उसके परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। मृतक के परिजनों की ओर से थाना टांडा में मुकदमा दर्ज हो गया है। जिसमें अवगत कराया गया है कि 16.5.2025 की सायं समय करीब 7.45 बजे इस्तेकार पुत्र अनवार निवासी ग्राम नगलिया कासमगंज थाना टांडा रामपुर के घर





मृतक का फाइल फोटो




मृतक का फाइल फोटो

के सामने मेन रोड टांडा लालपुर पर बब्बु पुत्र रहीस अहमद व नासिर पुत्र आशक अली निवासीगण नगलिया कासमगंज थाना टाडा जिला रामपुर तथा जमील पुत्र छोट निवासी ग्राम ईश्वरपुर थाना टांडा जिला रामपुर आपस में खड़े बात कर रहे थे। वहीं पर इस्तेकार की ही प्लेटिना मोटर साईकिल खड़ी थी जिसका रजिशटेसन न0 UP 22 BD 5045 है। तभी सामने लालपुर की तरफ से मोटर साईकिल टीवीएस स्टार स्पोर्ट नं. UP 22 AL 8933 पर सवार व्यक्ति डॉ. रियासत अली पुत्र जमील अहमद निवासी ग्राम सहरिया जवाहर थाना टांडा जिला रामपुर आ रहे थे और दूसरी तरफ टाडा की तरफ से टाटा का डम्पर रजि. नं. UP 17 AT 9380 का चालक तेजी व लापरवाही से रेत बालू के डम्पर को लिए जा रहा था और नजदीक आने पर उसने अपना डम्पर रोड की विपरित दिशा में घर के सामने खड़े व्यक्तियों तथा सामने से आ रहे मोटर साईकिल सवार डॉ. रियासत अली को टक्कर मारते हुए चढ़ा दिया। जिस से मोके पर ही कुछ ही समय में डॉ. रियासत अली व बब्बू की मृत्यु हो गयी तथा नासिर व जमील गम्भीर रूप से घायल हो गये तथा दोनो मोटर साईकिल प्लेटिना व टीवीएस स्टार स्पोर्टस क्षतिग्रस्त हो गई। डम्पर सवार चालक मोके पर ही डम्पर छोड़कर फरार हो गया।

# विकास खण्ड शाहबाद में आलफगंज और पट्टी फाजिलाबाद में मनरेगा योजना से हो रहे कार्यों में बड़े घोटाले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विकास खण्ड शाहबाद के ग्राम पट्टी फाजिलाबाद और आलफगंज में रोजगार सेवक के द्वारा अपनी और अपने अधिकारियों की जेब भरने के लिए गरीब जनता और सरकार को जमकर चूना लगाया जा रहा है। मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्य में रोजगार सेवक के द्वारा जमकर घोटाले किए गए है। ग्राम पंचायत पट्टी फाजिलाबाद में रोजाना एक फोटो से 8 मिस्ट्रोल जनरेट किए गये। जिसमें रोजाना 72 मजदूरों की हाजिरी लगाई जाती। कमाल की बात तो यह है कि एक फोटो से रोजाना 8 मिस्ट्रोल जनरेट किए जाते मतलब एक ही फोटो से 72 लोगों की हाजिरी लगाई जाती परंतु फोटो में मात्र 10 लोग खड़े होते और इस फोटो से 72 मजदूरों की हाजिरी रोजगार सेवक द्वारा लगाई जाती। रोजगार सेवक द्वारा 14 दिन में लगभग 1000 लोगों की हाजिरी लगाई गई जिसमें रोजगार सेवक द्वारा लगभग ढाई लाख (2,50,000) रुपए का सरकार को चूना लगाया गया।



रोजगार सेवक की दूसरी ग्राम पंचायत आलफगंज का हाल भी यही है, रोजगार सेवक के द्वारा अल्फगंज में भी मात्र दो फोटो से 90 लोगों की हाजिरी 14 दिन लगातार रोजाना लगाई गई फोटो में दिखने वाले लोग मंत्र 15 से 16 होते और हाजिरी 90 मजदूरों की लगाई जाती। 14 दिन में लगभग 1000 मजदूर की हाजिरी लगाई गई। माना जाए तो रोजगार सेवक के द्वारा मात्र 15 लोगों से मजदूरी करने की पश्चात 253932 रुपए का सरकार को चूना लगाया गया। यह कह सकते हैं सरकारी पैसे का गबन किया गया।

# आबादी के पानी निकासी की समस्या का निराकरण कराने के लिए डीएम व एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण



**(संजीव सक्सेना)**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत पुलिस लाइन व इसके आस-पास स्थित आबादी के पानी निकासी की समस्या का निराकरण कराये जाने हेतु जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आगामी मानसून सत्र के दौरान जल भराव व पानी निकासी की समस्या न होने पाये इसके लिए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रामपुर को तत्काल कार्ययोजना तैयार कर साफ-सफाई एवं नालों की मरम्मत आदि के निर्देश दिये।

उन्होंने जनपद के नगर क्षेत्रों में वर्षाऋतु के दौरान कहीं पर भी जल भराव न हो इसको लेकर प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय एवं समस्त अधिकारी नगर पालिकाओं को 01 सप्ताह के भीतर नालों का निरीक्षण करने एवं नालों पर अवैध रूप से किये गये अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने नालों की साफ-सफाई आदि का सत्यापन करने हेतु समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है। साथ ही इस कार्य की मॉनीटरिंग हेतु प्रभारी अधिकारी स्थानीय को निर्देशित किया गया है।


हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।

इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली रामपुर
मो. नं.9720093014
shahtimesrmp@gmail.com



**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम MOHAMMAD SALAMAN S/o MOHD. YUSUF था जो गलत था मेरा सही नाम MOHD. SALMAN S/o MOHD. YUSUF है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**मो.सलमान पुत्र मो.युसूफ**
**नि.मोह.गुय्या तालाब रामपुर**



**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम MANSHAUL HAQ S/o MAFAZILUL HAQ था जो गलत था मेरा सही नाम MANSHAUL HAQUE S/o MAFAZILUL HAQUE है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**मंशा उल हक पुत्र मफाज़िल हक**
**नि.मोह.गुय्या तालाब रामपुर**

# शीर्ष पर पहुंचना चाहेगा पंजाब

**पंजाब के लिए सीजन का 59वां मैच काफी अहम है**

**जयपुर, वार्ता।** मेजबान राजस्थान रॉयल्स को हरा कर पंजाब किंग्स का लक्ष्य इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचना होगा। रविवार दोपहर को सवाई मानसिंह स्टेडियम में उनका मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा। राजस्थान पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुका है। पंजाब के लिए सीजन का 59वां मैच काफी अहम है। पंजाब ने अपने पिछले पांच मैचों में से चार जीते हैं और श्रेयस अय्यर की कप्तानी में सही समय पर शीर्ष पर पहुंच गया है। राजस्थान के खिलाफ जीत से पंजाब किंग्स शीर्ष पर पहुंच सकता है, जिससे प्लेऑफ की दौड़ और भी कड़ी हो जाएगी। इसके विपरीत, राजस्थान रॉयल्स पिछले पांच मैचों में से चार में हार के बाद इस मैच में उतरेगी। शुरुआती उम्मीदों पर खरा उतरने वाली यह फ्रेंचाइजी मौकों का फायदा उठाने में विफल रही है और चोटों और असंगति से जूझ रही है। चोट के कारण संजू सैमसन के बाहर होने के कारण, नेतृत्व और स्थिरता मिलना मुश्किल हो गया है। पंजाब की ताकत उनके विस्फोटक बल्लेबाजी क्रम और संतुलित गेंदबा. जी आक्रमण में निहित है। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह शानदार फॉर्म में हैं, आर्य ने पिछले मैच में सिर्फ 34 गेंदों पर 70 रन बनाए। मध्य क्रम में, विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंगलिस और कप्तान अय्यर मजबूती और गति प्रदान करते हैं। ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस और अजमतुल्लाह उमरजई, यदि उपलब्ध हों, तो निचले मध्य क्रम को और मजबूत करते हैं। गें. दबाजी विभाग में, अर्शदीप सिंह पावरप्ले और डेथ ओवरों में तेज गेंदबाज बने हुए हैं, जबकि मार्को जेनसन और ओमरजई सीम विकल्प प्रदान करते हैं। अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल, जिन्होंने इस सीजन में महत्वपूर्ण विकेट लिए हैं, जयपुर की पिच पर एक महत्वपूर्ण खतरा होंगे, जिसने मध्यम टर्न और दो-गति की उछाल दिखाई है। घरेलू टीम के लिए युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ सीजन की शुरुआत में धमाकेदार शतक के साथ खुद को साबित किया, और रियान पराग ने हाल ही में केकेआर से हारने पर 95 रनों की पारी खेलकर अकेले दम पर खेला। हालांकि, फिनिशिंग फायरपावर की कमी और संघर्षरत गें. दबाजी इकाई ने उनके अभियान को नुकसान पहुंचाया है।

# प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए उतरेगी डीसी

**दिल्ली कैपिटल्स को हाई-स्टेक मुकाबले में गुजरात को हर हाल में हराना होगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अपने पहले छह मैचों में से पांच में जीत के साथ इस सीज़न की शानदार शुरुआत करने वाली दिल्ली कैपिटल्स को प्लेऑफ़ की अपनी उम्मीदों को बनाए रखने के लिए रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले हाई-स्टेक मुकाबले में गुजरात टाइटन्स को हर हाल में हराना होगा।

पिछले 11 मैचों में 13 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर काबिज दिल्ली अभी भी अंकों के लिहाज से प्लेऑफ़ के लिए दावेदार है लेकिन अन्य दावेदारों के पीछे होने और केवल तीन मैच बचे होने के कारण एक और चूक उन्हें भारी पड़ सकती है। दूसरी ओर, गुजरात टाइटन्स इस सीज़न में 11 मैचों में 16 अंकों के साथ सबसे सफल टीम रही है और शीर्ष दो में जगह बनाने के करीब है। मेजबान टीम को बड़ा झटका तब लगा जब स्टार तेज गेंदबाज़ मिशेल स्टार्क टूर्नामेंट के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए। उनकी अनुपस्थिति ने तेज गेंदबाजी आक्रमण को कमजोर कर दिया है, जिससे दुष्मंथा चमीरा, मुकेश कुमार और वापसी करने वाले टी नटराजन पर अतिरिक्त दबाव पड़ा है। 12 विकेट और 6-74 की इकॉनमी के साथ कुलदीप यादव मध्य ओवरों में उनके सबसे भरोसेमंद विकल्प बने हुए हैं। केएल राहुल ने दिल्ली के लिए बल्ले से बेहत. रीन प्रदर्शन किया है, उन्होंने 142-16 की स्ट्राइक रेट से नौ पारियों में 381 रन बनाए हैं। अभिषेक पोरेल ने शीर्ष क्रम में मजबूत साथ दिया है, जबकि अक्षर पटेल और प्रभावशाली खिलाड़ी आशुतोष शर्मा ने निचले क्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। दक्षिण अफ्रीकी अनुभवी फाफ डु प्लेसिस और ट्रिस्टन स्टब्स के देर से आने से टीम के फिर से खेलने की उम्मीद जगी है। जेक फेज़र-मैकगर्क की जगह बांग्लादेश के तेज गें. दबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम में शामिल किया गया है, लेकिन रविवार के मैच के लिए उनकी उपलब्धता अनिश्चित है, क्योंकि उनके पिछली शाम शारजाह में एक अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेलने की उम्मीद है। इस बीच, गुजरात टाइटन्स अच्छी तरह से व्यवस्थित दिख रही है और सही समय पर शीर्ष पर पहुंच रही है। उनके शीर्ष क्रम साई सुदर्शन, शुभमन गिल और जोस बटलर सभी ने इस सीजन में 500 रन का आंकड़ा पार कर लिया है, जिससे उन्हें बल्लेबाजी में एक मजबूत बढ़त मिली है। शेरफेन रदरफोर्ड और राहुल तेवतिया ने मध्यक्रम में और भी आक्रामक खेल दिखाया है, जबकि उनकी गेंदबाजी इकाई लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही है। मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने सामूहिक रूप से 35 विकेट लिए हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### बारिश के कारण बेंगलुरु-केकेआर के बीच मुकाबला खतरे में

**बेंगलुरू, वार्ता।** विराट को. हली के शानदार टेस्ट करियर के लिए आयोजित की जाने वाला भव्य समारोह आज शाम खटाई में पड़ सकता है। भारी बारिश के कारण एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी और केकेआर के बीच आईपीएल 2025 का मैच पटरी से उतरने का खतरा है। पूर्व भारतीय कप्तान की लाल गेंद वाले क्रिकेट से विदाई की यादें प्रशंसकों के जेहन में ताजा हैं, ऐसे में आरस. ीबी के खिलाड़ी अपने आइकन को सम्मानित करने के लिए तैयार हैं, जो भावनात्मक रूप से काफी रोमांचक होने का वादा कर रहा है। हालांकि, इंद्र देवता सहयोग करने के लिए अनिच्छुक दिखाई दे रहे हैं। पूर्वानुमानों के अनुसार टॉस के समय शाम सात बजे बारिश होने की 71 प्रतिशत संभावना है, और पूरी शाम बारिश जारी रहेगी। एक्यूवेदर के अनुसार, शाम पांच बजे बारिश की संभावना 58 प्रतिशत है और रात 9 बजे भी यह 49 प्रतिशत बनी हुई है, जिससे संभावित बाढ़ की आशंका बढ़ गई है।पिछले कुछ दिनों में बेंगलुरु और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में लगातार बारिश हुई है, कई इलाकों में जलभराव की खबरें हैं। चिन्नास्वामी स्टेडियम, हालांकि विश्व स्तरीय जल निकासी प्रणाली से लैस है, फिर भी अगर शाम तक बारिश जारी रहती है तो संघर्ष करना पड़ सकता है। यह मैच काफी अहम है। आरसीबी को प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के लिए जीत की जरूरत है और वह अंक साझा करने से बचना चाहेगी। इस बीच, केकेआर इस सीजन में एक बार पहले ही मौसम की मार झेल चुका है - ईडन गार्डन्स में पंजाब किंग्स के खिलाफ उसका पिछला मैच सिर्फ एक ओवर के बाद रद्द कर दिया गया था। आयोजक और प्रशंसक अब सांस रोककर आसमान को देख रहे हैं। बारिश के साफ होने पर देर से शुरू होने की उम्मीद है, लेकिन कोहली को विदाई देने वाले एक पूर्ण, सूखे स्टेडियम में खेले जाने वाले भावनात्मक प्रतिध्वनि मौसम की पहली मार हो सकती है।

# नीरज चोपडा ने पहली बार किया 90 पार

**● नीरज चोपडा ने दोहा डायमंड 90.23 मीटर की शानदार छलांग लगाई**

**दोहा, वार्ता।** भारत के ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार रात दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर की शानदार छलांग लगाकर अपने करियर में पहली बार 90 मीटर की बाधा को पार किया, लेकिन जर्मनी के जूलियन वेबर ने नाटकीय अंदाज में उन्हें जीत से वंचित कर दिया, जिन्होंने अंतिम दौर में 91.06 मीटर की छलांग लगाकर विश्व में अग्रणी स्थान हासिल किया।

टोक्यो 2020 के स्वर्ण पदक विजेता और मौजूदा विश्व रजत पदक विजेता चोपड़ा ने ऐतिहासिक थ्रो के साथ शुरुआत में ही लय बना ली थी जिससे वह 2019 में शिवपाल सिंह द्वारा 90.10 मीटर (हवा की मदद वाली परिस्थितियों में) के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले केवल दूसरे भारतीय बन गए। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने थ्रो के बाद जीत की खुशी में अपने हाथ ऊपर उठाए और एक बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धि का जश्न मनाया। 2022 के यूरोपीय चैंपियन वेबर ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आखिरी के लिए बचाकर रखा, छठे राउंड में एक बड़ा थ्रो फेंककर चोपड़ा के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और सीजन की अपनी पहली डायमंड लीग जीत दर्ज की। ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स 85-34 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। 2025 डायमंड लीग कैलेंडर में तीसरे स्थान पर रही इस मीट में कई विश्व-अग्रणी प्रदर्शन और ट्रैक और फील्ड में ओलंपिक रीमैच देखने को मिले। जमैका की टिया क्लेटन ने महिलाओं की 100 मीटर में 10-92 सेकंड की विश्व बढ़त हासिल की, उन्होंने वापसी करने वाली शेली-एन फेजर-प्राइस सहित एक मजबूत क्षेत्र को हराया, जो 2022 के बाद से अपनी पहली प्रतिस्पर्धी दौड़ में चौथे स्थान पर रही। तीन बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता फ्रेजर-प्राइस का सर्किट में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पुरुषों की 200 मीटर स्पर्धा में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बोत्सवाना के लेट्साइल टेबोगो ने यूएसए की कोर्टनी लिंडसे को मात्र 0:01 सेकंड से पीछे छोड़ दिया। उन्होंने 20:10 सेकंड का समय लिया, जबकि ललडसे ने 20:11 सेकंड का समय लिया। फील्ड स्पर्धाओं में ग्रेट ब्रिटेन की मौली कॉडरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और महिलाओं की पोल वॉल्ट स्पर्धा में 4.75 मीटर की छलांग लगाकर जीत हासिल की। इस स्पर्धा में यूएसए की ओलंपिक चैंपियन कैटी मून और सैंडी मॉरिस शामिल थीं। इटली की रॉबर्टा ब्रूनी और मून ने 4.63 मीटर की समान छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल किया। जमैका के रशीद ब्रॉडबेल ने पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में 13.14 सेकंड के समय के साथ जीत हासिल की, जबकि यूएसए के शेल्बी मैकएवेन ने पुरुषों की ऊंची कूद में 2.26 मीटर की दूरी तय करके पेरिस ओलंपिक में मिली हार का बदला लिया और न्यूजीलैंड के हामिश कर (2-23 मीटर) को पछाड़कर जीत हासिल की। केन्या के धावकों ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम किया।




## नया कीर्तिमान स्थापित करने पर नीरज को बधाई दी

जयपुर, वार्ता। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एथलीट नीरज चोपड़ा को दोहा डायमंड लीग में इतिहास रचते हुए पहली बार 90 मीटर की दूरी पार कर नया कीर्तिमान स्थापित करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री शर्मा ने सोशल मीडिया के माध्यम से नीरज चोपड़ा के इस कीर्तिमान पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस असाधारण प्रदर्शन से उन्होंने सिद्ध कर दिया है कि अथक परिश्रम, दृढ़ संकल्प और समर्पण से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने कहा 'शाबाश नीरज। उल्लेखनीय है कि भारत के प्रतिभाशाली एथलीट नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग में अपने करियर में पहली बार 90.23 मीटर भाला फेंककर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

# चार देशों के टूर्नामेंट के लिए भारतीय हॉकी टीम घोषित



**■ टूर्नामेंट में भारत के अलावा अर्जेंटीना, उरुग्वे और चीली खेलेंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अर्जेंटीना के रोसारियो में 25 मई से दो जून के बीच खेले जाने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिए हॉकी इंडिया ने 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है।

इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा अर्जेंटीना, उरुग्वे और चिली भाग लेंगे। यह टूर्नामेंट दिसंबर में होने वाले एफआईएच हॉकी जूनियर महिला विश्व कप की तैयारी में अहम भूमिका निभायेगा। भारतीय टीम प्रत्येक देश के खिलाफ दो मैच खेलेगी। भारतीय टीम का नेतृत्व गोलकीपर निधि करेंगी जबकि फॉरवर्ड हिना बानो उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगी। चयनित टीम में दूसरे गोलकीपर के रूप में एंजिल हर्षा रानी लमज शामिल हैं, जबकि विद्याश्री वी को स्टैंडबाय के रूप में शामिल किया गया है। रक्षात्मक इकाई में ममिता ओरम, लालथंटलुआंगी, मनीषा, पूजा साहू, पार्वती टोपनो, नंदिनी और साक्षी शुक्ला शामिल हैं। मिडफील्ड में प्रियंका यादव, अनीशा साहू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान, खैदेम शिलेमा चानू, संजना होरो, सुप्रिया कुजूर और प्रियंका डोगरा होंगी, जबकि हुडा खान और मुनमुनि दास को स्टैंडबाय मिडफील्डर के रूप में सूचीबद्ध किया जाएगा। फॉरवर्ड लाइन में हिना बानो, सोनम, सुखवीर कौर, गीता यादव, लालरिनपुई, कनिका सिवाच और करमनप्रीत कौर शामिल हैं, जबकि सेलेस्टिना होरो को स्टैंडबाय फॉरवर्ड के रूप में नामित किया गया है। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडेकर ने कहा, ह जूनियर विश्व कप के छह महीने हम इस टीम से अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की पहचान करना चाहते हैं। यह दौरा खिलाड़ियों को बहुमूल्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन और अनुभव प्रदान करेगा।

# भारत मालदीव को हराकर सैफ अंडर-19 के खिताबी मुकाबले में

**● भारत ने गोल्डन जुबली स्टेडियम में भारी बारिश के बीच मालदीव को 3-0 से हराया**

**अरुणाचल प्रदेश, वार्ता।** मौजूदा चैंपियन भारत ने यहां गोल्डन जुबली स्टेडियम में भारी बारिश के बीच मालदीव को 3-0 से हराकर सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। डैनी मेइतेई लैशराम (14'), ओमंग डोडम (21') और प्रशान जाजो (66') के गोलों ने खिताबी मुकाबले में भारत की आसान जीत सुनिश्चित की। भारत का सामना बांग्लादेश अंडर-19 टीम से होगा, जिसने पहले दिन हुए दूसरे सेमीफाइनल में नेपाल को 2-1 से हराया था। शुरुआत से ही भारत का खेल पर पूरी तरह नियंत्रण नजर आया। गेंद पर कब्ज़ा जमाकर और गति को नियंत्रित करते हुए उन्होंने लगातार हमलों के साथ मालदीव को अपने ही हाफ में धकेल दिया। 14वें मिनट में एक बेहतरीन कॉर्नर रूटीन के बाद शुरुआती सफलता मिली। प्रशान जाजो ने बाईं ओर से एक आकर्षक डिलीवरी की, और डैनी मीतेई ने बाएं पैर से वॉली से शानदार तरीके से गेंद को जोड़ा, जो उछलकर नेट के पीछे जा गिरी। यह डैनी का टूर्नामेंट का पाँचवाँ गोल था और उनकी शानदार फिनिशिंग का एक और उदाहरण था। भारत ने छह मिनट बाद ही दूसरा गोल किया और यह बेहतरीन टीम वर्क का नतीजा था। जाजो ने एक बार फिर शानदार खेल दिखाया और गेंद को बाएं विंग से आगे बढ़ाकर मालदीव की बैकलाइन पर पहुंचा दिया। मेइतेई ने स्थानीय पसंदीदा खिलाड़ी ओमांग डोडम को गेंद दी, जिन्होंने करीब से कोई गलती नहीं की और हाफ टाइम तक भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि मालदीव ने पिछले मैचों में आक्रामक खेल दिखाया था, लेकिन उन्हें भारतीय डिफेंस को भेदने में दिक्कत हुई। जब वे शॉट लगाने में सफल रहे, तो गोलकीपर सूरज सिंह अहीबाम ने उनका बखूबी साथ दिया। भारत ने दूसरे हाफ में रणनीति के मामले में चतुराई दिखाई और मालदीव को वापसी करने का मौका नहीं दिया। ब्रेक के बाद उनके जोरदार तरीके से आगे बढ़ने की संभावना को देखते हुए भारत ने पासिंग लेन बंद कर दी और किसी भी संभावित खतरे को खत्म कर दिया। दूसरे हाफ में भारत ने खुद को अच्छी तरह से ढाल लिया और जल्द ही गोलकीपिंग की गलती का फायदा उठाया। 65वें मिनट में, जाजो ने बॉक्स के बाहर से दाएं पैर से जोरदार शॉट लगाया। मालदीव के गोलकीपर ज़ाहरान हसन ज़ियाद शॉट की गति का सही अनुमान नहीं लगा पाए और गेंद उनके हाथों से फिसल गई। जिसने मैच को 3-0 पर पहुंचा दिया।मालदीव द्वारा सम्मान बचाने के लिए कुछ देर से किए गए प्रयासों के बावजूद, भारत की बैकलाइन मूसलाधार बारिश के बीच भी दृढ़ रही और एक और सुनिश्चित प्रदर्शन किया। दूसरे मैच में, बांग्लादेश ने कड़े मुकाबले वाले सेमीफाइनल में नेपाल अंडर-19 के खिलाफ 2-1 से जीत के साथ सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। पहले हाफ में गोल रहित और संघर्षपूर्ण खेल के बाद, खेल अंतिम 20 मिनट में जीवंत हो गया। आशिकुर रहमान ने 74वें मिनट में गोल करके स्कोरिंग की शुरुआत की, और संयमित फिनिश के साथ गतिरोध को तोड़ा।



# सिनर-अल्काराज इटैलियन ओपन के फाइनल में

**■ जेनिक सिनर ने अमेरिकी खिलाड़ी टॉमी पॉल को हराकर अगले दौर में बनाई जगह**

**रोम, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जैनिक सिनर ने अमेरिकी टॉमी पॉल को हराकर कार्लोस अल्काराज़ के खिलाफ़ इटैलियन ओपन के फाइनल में जगह सुनिश्चित कर ली है। तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध के बाद अपने पहले टूर्नामेंट में घरेलू मैदान पर खेलते हुए, सिनर ने शुक्रवार को 11वें वरीय खिलाड़ी को 1-6, 6-0, 6-3 से हरा दिया। रोम के खचाखच भरे सेंटर कोर्ट में, 23 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने अपराजित अभियान को 26 मैचों तक बढ़ाया। वह 1976 में एड्रियानो पनाटा के बाद टूर्नामेंट में पहले इतालवी पुरुष एकल विजेता बनने से एक जीत दूर रह गए हैं।

उतार-चढ़ाव भरे मैच में, पॉल ने पहले सेट में शानदार जीत हासिल करते हुए 5-0 की बढ़त हासिल की, जिसके दौरान सिनर ने 13 अनफोर्स्ड एरर किए और केवल दो विनर बनाए लेकिन दूसरे सेट के शुरू से ही मैच पलट गया। घरेलू प्रबल दावेदार ने पॉल को पीछे छोड़ते हुए लगातार नौ गेम जीत लिए, और अमेरिकी खिलाड़ी वापसी नहीं कर सका। इससे पहले शुक्रवार को, अल्काराज़ ने लो. रेंजो मुसेटी को 6-3, 7-6 (7-4) से हराकर इटली के खिलाफ़ फ़ाइनल की उम्मीदों को तोड़ दिया था। चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज़ इस महीने के अंत में होने वाले फ्रेंच ओपन के लिए अच्छी स्थिति में दिख रहे हैं। मौजूदा रोलैंड गैरोस चैंपियन ने सिर्फ़ दो घंटे से ज़्यादा समय में सीधे सेटों में जीत हासिल करके सीज़न के चौथे फ़ाइनल में प्रवेश किया। मुसेट्टी के लिए, यह स्पैनियार्ड से लगातार पाँचवीं हार थी, जिसमें पिछले महीने मोंटे कार्लो फ़ाइनल में क्ले पर हुई मुक़ाबले में मिली हार भी शामिल है। 23 वर्षीय मुसेट्टी ने पहले सेट में सर्विस के तीन ब्रेक दिए और 29 अनफ़ोर्स्ड एरर किए, और क्ले में अपना रैकेट पटकने के बाद अंपायर ने उन्हें चेतावनी दी। दूसरे सेट की शुरुआत में खिलाड़ियों ने ब्रेक का आदान-प्रदान किया और मुसेट्टी ने कुछ शानदार शॉट्स के साथ 4-3 से बढ़त हासिल की।

## इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया-ए का ऐलान

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया-ए का ऐलान कर दिया है। डोमेस्टिक क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले अभिमन्यु ईश्वरन को कप्तान बनाया गया है, जबकि ध्रुव जुरेल उनके डिप्टी बनाए गए हैं।

बीसीसीआई ने बताया कि शुभमन गिल और साई सुदर्शन दूसरे मैच से टीम के साथ जुड़ेंगे। टीम को इंग्लैंड में तीन मैच खेलने हैं। इनमें दो मैच इंग्लैंड लायंस के खिलाफ होंगे, जबकि तीसरा मैच भारतीय क्रिकेट टीम के साथ खेला जाएगा।

इंग्लैंड लायंस से इंडिया ए का पहला मैच 30 मई से 2 जून और दूसरा मैच 6 से 9 जून तक खेला जाएगा। जबकि भारतीय सीनियर टीम के साथ मुकाबला 13 से 16 जून के बीच खेला जाएगा। सीनियर टीम को 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला मुकाबला हेडिंग्ले में खेला जाएगा। यह दौरा 4 अगस्त तक चलेगा। इन प्लेयर्स की हुई वापसी इस टीम में करुण नायर, शार्दूल ठाकुर और ईशान किशन जैसे बड़े नाम हैं। तनुष कोटियान, आकाश दीप भी शामिल हैं। शार्दुल ठाकुर का सीनियर टीम का हिस्सा बनना तय माना जा रहा है। सीनियर प्लेयर्स को भी टीम में चुना गया इस टीम में कई सीनियर टीम के प्लेयर्स को जगह दी गई है। इनमें ओपनर यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल, नीतीश कुमार रेड्डी, शार्दूल ठाकुर जैसे नाम हैं।




नई दिल्ली। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का जश्न मनाने और भारतीय सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए 'तिरंगा यात्रा' में भाग लेते वकील।

## लुप्तप्राय काकापो तोते को संरक्षित करने के लिए कृत्रिम गर्भाधान का सफल उपयोग

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के लुप्तप्राय हो रहे काकापो तोते को संरक्षित करने की दिशा में वैज्ञानिकों ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इस प्रजाति की प्रजनन क्षमता में सुधार लाने और दुर्लभ आनुवंशिकी संरक्षित करने के लिए कृत्रिम गर्भाधान (एआई) का सफलतापूर्वक उपयोग किया है। न्यूज़ीलैंड के संरक्षण विभाग, ओटागो विश्व. विद्यालय और जर्मनी के जस्टस लिबीग विश्वविद्यालय गिसेन द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, एआई दुनिया के सबसे दुर्लभ तोतों में से एक को संरक्षित करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण है, जो प्रजनन सफलता को बढ़ाने और आवश्यक आनुवंशिक विविधता को बनाए रखने में मददगार है।

# ट्रम्प के प्रवासियों को निकालने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

## कोर्ट के फैसले पर राष्ट्रपति नाराज, कहाः जज अपराधियों को देश से निकालने नहीं देंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प के वेनेजुएला के अप्रवासियों को देश से निकालने के फैसले पर रोक लगा दी है। कई अप्रवासी अभी टेक्सास की एक हिरासत केंद्र में बंद हैं। ट्रम्प प्रशासन 1798 के 'एलियन एनिमीज एक्ट' के जरिए उन्हें जल्द से जल्द देश से बाहर भेजना चाहता था।

ट्रम्प प्रशासन के फैसले पर रोक लगाते हुए कोर्ट ने कहा कि सरकार को लोगों को देश से निकालने से पहले उन्हें कानूनी प्रक्रिया का पूरा मौका देना होगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि ट्रम्प प्रशासन ने जो तरीका अपनाया, जैसे कि 24 घंटे में बिना सुनवाई को अप्रवासी को देश से बाहर भेज देना, यह कहीं से सही नहीं है। एलियन एनिमीज एक्ट युद्ध के समय का बनाया हुआ कानून है जिसमें दुश्मनों को देश से निकालने के लिए कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं करनी होती है। हालांकि अमेरिकी संविधान के कुछ प्रावधान के जरिए इसे कोर्ट में चुनौती दी गई थी। निचली अदालत ने सुनवाई से इन्कार किया था, अब वही फैसला देगी इस फैसले का मतलब है कि प्रवासियों को यह जानने और अदालत में चुनौती देने का



**सरकार को लोगों को देश से निकालने से पहले उन्हें कानूनी प्रक्रिया का पूरा मौका देना होगा**

अधिकार है कि उन्हें क्यों निकाला जा रहा है। हालांकि यह फैसला अभी अस्थाई है और इस पर पूरी कानूनी लड़ाई अभी बाकी है। सुप्रीम कोर्ट ने मामला एक निचली अदालत (फिफ्थ सर्किट कोर्ट) को वापस भेज दिया है ताकि वहां इसे और अच्छे से सुना जा सके। यह वहीं अदालत ने जिसने अप्रैल में इस मामले में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया था। अदालत के फैसले पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नाराजगी जताई है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा-सुप्रीम कोर्ट हमें अपराधियों को देश से बाहर निकालने की इजाजत नहीं देगा। ट्रम्प दूसरी बार सत्ता में आने के बाद से ही देश में अवैध तौर पर रह रहे लोगों को निकालने में जुटे हैं। ट्रम्प प्रशासन ने एलियन एनिमीज एक्ट का इस्तेमाल करते हुए मार्च 2025 में वेनेजुएला के लगभग 137 अप्रवासियों को अल सल्वाडोर भेज दिया था। ट्रम्प का आरोप था कि ये अपराधी हैं और कुख्यात गिरोड 'ट्रेन डे अरागुआ' से जुड़े हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इन प्रवासियों में से कई के खिलाफ कोई आपराधिक आरोप नहीं थे और इन्हें बिना उचिता कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना हिरासत में ले लिया गया था। अल सल्वाडोर में इन अप्रवासियों को दुनिया की सबसे खतरनाक मानी जाने वाली सीकोट जेल में भेज दिया गया।

## ट्रम्प फिर पलटे, कहाः भारत-पाक न्यूक्लियर वॉर मैंने रुकवाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रो. कने में बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव इतना बढ़ गया था कि वे परमाणु जंग के बहुत करीब पहुंच गए थे। ट्रम्प ने फाक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि हालात बहुत गंभीर हो गए थे। अगला कदम क्या होता, आप जानते हैं, 'छ वर्ड'। यानी न्यूक्लियर वार। विदेश नीति की सफलताओं पर ट्रम्प ने कहा कि भारत-पाकिस्तान जंग को रोकना उनकी सबसे बड़ी सफलताओं में से एक है। हालांकि उन्हें

**अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहाः मुझे इसका क्रेडिट नहीं मिला, 7 दिन में छह बार सीजफायर पर बयान दिए**

इसका क्रेडिट नहीं मिला। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने दोनों देशों को जंग रोकने के बदले उनके साथ ट्रेड करने का प्रस्ताव रखा था। अब मैं बिजनेस का इस्तेमाल हिसाब चुकता करने और शांति स्थापित करने के लिए कर रहा हूं। मुझे भारत और पाकिस्तान की मजबूत लीडरशिप पर बहुत गर्व है, जिन्होंने ताकत, समझदारी और हिम्मत दिखाकर यह फैसला लिया कि अब मौजूदा तनाव को रोकने का समय है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीमा से भारतीय मूल का कनाडाई नागरिक गिरफ्तार

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक को गिरफ्तार किया है। एसएसबी सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि बिना वैध कागजात के भारत में प्रवेश करने के कारण एक कनाडाई नागरिक को रक्सौल सीमा से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान हरप्रीत सिंह के रूप में हुई है। वह मूल रूप से पंजाब के कपूरथला का निवासी है, जो वर्तमान में कनाडा का नागरिक है। एसएसबी टीम ने पूछताछ के बाद हरप्रीत को हिरासत में लिया है। पूछताछ में पता चला है कि हरप्रीत 2023 में भारत आया था और उसके वीजा की अवधि 2024 में ही समाप्त हो गई थी। वीजा की अवधि समाप्ति के बाद भी वह भारत में प्रवास करता रहा। सूत्रों ने बताया कि हरप्रीत पिछले दिनों रक्सौल के रास्ते नेपाल और फिर हांगकांग होते हुए कनाडा लौटने के लिए काठमांडू गया था। हरप्रीत ने बताया कि पंजाब में किसी ने उसे यह रास्ता सुझाया था।

### ब्रिक्स ऊर्जा मंत्री सम्मेलन के लिए ऊर्जा मंत्री ब्राज़ील की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय ऊर्जा और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल 19 मई को होने वाली ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए ब्राजील की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हो गए हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मनोहर लाल ब्रिक्स देशों के ऊर्जा मंत्रियों के साथ समावेशी और सतत वैश्विक शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को सशक्त बनाने के विषय के अंतर्गत ऊर्जा सुरक्षा, पहुंच, सामर्थ्य और स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इस बैठक में भारत पिछले दशक की अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित करेगा, जिसमें बिजली क्षमता में 90 प्रतिशत की वृद्धि, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और जैव ईंधन में नेतृत्व, साथ ही ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और सतत विकास शामिल हैं। देश ऊर्जा तक समान पहुंच सुनिश्चित करने और ऊर्जा संक्रमण में तेजी लाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करेगा।

### पोप लियो 14वें के अधिष्ठापन समारोह में भाग लेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत सरकार का एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल वेटिकन सिटी में 18 मई को होने वाले पोप लियो चौदहवे के अधिष्ठापन समारोह में भाग लेगा। इसमे राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश और नागालैंड के उपमुख्यमंत्री यंथुंगो पैटन शामिल हैं। यहां जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस महत्वपूर्ण वैश्विक धार्मिक आयोजन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी अंतर-धार्मिक जुड़ाव, समुदायों के बीच परस्पर सम्मान और होली सी के साथ कूटनीतिक जुड़ाव के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## बंधकों की रिहाई के लिए एक बड़ा मिलिट्री ऑपरेशन शुरू

# गाजा पर इजरायली हमले जारी, तीन दिन में 250 मरे

**गाजा।** इजरायली सेना ने हमास को हराने और अपने बंधकों की रिहाई के लिए गाजा में एक बड़ा मिलिट्री आपरेशन शुरू किया है। इस आपरेशन के तहत इजरायल ने बीते 3 दिन में गाजा पर कई बड़े हमले किए, जिसमें 250 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं सिर्फ बीते 24 घंटे में ही गाजा पट्टी में हमास के 150 से अधिक ठिकानों पर हमले किए गए। इजरायल का कहना है कि वह तब तक अपना अभियान जारी रखेगा, जब तक हमास खत्म नही हो जाता। इजरायल ने गाजा पर कंट्रोल के लिए 5 मई को 'गिदोन चैरियट्स' मिलिट्री आपरेशन की शुरुआत की थी।

इजरायल ने मार्च 2025 में गाजा के अंदर फूड और फ्यूल सप्लाई रोकने का फैसला किया था। इजरायली सरकार ने दावा किया था कि इससे हमास कमजोर होगा। गाजा में बीते 19 महीनों से जारी जंग के बीच 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट पैदा हो गया है। गाजा के हालात पर 12 मई को संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट पेश की थी। इसके मुताबिक अगर इजरायल पाबंदियां नहीं हटाता है तो गाजा में हर 5 में से 1 व्यक्ति भुखमरी की चपेट में आ सकता है। साथ ही 21 लाख लोगों को अकाल का सामना भी करना पड़ सकता है। अक्टूबर 2023 में शुरू हुए इजरायल-हमास संघर्ष में अब तक 61 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। यूएन के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने कहा कि



**24 घंटे में हमास के 150 ठिकानों पर हमला, गाजा खाली कराने का आपरेशन जारी**

उनके पास खाने का स्टाक खत्म हो गया है। ज्यादातर बेकरियां और दान से चलने वाले किचन बंद हो चुके हैं। गाजा के लिए यूएन के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम (एफपी) के डायरेक्टर एंटोनी रेनार्ड के मुताबिक इस इलाके की आबादी को खिलाने के लिए जरूरी भोजन इजरायल, मिस्र और जार्डन के गोदामों में पड़े हैं। ये गोदाम गाजा से महज 40 किमी दूर हैं। रेनार्ड ने कहा कि गाजा में एफपी के गोदाम खाली हैं और एजेंसी अब 10 लाख लोगों को भोजन मुहैया कराने के बजाय सिर्फ सिर्फ 2 लाख लोगों का ही भोजन बना पा रही है। यूएन और यूरोपीय देशों ने इजरायल से गाजा पट्टी में भुखमरी और अकाल की स्थितियों से निपटने के लिए गाजा को खाना पहुंचाने पर लगी रोक को जल्द खत्म करने की मांग की है। अगर इजरायल ने सैन्य कार्रवाई बढ़ाई, तो ज्यादातर लोगों को खाना, पानी, आश्रय और दवाइयां नहीं मिलेंगीं। गाजा पट्टी के खान यूनिस में फलस्तीनी लोग भूख के संकट से जूझ रहे हैं। इजरायल ने मार्च में गाजा के अंदर फूड और फ्यूल सप्लाई पर रोक लगा दी थी। अरब लीग शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं ने गाजा में युद्धविराम की मांग रखी इराक की राजधानी बगदाद में शनिवार को अरब लीग शिखर सम्मेलन की शुरुआत हुई। इस सम्मेलन में शामिल हुए स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने गाजा में नरसंहार को रोकने के लिए दबाव बढ़ाने की अपील की। वहीं यूएन प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि हमें अब एक स्थाई युद्धविराम की जरूरत है। हम गाजा की आबादी के बार-बार जबरन विस्थापन को अस्वीकार करते हैं। जबकि मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से गाजा में युद्धविराम के लिए सभी जरूरी कदम उठाने की अपील की। इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने शिखर सम्मेलन में कहा कि उनका देश गाजा के रि-डेवलपमेंट के लिए 'अरब फंड' बनाने का समर्थन करता है।

## इजरायल ने यमन के दो बंदरगाहों पर किया हमला

**सना।** इजरायल ने यमन के होदेइदाह और सालिफ पोर्ट पर हवाई हमले किए। इजरायली सेना ने कहा कि इनका इस्तेमाल हथियार लाने और ले जाने के लिए हो रहा था। यमन में हूती समर्थक टीवी चैनल अल मसीराह ने इन हमलों की पुष्टि की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इजरायली सेना ने इन दोनों बंदरगाहों पर 30 से ज्यादा बम गिराए। इसमें 1 व्यक्ति की मौत हुई है और 9 घायल हुए। हमले के बाद इजरायल ने कहा है हूती विद्रोही अगर हमले नहीं रोकते तो उनका हाल हमास और हिजबुल्लाह नेताओं जैसा होगा। इजरायल ने पिछले साल मोहम्मद देइफ, याह्या सिनवार और हसन नसरल्लाह की हत्या कर दी थी। इजरायली हमले में होदेइदाह पोर्ट

**इजरायली विदेश मंत्री बोलेः हमला नहीं रोका, तो हमास जैसा हाल करेंगे**

पर मौजूद जहाजों को काफी नुकसान पहुंचा। पीएम नेतन्याहू बोलेः हूती सिर्फ मोहरा, इनके पीछे ईरान इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इस कार्रवाई की सराहना की है। उन्होंने कहा कि हमारे पायलट ने हूती आतंकियों के दो ठिकानों पर सफल हमला किया है। हम हूतियों को और नुकसान पहुंचाएंगे। नेतन्याहू ने यह भी कहा कि हूतियों के पीछे ईरान हैं। हूती सिर्फ एक मोहरा हैं। उनके पीछे जो ताकत है, जो उन्हें समर्थन देती है और निर्देश देती है, वो ईरान है।

# अमेरिका से भारत पैसा भेजना अब महंगा पड़ेगा

**नई दिल्ली।** अमेरिका में रहने वाले भारतीयों के लिए अपने घर पैसे भेजना अब और महंगा हो सकता है। ट्रम्प प्रशासन आउटवर्ड रेमिटेंस यानी अमेरिका से बाहर दूसरे देशों में पैसा भेजने पर 5 प्रतिशत टैक्स लगाने की योजना बना रहा है। इससे हर साल भारत आने वाले पैसे पर अतिरिक्त 1.6 अरब डॉलर यानी करीब 13.3 हजार करोड़ रुपये टैक्स देना पड़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इसके लिए एक बिल लेकर आने वाले हैं।

इसका असर 4 करोड़ से अधिक लोगों पर पड़ेगा। इनमें ग्रीन कार्ड होल्डर और एच1बी वीजा पर अमेरिका में रहने वाले भारतीय शामिल हैं। ट्रम्प का यह कानून उन भारतीयों पर लागू नहीं होगा, जिनके पास अमेरिका की नागरिकता है। भारत में विदेशों से आने वाला पैसा पिछले एक दशक में दो गुना हो गया है। मार्च 2025 में आई आरबीआई की एक रिपोर्ट के मुता. बिक 2010-11 में प्रवासी भारतीयों ने 55.6 अरब डॉलर भारत भेजे थे। 2023-24 में यह आंकड़ा बढ़कर 118.7 अरब डॉलर हो गया



**ट्रम्प प्रशासन पांच प्रतिशत टैक्स लगाएगा, हर साल 13 हजार करोड़ रुपये ज्यादा चुकाने होंगे**

है। भारत को सबसे ज्यादा पैसा अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, कनाडा और आस्ट्रेलिया जैसे देशों में रहने वाले प्रवासी भारतीयों ने भेजा है। भारत आने वाले कुल पैसे में इन देशों की हिस्सेदारी आधे से ज्यादा रही। खाड़ी देशों की तुलना में भी इन देशों की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है। भारत में विदेशों से सबसे ज्यादा पैसा अमेरिका में रहने वाले प्रवासियों ने भेजा। 2020-21 में भारत आने वाले पैसे में अमेरिका की हिस्सेदारी 23.4 प्रतिशत थी जो 2023-24 में बढ़कर 27.7 प्रतिशत हो गई है।

# भारत ने बैलिस्टिक मिसाइल से हमला कियाः शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने एक कार्यक्रम में कहा कि 9 और 10 मई की रात भारत ने पाकिस्तान पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया था। उन्होंने कहा कि आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने उन्हें रात 2.30 बजे फोन कर बताया था कि भारत ने नूर खान बेस और बाकी जगहों पर बैलिस्टिक मिसा. इल दागी हैं। शरीफ ने दावा किया कि पाकिस्तान की वायुसेना ने देसी तकनीक और आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कर देश को बचाया। चीन से मिले जेट्स की आधुनिक टेक्नोलाजी का भी इस्तेमाल किया गया। इससे पहले शरीफ ने भारत के साथ बातचीत की इच्छा भी जताई थी।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, भारत के साथ शांति के लिए बातचीत करने के लिए तैयार है, लेकिन इसमें कश्मीर मुद्दे को शामिल करना होगा। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार` संसद में टेलीग्राफ अखबार का एक कटआउट दिखाया। इसमें उन्होंने दावा किया कि दुनिया ने



**पाकिस्तान के पीएम ने कहाः आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने उन्हें फोन कर बताया था**

पाकिस्तानी एयरफोर्स की ताकत का लोहा माना है और उसे 'आसमान का राजा' करार दिया है। इशाक डार ने गर्व से कहा कि ऐसा वे नहीं बल्कि इंटरनेशनल मीडिया कह रहा है। हालांकि उनके इस झूठ की पोल पाकिस्तानी अखबार डान ने खोल दी। अखबार ने इसे फर्जी करार दिया। दरअसल डार ने ब्रिटिश अखबार द टेलीग्राफ की एक फेक एआई तस्वीर का हवाला देकर पाकिस्तानी एयरफोर्स की तारीफ की थी।

# शांति वार्ता के कुछ ही घंटों बाद रूसी ड्रोन हमले में नौ की मौतः यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन के पूर्वोत्तर में एक बस पर रूस के ड्रोन हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गये। यह घटना तीन साल में पहली बार दोनों देशों के बीच हुई सीधी शांति वार्ता के कुछ ही घंटों बाद हुई।

यूक्रेन के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जबकि दोनों पक्षों के नेताओं के बीच संभावित बैठक, युद्धविराम और कैदियों की अदला-बदली पर सहमति पर चर्चा हुई, लेकिन कोई बड़ी सफलता नहीं मिली और तब से रूस के हवाई हमले जारी हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन हमला आज सुबह सुमी क्षेत्र के बिलोपि. लिया शहर में हुआ। सुमी के सैन्य प्रशासन के प्रमुख ओलेह ह्रीहोरोव ने बताया कि सात लोग घायल हुए हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस ने भी टेलीग्राम पर कहा कि यह सिर्फ एक

**यह घटना तीन साल में पहली बार दोनों देशों के बीच हुई सीधी शांति वार्ता के कुछ ही घंटों बाद हुई**

और गोलाबारी नहीं है-यह एक निंदनीय युद्ध अपराध है। पुलिस और स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि रूस ने एक नागरिकों को लक्ष्य बना कर उन पर हमला किया है।

रूस ने अभी तक यूक्रेन के इस दावे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है कि उसने एक नागरिक बस पर हमला किया है। हालांकि, रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास ने रक्षा मंत्रालय के एक बयान का हवाला देते हुए लगभग उसी समय रिपोर्ट जारी की कि रूसी सेना ने ड्रोन से सुमी क्षेत्र में यूक्रेनी उपकरण मंचन स्थल पर हमला किया। रूस और यूक्रेन दोनों ने एक-दूसरे पर नागरिकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया है, जिसे दोनों ने नकार दिया है। यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस द्वारा साझा की गई एक तस्वीर में एक बुरी तरह क्षतिग्रस्त वैन दिखाई दे रही है, जिसमें यात्री सीटों के दाहिने और ऊपरी हिस्से में बड़े-बड़े छेद हैं। इसकी खिड़कियां और विडशील्ड भी चकनाचूर हो गये हैं। यूक्रेन के अधिकारियों का कहना है कि पिछले 24 घंटों में यूक्रेन में कुल मिलाकर रूसी हमलों में कम से कम 13 लोग मारे गए और 38 से ज़्यादा लोग घायल हुए, जिसमें सुमी में हुआ हमला भी शामिल है। डोनेट्स्क क्षेत्र में दो लोग मारे गए और खार्किव और खेरसॉन क्षेत्रों में एक-एक व्यक्ति मारा गया। गौरतलब है कि शुक्रवार की वार्ता युद्ध के शुरुआती हफ्तों के बाद से दोनों पक्षों के बीच पहली आमने-सामने की बैठक थी, लेकिन तुर्की की अध्यक्षता में इस्तांबुल में हुई इस बैठक में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शामिल नहीं हुए।

## पुतिन ने अरब लीग के नेताओं को पहले रूसी-अरब शिखर सम्मेलन में किया आमंत्रित

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूसी-अरब शिखर सम्मेलन में अरब लीग (एलएएस) के नेताओं को आमंत्रित किया। राष्ट्रपति कार्यालय ने इस बात की पुष्टि की है कि राष्ट्रपति पुतिन ने इस शिखर सम्मेलन में अरब लीग के नेताओं को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। यह पहला रूसी-अरब शिखर सम्मेलन है। पुतिन ने अरब लीग के नेताओं और महासि. चव को 15 अक्टूबर को होने वाले पहले रूसी-अरब शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। रूसी राष्ट्रपति ने अरब लीग को टेलीग्राम पर कहा कि हम भविष्य में एलएएस के साथ रचनात्मक संवाद विकसित करने और इसके सदस्य देशों के साथ मित्रवत संबंध स्थापित करने का इरादा रखते हैं। इस संदर्भ में, मैं संघ के सभी नेताओं और लीग के महासचिव को 15 अक्टूबर को आयोजित होने वाले पहले रूसी-अरब शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता हूं।

# किम जोंग उन ने हवाई अभ्यासों की निगरानी की

## उत्तर कोरिया के नेता ने सशस्त्र बलों से युद्ध की तैयारियों का किया आह्वान



**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने देश के सशस्त्र बलों से युद्ध की तैयारियों को मजबूत करने का आग्रह किया है।

साथ ही कोरियाई पीपुल्स आर्मी (केपीए) द्वारा बड़े पैमाने पर हवाई रक्षा और स्ट्राइक ड्रिल की निगरानी भी की। सरकारी स्वामित्व वाली मीडिया कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) की एक रिपोर्ट के अनुसार किम ने 15 मई को आयोजित अभ्यास के दौरान गार्ड्स फर्स्ट एयर डिवीजन का निरीक्षण किया। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार युद्धाभ्यास को आधु. निक हवाई खतरों-क्रूज मिसाइलों और मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) सहित-से बचाव में विमान-रोधी बलों और वायु इकाइयों की तत्परता का परीक्षण करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। अभ्यास में लड़ाकू पायलटों, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल बैटरियों, रडार ऑपरेटरों और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध इकाइयों सहित सैन्य शाखाओं की एक विस्तृत श्रृंखला को एक साथ लाया गया। अभ्यास में आने वाले खतरों, विशेष रूप से कम ऊंचाई पर उड़ान भरने वाली क्रूज मिसाइलों और स्वयं-विनाशकारी ड्रोनों का पता लगाने, उन पर नज़र रखने और उन्हें निष्क्रिय करने पर ध्यान कें. द्रित किया गया।

## दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून ने छोड़ी पार्टी

**सोल।** दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक-योल ने शनिवार को घोषणा की कि वह आगामी तीन जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले कंजरवेटिव पार्टी 'पीपुल पावर पार्टी' (पीपीपी) से इस्तीफा दे रहे हैं। योल ने पत्रकारों से कहा कि मैं आज पीपुल पावर पार्टी छोड़ रहा हूं। मेरा उन साथियों को नमन है जो मुझ पर भरोसा करते हैं और लंबे समय तक मेरे साथ रहे। उनका मानना है कि पार्टी से अलग होकर वह स्वतंत्र रूप से चुनावी समर्थन जुटा सकते हैं और यही रास्ता उन्हें देश की उदार लोकतंत्र की रक्षा करने में मदद करेगा। योल के खिलाफ हाल ही में कई विवाद सामने आए। इनमें मार्शल लॉ लागू करने की नाकाम कोशिश, महाभियोग प्रक्रिया और राष्ट्रपति पद से स्थाई रूप से हटाया जाना शामिल है। इन घटनाओं के चलते, कई लोगों ने सुझाव दिया कि योल को पार्टी से अलग हो जाना चाहिए ताकि वे स्विग वोटर्स (जो किसी एक पार्टी से बंधे नहीं होते) को लुभा सकें।

# कोलंबिया में विद्रोही समूहों की लड़ाई 66000 लोगों ने किया पलायन

**बोगोटा।** संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सहायताकर्ताओं ने शुक्रवार को कहा कि कोलंबिया में विद्रोही समूहों के बीच लड़ाई के कारण 2025 के पहले पांच महीनों में 66000 से अधिक लोगों को अपने घरों से पलायन करने पर मजबूर होना पड़ा है।

संयुक्त राष्ट्र मानवतावादी मामलों के समन्वय के कार्यालय (ओसीएचए) के अनुसार, देश में जारी हिसा के बीच नया विस्थापन 2024 में विस्थापित लोगों की कुल संख्या में 28 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं। ओसीएचए ने कहा कि पिछले वर्ष के अंत तक, 73 लाख से ज्यादा लोग हिसा और संघर्ष के कारण आंतरिक रूप से विस्थापित हो गए थे, जो सूडान और सीरिया के बाद विश्व में तीसरी सबसे बड़ी विस्थापित संख्या है। ओसीएचए ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और उसके साझेदार फरवरी में जारी किए गए यूएन केंद्रीय आपातकालीन कोष के 38 लाख डॉलर आवंटन के माध्यम से सहायता प्रदान करते हैं, जबकि उद्देश्य कैटाटुम्बो में 56000 से अधिक प्रभावित लोगों की मदद करना है, जहां 2025 में लड़ाई भीषण रही है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, उत्तरी-पूर्वी कैटाटुम्बो क्षेत्र में राष्ट्रीय मुक्ति सेना (ईएलएन) के गुरिल्लाओं द्वारा किए गए हमलों और विस्थापित क्रांतिकारी सशस्त्र बलों (फार्क) के विवादित सदस्यों के साथ झड़पों में 80 से अधिक लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। मार्च के अंत में, कोलंबियाई सेना ने कहा कि दक्षिण-पश्चिमी विभाग काउका में फार्क विद्रोहियों द्वारा किए गए एक विस्फोटक हमले में एक सैनिक की मौत हो गई। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मार्च में हिसा की वृद्धि से विभाग में 80 से अधिक लोग घायल हुए हैं। ईएलएन और फार्क के बीच क्षेत्र पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए तीव्र लड़ाई चल रही है। ओसीएचए ने कहा कि मानवीय आवश्यकताओं में तीव्र वृद्धि के बावजूद, सहायता समुदाय की प्रतिक्रिया फंडिंग की कमी के कारण गंभीर रूप से बाधित हुई है। मानवीय साझेदारों ने केवल पहचानी गई आवश्यकताओं का 25 फीसदी ही पूरा किया है, जिससे लाखों लोग सहायता से वंचित रह गए हैं। उल्लेखनीय है कि 34.2 करोड़ डॉलर की कोलम्बिया मानवीय अपील में से केवल 14 प्रतिशत ही पूरा किया गया है।




# पारुल और अनुष्का ने रेड कार्पेट पर मचाया धमाल

**कान्स।** अभिनेत्री और उद्यमी पारुल गुलाटी ने 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने पहले रेड कार्पेट डेब्यू से धमाल मचा दिया। परूल गुलाटी ने कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने लुक से सबका ध्यान खींचा। उन्होंने बहुप्रतीक्षित फिल्म एडिगटन के वर्ल्ड प्रीमियर में हिस्सा लिया, जो प्रसिद्ध निर्देशक एरी एस्टर की नई फिल्म है और जिसमें जोकिन फीनिक्स, एमा स्टोन और पेड्रो पास्कल जैसे ग्लोबल सितारे हैं। पारुल ने इस खास मौके पर एक बेहद अनोखा परिधन पहना, जो पूरी तरह इंसानी बालों से बनाया गया था। इस आउटफिट को खुद पारुल ने आइडिया दिया और मशहूर स्टाइलिस्ट मोहित राय और डिज़ाइनर ऋद्धि बंसल ने इसे डिज़ाइन किया। यह लुक पारुल की अपनी हेयर एक्सटेंशन ब्रांड और उनकी एंटरप्रेन्योरशिप को समर्पित एक खास श्रद्धांजलि थी। इस पोशाक को बनाने में 12 कारीगरों की टीम ने एक महीने से ज़्यादा मेहनत की, जिसमें हर एक डिटेल पर बारीकी से काम किया गया। पारुल गुलाटी का यह लुक सिर्फ एक फैशन स्टेटमेंट नहीं था, बल्कि यह आत्म-अभिव्यक्ति, पहचान और सिनेमा के प्रति उनके प्यार को दर्शाने वाला एक गहरा व्यक्तिगत इशारा था। पारुल गुलाटी ने कहा, कान्स फिल्म फेस्टिवल में शामिल होना मेरा एक सपना रहा है। सिर्फ एक कलाकार के तौर पर नहीं, बल्कि एक ऐसी इंसान के रूप में जिसे सिनेमा से बेहद लगाव है। एडिगटन जैसी फिल्म के प्रीमियर में रेड कार्पेट पर चलना किसी सपने जैसा था। एरी एस्टर का काम हमेशा से मुझे प्रभावित करता रहा है और जोकिन फीनिक्स, एमा स्टोन और पेड्रो पास्कल जैसे अदाकारों को एक साथ स्क्रीन पर देखना एक यादगार अनुभव रहा। परूल ने कहा, मैं चाहती थी कि मेरा रेड कार्पेट लुक मेरी पहचान, मेरे सफर और मेरी सोच को दर्शाए।

ग्लोबल स्टार अनुष्का सेन ने कान्स फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर अपना डेब्यू कर एक नया कीर्तिमान रच दिया है। अनुष्का सेन अपनी पीढ़ी की सबसे प्रतिभाशाली और होनहार अभिनेत्रियों में से एक हैं। कम उम्र में अपनी अभिनय प्रतिभा से लोगों का दिल जीतने वाली अनुष्का ने इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बनाई है। ग्लोबल फैन फॉलोइंग और जबरदस्त क्रिएटिव एनर्जी के साथ उन्होंने अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर अपनी जर्नी शुरू की और देखते ही देखते भारत की सबसे लोकप्रिय ग्लोबल स्टार्स में शुमार हो गई। 22 साल की उम्र में अनुष्का सेन ने प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर अपना डेब्यू कर एक नया कीर्तिमान रच दिया है। इतने कम उम्र में इस आइकॉनिक मंच पर कदम रखना उनकी ग्लोबल पहचान को और मजबूती देता है।

# डाक्टर बनने की थी चाहत



**पंकज ने अपनी स्नातक की पढ़ाई मुंबई के मशहूर सैंट जेवियर्स कॉलेज से हासिल की। इसके बाद उन्होंने स्नाकोत्तर पढ़ाई करने के लिए दाखिला ले लिया, लेकिन बाद में उनकी रूचि संगीत की ओर हो गई और उन्होंने उस्ताद नवरंग जी से संगीत की शिक्षा लेनी शुरू कर दी। पंकज उधास के सिने कैरियर की शुरुआत 1972 में प्रदर्शित फिल्म कामना से हुई।**

**मुंबई।** मखमली आवाज के जादूगर पंकज उधास ने अपनी मधुर आवाज और भावपूर्ण गायकी से करीब चार दशक तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया, लेकिन बचपन के दिनों में वह डॉक्टर बनना चाहते थे। पंकज उधास का जन्म 17 मई 1951 को गुजरात के राजकोट के निकट जेटपुर में जमींदार गुजराती परिवार में हुआ। उनके दादा भावनगर स्टेट के महारा. जा के डिप्टी दीवान थे। इसी वजह से पंकज के पिता केशुभाई उधस अक्सर महाराजा के महल में जाया करते थे। एक बार पंकज के पिता की मुलाकात उस ज़माने के एक मशहूर बीनकार अब्दुल करीम खां से हुई। उन्होंने खां साहब से दलिरुबा बजाना सीखा। काम से लौटने के बाद पंकज के पतिा बड़ी तल्लीनता के साथ दलिरुबा बजाया करते थे। उसकी आवाज पंकज को भी खूब भाती थी। हालांकी, संगीत में उनकी कोई रुचि नहीं थी। बचपन में पंकज उधास ने सोचा था कि वह बड़े होकर डॉक्टर बनेंगे। पंकज के पिता ने उनसे कहा कि आप डॉक्टर बनना चाहते हैं तो बेशक बनिए, लेकिन यह जरूरी नहीं है कि आप डॉक्टर ही बनें। आप डॉक्टर तभी बनें, जब आपको लगे कि आप डॉक्टर बनना चाहते हैं। पंकज के पिता जान गए थे कि उनके पुत्र का रुझान किस तरफ है। वह जान गए थे कि पंकज का दिन हारमोनियम बजाते या गाना गाते बीतता है। पंकज ने गुलाम कादर खान से 13 साल की उम्र में संगीत सीखना शुरू किया। पंकज के बड़े भाई मनहर उधास अक्सर संगीत से जुड़े कार्यक्रम में हिस्सा लिया करते थे। उन्होंने पंकज उधास को भी अपने साथ शामिल कर लिया। एक बार पकंज को एक संगीत कार्यक्रम में हिस्सा लेने का मौका मिला जहां उन्होंने-ये मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी गीत गाया। इस गीत को सुनकर श्रोता भाव विभोर हो उठे। उनमें से एक ने पंकज उधास को खुश होकर 51 रुपये दिए। इस बीच पंकज उधास

# मेट गाला डेब्यू मेरे लिए सपने जैसा: कियारा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने मेट गाला डेब्यू को सपने जैसा बताया और अपने सभी प्रशंसकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। कियारा आडवाणी मेट गाला में अपनी शानदार एंट्री के बाद भी सुर्खियों में बनी हुई हैं। कियारा ने सोशल एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म लेफ्टी की टॉप की वॉयसेज लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया। कियारा का अर्न्ड मीडिया वैल्यू 15.3 मिलियन डॉलर रहा। कियारा इतिहास रचते हुए मेट गाला के रेड कार्पेट पर बेबी बंप के साथ चलने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री भी बन गईं। कियारा ने सोशल मीडिया पर एक खूबसूरत वीडियो साझा किया और एक दिल से लिखा मैसेज पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने इस खास पल को और उस प्यार को साझा किया जो उन्हें मिला। दुनिया की सबसे बड़ी फैशन नाइट पर, रिहाना, कार्ली क्लॉस और कई ग्लोबल आइकॉन्स के साथ अपना पहला कदम रखते हुए, कियारा ने इस पल को सपने जैसा बताया और सभी के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। कियारा ने लिखा, अब भी सब कुछ महसूस कर रही हूं आपके प्यार, अपनापन और जश्न के लिए दिल से आभार। मेरी मेट गाला की पहली झलक को इतना खास बनाने के लिए ध्न्यवाद। आपके मैसेजेस, चीयर और प्यार मेरे लिए सब कुछ हैं।

# केसरी चैप्टर 2 का तेलुगू में ट्रेलर आउट

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म केसरी चैप्टर 2 का तेलुगू भाषा में ट्रेलर रिलीज किया है। अक्षय कुमार की फिल्म केसरी चैप्टर 2 वकील और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सी. शंकरन नायर के जीवन पर आधरित है, जिन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड के पीछे की सच्चाई के लिए लड़ाई लड़ी थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार ने सी-शंकरण का किरदार निभाया है, जो जलियांवाला बाग हत्याकांड की सच्चाई को उजागर करने के लिए ब्रिटिश राज के खिलाफ लड़ता है। वहीं, आर माध्वन वकील नेविल मैककिनले की भूमिका में हैं जबकि अनन्या पांडे ने वकील दिलरीत गिल का किरदार निभाया है। केसरी चैप्टर 2,18 अप्रैल को हिदी में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। अब यह फिल्म तेलुगू भाषा में रिलीज होने जा रही है। अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म केसरी चैप्टर 2 का तेलुगू भाषा में ट्रेलर रिलीज किया। इस ट्रेलर को जारी करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा- लोगों ने उन पर गोलियां चलाई, लेकिन उसने डरने के बजाय सच्चाई से जवाब दिया।

SILVERLINE PRESTIGE SCHOOL
SLPS
Ghaziabad
Affiliated to CBSE
25 YEARS TRAILBLAZERS OF EXCELLENCE
"Driven by vision, defined by results"
Congratulations
to the Shining Silverliners!
Total Result 100%
Class-XII Board Result 2024-25
SCHOOL TOPPERS
GAURISHA HUMANITIES 99%
VRITEE BHARDWAJ HUMANITIES 98.0%
AKSHITA VERMA HUMANITIES 98.0%
AADI GUPTA SCIENCE (PCM) 97.75%
88.15% STUDENTS SECURED 1ST DIVISION
60.66% STUDENTS SECURED DISTINCTION (ABOVE 75% MARKS)
SAUMYA BHARDWAJ SCIENCE (PCB) 97.25%
MAYANK KUMAR COMMERCE 96.5%
SUBJECT TOPPERS
GAURISHA : 100% POLITICAL SCIENCE
VRITEE BHARDWAJ : 100% PSYCHOLOGY
AANYA AGGARWAL : 100% PSYCHOLOGY
ARIPRA BANSAL : 100% PSYCHOLOGY
AADI GUPTA : 100% ENGLISH
RIDHIMA BALIYAN : 100% ENGLISH
KAUSTUBHI VERMA : 100% ENGLISH
AARYAN NAGAR : 100% ENGLISH
RISHABH YADAV : 100% ACCOUNTANCY
KANISHKA JAYANT : 100% PAINTING
For any query Contact : Ph.: 8920279300
Senior Secondary Branch (Pre Foundation to XII) :
A-2/1, Bulandshahr Road Industrial Area, Near Diamond Flyover, Ghaziabad
Contact : 9810881043
slps@silverlineprestigeschool.com | www.silverlineprestigeschool.com

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

RADIO SD 90.8 FM
...आपके दिल की बात
2 National Awards & Golden Mikes Awarded
only Community Radio Station of India
रेडियो पर
विज्ञापन
के लिए संपर्क करे
8937095000/20
WE ARE HIRING
MARKETING EXECUTIVES
&
INTERNS FOR RADIO
Follow us on radiosd908fm
MANDI SAMITI ROAD, MUZAFFARNAGAR- 251001
CONTACT - 8937095000/20

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➤Russia
➤Georgia
➤Kazakistan
➤Kyragyzstan
➤Uzbekistan
➤Iran
➤Bangladesh
➤Nepal
➤China
➤Europe
➤Egypt
➤Armenia
➤U.K.
➤Canada
➤U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D
BHMS, BAMS
BDS, BUMS
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Since 2010
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite
Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor